# शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

सहायक सामग्री

(2020–2021)

कक्षा : बारहवीं

# अर्थशास्त्र


मार्गदर्शनः

**श्रीमती मनीषा सक्सेना**

सचिव (शिक्षा)

**श्री बिनय भूषण**

निदेशक (शिक्षा)

**डॉ. सरोज बाला सेन**

अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (स्कूल एवं परीक्षा)

*समन्वयकः*

**श्रीमती मुक्ता सोनी**
उप शिक्षा निदेशक (परीक्षा)

**डा. राजकुमार**
विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

**श्री कृष्ण कुमार**
विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

**उत्पादन मंडल**

**अनिल कुमार शर्मा**

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो में **प्रभजोत सिंह**, सचिव, दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, 25/2, पंखा रोड, संस्थानीय क्षेत्र, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा **मुद्रक :** सुप्रीम ऑफसेट प्रेस, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017

**MANISHA SAXENA**
**IAS**

सत्यमेव जयते

सचिव ( शिक्षा )
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
दूरभाष : 23890187 टेलीफैक्स : 23890119

Secretary (Education)
Government of National Capital Territory of Delhi
Old Secretariat, Delhi-110054
Phone : 23890187 Telefax : 23890119
e-mail : secyedu@nic.in

## MESSAGE

The importance of adequate practice during examinations can never be overemphasized. I am happy that support material for classes IX to XII has been developed by the Examination Branch of Directorate of Education. This material is the result of immense hard work, co-ordination and cooperation of teachers and group leaders of various schools. The purpose of the support material is to impart ample practice to the students for preparation of examinations. It will enable the students to think analytically & rationally, and test their own capabilities and level of preparation.

The material is based on latest syllabus prepared by the NCERT and adopted by the CBSE for the academic session 2020-21 and covers different levels of difficulty. I expect that Heads of Schools and Teachers will enable and motivate students to utilize this material during zero periods, extra classes and regular classes best to their advantage.

I would like to compliment the team of Examination Branch for their diligent efforts of which made it possible to accomplish this work in time. I also take this opportunity to convey my best wishes to all the students for success in their endeavours.

(Manisha Saxena)

**Sanjay Goel, IAS**

सत्यमेव जयते

**Director**
Education & Sports, Govt. of NCT of Delhi
Old Secretariat, Delhi-110054
Tel.: 23890172, Fax : 23890355
E-mail : diredu@nic.in
Website : www.edudel.nic.in

D.O. No. PS/DE/2018/343

Date : 8/8/2018

**DIRECTOR'S MESSAGE**

Dear Students,

Through this Support Material, I am getting an opportunity to communicate directly with you and I want to take full advantage of this opportunity.

In Delhi, there are approximately 1020 other government schools like yours, which are run by Directorate of Education. The Head Quarters of Directorate of Education is situated at Old Secretariat, Delhi-54.

All the teachers in your school and officers in the Directorate work day and night so that the standard of our govt. schools may be uplifted and the teachers may adopt new methods and techniques to teach in order to ensure a bright future for the students.

Dear students, the book in your hand is also one such initiative of your Directorate. This material has been prepared specially for you by the subject experts. A huge amount of money and time has been spent to prepare this material. Moreover, every year, this material is reviewed and updated as per the CBSE syllabus so that the students can be updated for the annual examination.

Last, but not the least, this is the perfect time for you to build the foundation of your future. I have full faith in you and the capabilities of your teachers. Please make the fullest and best use of this Support Material.

**DIRECTOR (EDUCATION)**

**Dr. (Mrs.) Saroj Bala Sain**
Addl. Director of Edn. (School)/Exam

सत्यमेव जयते

Govt. of NCT of Delhi
Directorate of Education
Old Secretariat, Delhi-110054
Tel.: 23890023

D.O. No. PA/Addl.DE(Sch)/80

Date : 16/07/2018

It gives me immense pleasure and a sense of satisfaction to forward the support material for classes IX to XII in all subjects. The support material is continuously revised redesigned and updated by a team of subject experts, members of Core Academic Unit and teachers from various schools of DOE.

Consistent use of support material by the students and teachers will make the year long journey seemless and enjoyable. The purpose of providing support material has always been to make available ready to use material which is matchless and most appropriate.

My commendation for all the team members for their valuable contribution.

S. Sain

**Dr. Saroj Bala Sain**
**Addl.DE (School)**

# शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## सहायक सामग्री

(2020-2021)

# अर्थशास्त्र

कक्षा : बारहवीं

(हिन्दी माध्यम)

निःशुल्क वितरण हेतु

दिल्ली पाठ्य-पुस्तक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित

# LIST OF MEMBERS WHO PREPARED SUPPORT MATERIAL FOR ECONOMICS

## CLASS XII

### GROUP LEADER

**Subedar Yadav** — GBSSS-B(AH)
Vice Principal — Block-Shalimar bagh Delhi-88

### Team Members

**Mr. Shailendra Rai** — RPVV Surajmal Vihar Delhi-92
Lect. (Eco)

**Mr. Saket Kumar** — RPVV, Sector-11, Rohini-110085
Lect. (Eco)

**Dr. Satyendra P.P. Tripathi (EM)** — GBSSS Dhakka, Delhi-110009
Lect. (Economics)

**Mrs. Saira Begam (UM)** — Mushlim Sr. Sec. School
Vice Principal — Fatehpuri, Delhi-110006

# भारत का संविधान

भाग 4क

# नागरिकों के मूल कर्तव्य

**अनुच्छेद 51क**

**मूल कर्तव्य** – भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –

1. संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करें।
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे।
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे।
4. देश की रक्षा करे।
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे।
6. हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझे और उसका निर्माण करे।
7. प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसका संवर्धन करे।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ज्ञानार्जन की भावना का विकास करे।
9. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे।
10. व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत् प्रयास करे।
11. माता–पिता या संरक्षक द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना (86वां संशोधन)।

# CONSTITUTION OF INDIA

**Part IV A (Article 51 A)**

# Fundamental Duties

**Fundamental Duties :** It shall be the duty of every citizen of India —

1. to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;
2. to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;
3. to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;
4. to defend the country and render national service when called upon to do so;
5. to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;
6. to value and preserve the rich heritage of our composite culture;
7. to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers and wild life, and to have compassion for living creatures.
8. to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;
9. to safeguard public property and to adjure violence;
10. to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement.
11. who is a parent or guardian to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

# भारत का संविधान

## उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक **(सम्पूर्ण प्रभुत्व–सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य)** बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म

और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की समता

प्राप्त करने के लिए,

तथा उन **सब में,**

व्यक्ति की गरिमा और **(राष्ट्र की एकता**

**और अखंडता)** सुनिश्चित करने वाली बंधुता

बढ़ाने के लिए

हम दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को आत्मार्पित करते हैं।

# THE CONSTITUTION OF INDIA

## PREAMBLE

WE, THE PEOPLE OF INDIA, having solemnly resolved to constitute India into a **(SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC)** and to secure to all its citizens :

**JUSTICE,** social, economic and political,

**LIBERTY** of thought, expression, belief, faith and worship,

**EQUALITY** of status and of opportunity; and to promote among them all

**FRATERNITY** assuring the dignity of the individual and the **(unity an integrity of the Nation)**;

WE DO HEREBY GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.

## ECONOMICS (Code No. 030)
## (2020-21)

**Rationale**

Economics is one of the social sciences, which has great influence on every human being. As economic life and the economy go through changes, the need to ground education in children's own experience becomes essential. While doing so, it is imperative to provide them opportunities to acquire analytical skills to observe and understand the economic realities.

At senior secondary stage, the learners are in a position to understand abstract ideas, exercise the power of thinking and to develop their own perception. It is at this stage, the learners are exposed to the rigour of the discipline of economics in a systematic way.

The economics courses are introduced in such a way that in the initial stage, the learners are introduced to the economic realities that the nation is facing today along with some basic statistical tools to understand these broader economic realities. In the later stage, the learners are introduced to economics as a theory of abstraction.

The economics courses also contain many projects and activities. These will provide opportunities for the learners to explore various economic issues both from their day-to-day life and also from issues, which are broader and invisible in nature. The academic skills that they learn in these courses would help to develop the projects and activities. The syllabus is also expected to provide opportunities to use information and communication technologies to facilitate their learning process.

**Objectives:**

- Understanding of some basic economic concepts and development of economic reasoning which the learners can apply in their day-to-day life as citizens, workers and consumers.
- Realisation of learners' role in nation building and sensitivity to the economic issues that the nation is facing today.
- Equipment with basic tools of economics and statistics to analyse economic issues. This is pertinent for even those who may not pursue this course beyond senior secondary stage.
- Development of understanding that there can be more than one view on any economic issue and necessary skills to argue logically with reasoning.

Blue Print

| Section-A Macro Economics | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Unit name | 1 mark | 3 Marks | 4 Marks | 6 Marks | Total |
| National Income | 1 (R) | 1(U) | | 1(A) | 1 () |
| Money and Banking | 1(U), 1(A) | | 1(U) | | 6 |
| Income determination | 1(R), 1U), 1(E) | 1(A), | | 1(U) | 12 |
| Government Budget | 1(U), 1(E) | | 1(R), | | 6 |
| Balance of Payment | 1(A), 1(E) | | 1(E) | | 6 |
| Section A | 10* 1=10 | 2*3=6 | 2*3=6 | 2*6=12 | 40 |
| Section-B Indian Economic Development | | | | | |
| Development Experience and Economic Reforms | 1 (R), 1(U), 1(A), 1 (E) | | 1 (R), 1(U) | | 12 |
| Current Challenges facing Indian Economy | 1 (R), 1(U), 1(A), 1 (E) | 1(U), 1(A) | | | 22 |
| Development Experience of India | 1(U), 1(E) | | (A) | | 6 |
| Section B | 10*1=10 | 2*3=6 | 3*4=12 | 2*6=12 | 40 |
| **Total** | **20*1=20** | **4*3=12** | **6*4=24** | **4*6=24** | **80** |

**Creative Answer Type Questions: Q. No. -29,32,34**

**Change in Question:**

| Marks Category | 2018-19 | 2019-20 | Changes |
|---|---|---|---|
| **1 marks** | **8** | **20** | **Increased by 12** |
| **3 marks** | **4** | **4** | **No change** |
| **4 marks** | **6** | **6** | **No change** |
| **6 marks** | **6** | **4** | **Decreased by 2** |
| **Total Questions** | **24** | **34** | |

**TERMWISE SYLLABUS**
**SESSION : 2020-21**
**CLASS-XII**
**SUBJECT : ECONOMICS**

| TERM | CONTENTS |
|---|---|
| **FIRST TERM**<br><br>**April 2019 to September 2019** | **PART A: Introductory Macroeconomics:**<br>**Unit-1: National Income and Related Aggregates:**<br>What is Macroeconomics?<br>Basic concepts in macroeconomics; consumption goods, capital goods, final goods, intermediate goods; stocks and flows; gross investment and depreciation.<br>Circular flow of income (two sector model); Methods of Calculating National Income- Value Added or Product method, Expenditure method, Income method. Aggregates related to National Income:<br>Gross National Product(GNP), Net National Product(NNP), Gross and Net Domestic Product (GDP and NDP) at market price, at factor cost, Real and Nominal GDP,<br>GDP and Welfare<br>**Unit-2: Money and Banking:**<br>Money- its meaning and supply of money-Currency held by the public and net demand deposits held by commercial banks.<br>Money creation by the commercial banking system.<br>Central Bank and its functions (example of the Reserve Bank of India): Bank of issue, Government Bank, Banker's Bank, Control of Credit through Bank Rate, CRR,. SLR, Repo Rate and Reverse Repo Rate, Open Market Operation, Margin Requirement.<br>**Unit-4: Government Budget and the Economy:**<br>Government budget-meaning, objectives and components. Classificationofreceipts- revenuereceiptsandcapitalreceipts; classification of expenditure-revenue expenditure andcapital expenditure. Measures of Government deficit- Revenue deficit, fiscal deficit, primary deficit their \| meaning.<br>**Unit-5: Balance of Payments:**<br>Balance of payments account-meaning and components; balance of payments deficit meaning. Foreign exchange rate-meaning of fixed and flexible rates and managed floating. Determination of exchange rate in a free market.<br>**PART B: INDIAN ECONOMIC DEVELOPMENT**<br>**Unit-6: Development Experience(1947-1950) and Economic Reforms since 1991:**<br>A brief introduction of the state of Indian economy on the eve of independence. Common goals of Five Year Plans.<br>Main features, problems and policies of agriculture (institutional aspects and new agricultural strategy, etc), industry (industrial licensing, etc) and foreign trade. |

| | |
|---|---|
| | **Economic Reforms since 1991:**<br>Features and appraisals of liberalization, globalization and privatization (LPG policy); Concepts of demonetization and GST.<br><br>Unit-7: Current challenges facing Indian Economy;<br>Poverty: absolute and relative ; Main programmes for poverty alleviation: A critical assessment;<br>Rural Development: Key issues-credit and marketing-role of cooperatives; agricultural diversification; alternative farming-organic farming.<br>Human Capital Formation: How people become resource; Role of human capital in economic development; Growth of Education Sector in India. |
| **Second Term October 2019 to November 2019** | **AUTUMN BREAK**<br>**Unit-3: Determination of Income and Employment:**<br>Aggregate demand and its components.<br>Propensity to consume and propensity to save (average and marginal). Short-run equilibrium output; investment multiplier and its mechanism. Meaning of full employment and involuntary unemployment.<br>Problems of excess demand and deficient demand; measure to correct them-changes in Government spending, taxes and money supply. |
| | **Unit-7: Current challenges facing Indian Economy;**<br><br>Employment: Formal and informal growth; problems and policies. Infrastructure: Meaning and Types; Case Studies: Energy and Health: Problems and Policies- A critical assessment:<br>Sustainable Economic Development: Meaning, Effects of Economic Development on Resources and Environment, including global warming. |
| | **Unit-8: Development Experience of India:**<br>A comparison with neighbours India and<br>Pakistan,<br>India and China<br>Issues: growth, population, sectoral development and other Human Development Indicators.<br>Discussion on Project Work |
| **December 2019** | RevisionofMacroeconomicsand Indian Economic Development. Revision from Support Material<br>**PRE-BOARD EXAMS** |
| **January 2020** | Submission of Project Work<br>Discussion of Pre-Board Question Papers and their model solution. Practice from latest CBSE sample papers. |
| **February 2020** | Practice of exam-oriented questions frequently asked in board exams. Practice from latest sample papers. |
| **March 2020** | **Board Exams 2019-20** |

## ECONOMICS CLASS - XII (2020-21)

**Theory : 80 Marks** **3 Hours**

Project : 20 Marks

| Units | | Marks | Periods |
|---|---|---|---|
| **Part A** | **Introductory Macroeconomics** | | |
| | National Income and Related Aggregates | 10 | 28 |
| | Money and Banking | 6 | 15 |
| | Determination of Income and Employment | 12 | 27 |
| | Government Budget and the Economy | 6 | 15 |
| | Balance of Payments | 6 | 15 |
| | | **40** | **100** |
| | | | |
| **Part B** | **Indian Economic Development** | | |
| | Development Experience (1947-90) and Economic Reforms since 1991 | 12 | 28 |
| | Current Challenges facing Indian Economy | 22 | 60 |
| | Development Experience of India ~~06~~ A Comparison with Neighbours | 06 | 12 |
| | Theory Paper (40+40 = 80 Marks) | 40 | 100 |
| | | | |
| **Part C** | **Project Work** | **20** | **20** |

**Suggested Question Paper**
**Design Economics**
**(Code No. 030)**
**Class XII (2020-21)**

**March 2020 Examination**

**Marks : 80** **Duration : 3 hrs**

| SN | Typology of Questions | Objective Type/ MCQ 1 Marks | Short Answer I 3 Marks | Short Answer II 4 Marks | Long Answer 6 Marks | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Remembering: Exhibit memory of previously learned material by recalling facts, terms, basic concepts, and answers. | 5 | 1 | 2 | 1 | 22 |
| 2 | Understanding: Demonstrate understanding of facts and ideas by organizing, comparing, translating, interpreting, giving descriptions, and stating main ideas | 5 | 1 | 2 | 1 | 22 |
| 3 | Applying: Solve problems to new situations by applying acquired knowledge, facts, techniques and rules in a different way. | 5 | 1 | 1 | 1 | 18 |
| 4 | Analysing and Evaluating: Examine and break information into parts by identifying motives or causes. Make inferences and find evidence to support generalizations.<br><br>Present and defend opinions by making judgments about information, validity of ideas, or quality of work based on a set of criteria.<br><br>Creating: Compile information together in a different way by combining elements in a new pattern or proposing alternative solutions. | 5 | 1 | 1 | 1 | 18 |
| | **Total** | **20x1=20** | **4x3=12** | **6x4=24** | **4x6=24** | **80 (34)** |

**There will be Internal Choices in questions of 1 mark, 3 marks, 4 marks and 6 marks in both section (A & B). In all, total 8 internal choices.**

**Guidelines for Project Work in Economics (Class XII)**

The objectives of the project work are to enable learners to:

- Probe deeper into theoretical concepts learnt in class XII
- Analyse and evaluate real world economic scenarios using theoretical constructs and arguments
- demonstrate the learning of economic theory
- follow up aspects of economics in which learners have interest
- develop the communication skills to argue logically

**The expectations of the project work are that:**

- learners will complete only ONE project in each academic session
- Project should be of 3,500-4,000 words (excluding diagrams & graphs),
- preferably hand-written
- It will be an independent, self-directed piece of study

**Role of the teacher:**

The teacher plays a critical role in developing thinking skills of the learners. A teacher should:

- help each learner select the topic based on recently published extracts from
- the news media, government policies, RBI bulletin, NITI Aayog reports, IMF/W orld Bank reports
- etc., after detailed discussions and deliberations of the topic
- play the role of a facilitator and supervisor to monitor the project work of the learner through periodic discussions
- guide the research work in terms of sources for the relevant data
- educate learner about plagiarism and the importance of quoting the source of the
- information to ensure authenticity of research work
- prepare the learner for the presentation of the project work
- arrange a presentation of the project file

**Scope of the project:**

- Learners may work upon the following lines as a suggested flow chart:
- Choose a title/topic
- Collection of the research material/data
- Organization of material/data
- Present material/data
- Analysing the material/data for conclusion
- Draw the relevant conclusion
- Presentation of the Project Work

**Expected Checklist:**

- Introduction of topic/title
- Identifying the causes, consequences and/or remedies
- Various stakeholders and effect on each of them
- Advantages and disadvantages of situations or issues identified

- Short-term and long-term implications of economic strategies suggested in the course of research
- Validity, reliability, appropriateness and relevance of data used for research work and for presentation in the project file
- Presentation and writing that is succinct and coherent in project file
- Citation of the materials referred to, in the file in footnotes, resources section, bibliography etc.

**Mode of presentation/submission of the Project:**

At the end of the stipulated term, each learner will present the research work in the Project File to the External and Internal examiner. The questions should be asked from the Research Work/ Project File of the learner. The Internal Examiner should ensure that the study submitted by the learner is his/her own original work. In case of any doubt, authenticity should be checked and verified.

**Marking Scheme:**

Marks are suggested to be given as —

| S.No. | Heading | Marks Allotted |
|---|---|---|
| 1 | Relative of the topic | 3 |
| 2 | Knowledge Content/Research Work | 6 |
| 3 | Presentation Technique | 3 |
| 4 | Viva-voce | 8 |
| | **Total** | **20** |

**Suggestive List pf Projects : Class XII**

- Micro and Small Scale Industries
- Food Supply Channel in India
- Contemporary Employment situation in India
- Disinvestment policy of the government
- Goods and Services Tax Act and its Impact on GDP
- Health Expenditure (of any state)
- Human Development Index
- Inclusive Growth Strategy
- Self-help group
- Trends in Credit availability in India
- monetary policy committee and its functions
- Role of RBI in Control of Credit
- Government Budget & its Components
- Trends in budgetary condition of India
- Exchange Rate determination — Methods and Techniques
- Currency War — reasons and repercussions
- Livestock — Backbone of Rural India

- Alternate fuel — types and importance
- Sarva Siksha Abhiyan — Cost Ratio Benefits
- Golden Quadrilateral- Cost ratio benefit
- Minimum Support Prices
- Relation between Stock Price Index and Economic Health of Nation
- Waste Management in India — Need of the hour
- Minimum Wage Rate — approach and Application
- Digital India- Step towards the future
- Rain Water Harvesting — a solution to water crises
- Vertical Farming — an alternate way
- Silk Route- Revival of the past
- Make in India — The way ahead
- Bumper Production- Boon or Bane for the farmer
- Rise of Concrete Jungle- Trend Analysis
- Organic Farming — Back to the Nature
- Any other newspaper article and its evaluation on basis of economic principles
- Any other topic

# विषय सूची


| क्र.सं. | विवरण | पृ.सं. |
|---|---|---|
| **( खंड-अ ) समष्टि अर्थशास्त्र** | | |
| 1. | राष्ट्रीय आय एवं सम्बद्ध समाहार | 3 |
| 2. | मुद्रा और बैंकिंग | 33 |
| 3. | आय और रोजगार का निर्धारण | 40 |
| 4. | सरकारी बजट तथा अर्थव्यवस्था | 61 |
| 5. | भुगतान शेष | 70 |
| **( खंड-ब ) भारत का आर्थिक विकास** | | |
| 1. | स्वंतत्रता के समय भारत की अर्थव्यवस्था | 82 |
| 2. | भारतीय अर्थव्यवस्था (1950-1990) (योजना युग) | 95 |
| 3. | आर्थिक सुधारों का दौर (1991-अब तक) | 113 |
| 4. | निर्धनता | 126 |
| 5. | ग्रामीण विकास | 137 |
| 6. | रोजगार | 143 |
| 7. | आधारिक संरचना | 148 |
| 8. | सतत आर्थिक विकास | 160 |
| 9. | पड़ोसी देशों के विकास की तुलना | 169 |
| **परिशिष्ट** | | |
| 1. | अभ्यास-प्रश्न पत्र-I | 179 |
| 2. | अभ्यास-प्रश्न पत्र-II | 182 |

# खंड–अ

# समष्टि अर्थशास्त्र

अध्याय–1

# राष्ट्रीय आय एवं सम्बद्ध समाहार

## स्मरणीय बिन्दु

- **उपभोक्ता वस्तुएँ :** वे अंतिम वस्तुएँ और सेवायें जो प्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ता की मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं। उपभोक्ता द्वारा क्रय की गई वस्तुएँ और सेवाएँ उपभोक्ता वस्तुएँ हैं।

- **पूँजीगत वस्तुएँ :** ये ऐसी अंतिम वस्तुएँ हैं जो उत्पादन में सहायक होती हैं तथा आय सृजन के लिए प्रयोग की जाती हैं। ये उत्पादक की पूँजीगत परिसंपत्ति में वृद्धि करती हैं।

- **अंतिम वस्तुएँ :** वे वस्तुएँ जो उपभोग व निवेश के लिए उपलब्ध होती हैं ये पुनर्विक्रय या मूल्यवर्द्धन के लिए नहीं होती। उपभोक्ता द्वारा उपयोग की गई सभी वस्तुएँ व सेवाएँ अंतिम वस्तुएँ होती हैं।

- **मध्यवर्ती वस्तुएँ :** ये ऐसी वस्तुएँ और सेवायें हैं, जिनकी एक ही वर्ष में पुनः बिक्री की जा सकती हैं या अंतिम वस्तुओं के उत्पादन में कच्चे माल के रूप में प्रयोग की जाती हैं या जिनका रूपांतरण संभव है। ये प्रत्यक्ष रूप से मानव आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं करती। उत्पादक द्वारा प्रयोग की गई सेवाएँ जैसे वकील की सेवाएँ; कच्चे माल उपयोग।

- **निवेश :** एक निश्चित समय में पूंजीगत वस्तुओं के स्टॉक में वृद्धि निवेश कहलाता है। इसे पूंजी निर्माण या विनियोग भी कहते हैं।

- **मूल्यह्रास :** सामान्य टूट-फूट या अप्रचलन के कारण अचल परिसंपत्तियों के मूल्य में गिरावट को मूल्यह्रास या अचल पूंजी का उपभोग कहते हैं। मूल्यह्रास, स्थायी पूंजी के मूल्य को उसकी अनुमानित आयु (वर्षों में) से भाग करके ज्ञात किया जाता है।

- **सकल निवेश :** एक निश्चित समयावधि में पूँजीगत वस्तुओं के स्टॉक में कुल वृद्धि सकल निवेश कहलाती है। इसमें मूल्यह्रास शामिल होता है।
- **निवल निवेश :** एक अर्थव्यवस्था में एक निश्चित समयावधि में पूंजीगत वस्तुओं के स्टॉक में शुद्ध वृद्धि निवल निवेश कहलाता है। इसमें मूल्यह्रास शामिल नहीं होता है।

  निवल निवेश = सकल निवेश – घिसावट (मूल्य ह्रास)

- **आय के चक्रीय प्रवाह :** अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं एवं साधन सेवाओं तथा मौद्रिक आय के सतत् प्रवाह को आय का चक्रीय प्रवाह कहते हैं। इसकी प्रकृति चक्रीय होती है क्योंकि न तो इसका कोई आरम्भिक बिन्दु है और न ही कोई अन्तिम बिन्दु। वास्तविक प्रवाह उत्पादित सेवाओं तथा वस्तुओं और साधन सेवाओं का प्रवाह दर्शाता है। मौद्रिक प्रवाह उपभोग व्यय और साधन भुगतान के प्रवाह को दर्शाता है।
- **स्टॉक :** स्टॉक एक ऐसी मात्रा (चर) है जो किसी निश्चित समय बिन्दु पर मापी जाती है; जैसे राष्ट्रीय धन एवं सम्पत्ति, मुद्रा की आपूर्ति आदि।
- **प्रवाह :** प्रवाह एक ऐसी मात्रा(चर) है जिसे समय अवधि में मापा जाता है; जैसे राष्ट्रीय आय; निवेश आदि।
- **आर्थिक सीमा :** यह सरकार द्वारा प्रशासित व भौगोलिक सीमा है जिसमें व्यक्ति, वस्तु व पूँजी का स्वतंत्र प्रवाह होता है।
- **आर्थिक सीमा क्षेत्र :**

  1. राजनैतिक, समुद्री व हवाई सीमा।
  2. विदेशों में स्थित दूतावास, वाणिज्य दूतावास, सैनिक प्रतिष्ठान, राजनयिक भवन आदि।
  3. जहाज तथा वायुयान जो दो देशों के बीच आपसी सहमति से चलाए जाते हैं।
  4. मछली पकड़ने की नौकाएँ, तेल व गैस निकालने वाले यान तथा तैरने वाले प्लेटफार्म जो देशवासियों द्वारा चलाए जाते हैं।

- **सामान्य निवासी :** किसी देश का सामान्य निवासी उस व्यक्ति अथवा संस्था को माना जाता है जिसके आर्थिक हित उसी देश की आर्थिक सीमा में केन्द्रित हों जिसमें वह सामान्यत: एक वर्ष से रहता है।

- **उत्पादन का मूल्य :** एक उत्पादन इकाई द्वारा एक लेखा वर्ष में उत्पादित सभी वस्तुओं व सेवाओं का बाजार मूल्य उत्पादन का मूल्य कहलाता है।

  उत्पादन का मूल्य = बेची गई इकाई × बाजार कीमत + स्टॉक में परिवर्तन।

- **साधन आय :** उत्पादन के साधनों (श्रम, भूमि, पूँजी तथा उद्यम) द्वारा उत्पादन प्रक्रिया में प्रदान की गई सेवाओं से प्राप्त आय, साधन आय कहलाती है। जैसे, वेतन व मजदूरी, किराया, ब्याज आदि।

- **हस्तांतरण भुगतान :** यह एक पक्षीय भुगतान होते हैं जिनके बदले में कुछ नहीं मिलता है। बिना किसी उत्पादन सेवा के प्राप्त आय। जैसे वृद्धावस्था पेंशन, कर, छात्रवृत्ति आदि।

- **पूँजीगत लाभ :** पूँजीगत सम्पत्तियों तथा वित्तीय सम्पत्तियों के मूल्य में वृद्धि, जो समय बीतने के साथ होती है, यह क्रय मूल्य से अधिक मूल्य होता है। यह सम्पत्ति की बिक्री के समय प्राप्त होता है।

- **कर्मचारियों का पारिश्रमिक :** श्रम साधन द्वारा उत्पादन प्रक्रिया में प्रदान की गई साधन सेवाओं के लिए किया गया भुगतान (नगर व वस्तु) कर्मचारियों का पारिश्रमिक कहलाता है। इसमें वेतन, मजदूरी, बोनस, नियोजकों द्वारा सामाजिक सुरक्षा में योगदान शामिल होता है।

- **परिचालन अधिशेष :** उत्पादन प्रक्रिया में श्रम को कर्मचारियों का पारिश्रमिक का भुगतान करने के पश्चात् जो राशि बचती है। यह किराया, ब्याज व लाभ का योग होता है।

## घरेलू समाहार

- **बाज़ार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{MP}$) :** एक वर्ष की अवधि में अर्थव्यवस्था के घरेलू सीमा के अन्तर्गत उत्पादित समस्त अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के बाजार मूल्यों के योग को बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद कहते हैं।

- **बाजार कीमत पर निवल देशीय उत्पाद ($NDP_{MP}$) :**

  $NDP_{MP} = GDP_{MP}$ – मूल्यह्रास

- **साधन लागत पर निवल देशीय आय ($NDP_{FC}$) :** एक अर्थव्यवस्था की घरेलू सीमा में एक लेखा वर्ष में उत्पादन कारकों की आय का योग, जो कारकों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के बदले प्राप्त होती है को देशीय आय कहते हैं।

$NDP_{FC} = GDP_{MP}$ – मूल्यह्रास – निवल अप्रत्यक्ष कर।

## राष्ट्रीय समाहार

- **बाजार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद ($GNP_{MP}$) :** एक देश के सामान्य निवासियों द्वारा एक वर्ष में देश की घरेलू सीमा व विदेशों में उत्पादित अंतिम वस्तुओं व सेवाओं के बाजार मूल्यों के योग को $GNP_{MP}$ कहते हैं।

  बाजार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद ($NNP_{MP}$):

  $NNP_{MP} = GNP_{MP}$ – मूल्यह्रास

- **राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) :** एक देश के सामान्य निवासियों द्वारा एक लेखा वर्ष में देश की घरेलू सीमा व शेष विश्व से अर्जित साधन आय का योग राष्ट्रीय आय कहलाती है।

  $NNP_{FC} = NDP_{FC} + NFIA$ = राष्ट्रीय आय

- **क्षरण :** आय के चक्रीय प्रवाह से निकाली गई राशि (मुद्रा के रूप में) की क्षरण कहते हैं; जैसे कर, बचत तथा आयात को क्षरण कहते हैं।

- **भरण :** आय के चक्रीय प्रवाह में डाली गई राशि (मुद्रा की मात्रा) को भरण कहते हैं; जैसे निवेश, सरकारी व्यय, निर्यात।

- **वर्धित मूल्य (मूल्यवृद्धि) :** किसी उत्पादन इकाई द्वारा निश्चित समय में किए गए उत्पादन के मूल्य तथा प्रयुक्त मध्यवर्ती उपभोग के मूल्य का अंतर वर्धित मूल्य कहलाता है।

- **दोहरी गणना की समस्या :** राष्ट्रीय आय आंकलन में जब किसी वस्तु के मूल्य की एक से अधिक बार गणना की जाती है उसे दोहरी गणना कहते हैं। इससे राष्ट्रीय आय अधिमूल्यांकन दर्शाता है। इसलिए इसे दोहरी गणना की समस्या कहते हैं।

## कुछ महत्वपूर्ण समीकरण

- सकल = निवल (शुद्ध) + मूल्यह्रास (स्थायी पूँजी का उपभोग)
- राष्ट्रीय = घरेलू + विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय।
- बाजार कीमत = साधन लागत + निवल अप्रत्यक्ष कर (NIT)
- निवल अप्रत्यक्ष कर (NIT) = अप्रत्यक्ष कर – सहायिकी (आर्थिक सहायता)
- विदेशों से शुद्ध साधन आय (कारक) = विदेशों से साधन आय – विदेशों को साधन आय

# राष्ट्रीय आय अनुमानित (मापने) करने की विधियाँ

## आय विधि

### प्रथम चरण

साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद/निवल घरेलू साधन आय ($NDP_{FC}$) = कर्मचारियों का पारिश्रमिक + प्रचालन अधिशेष + स्वयं नियोजितों की मिश्रित आय।

### द्वितीय चरण

साधन लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद / राष्ट्रीय आय = साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद + विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय।

$$NNP_{FC} = NDP_{FC} + NFIA$$

## उत्पाद विधि अथवा मूल्य वर्द्धित विधि

### प्रथम चरण

बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद = प्राथमिक क्षेत्र द्वारा सकल वर्धित मूल्य + द्वितीयक क्षेत्र द्वारा सकल वर्धित मूल्य + तृतीयक क्षेत्र द्वारा सकल वर्धित मूल्य।

**या**

बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{MP}$) = बिक्री + स्टॉक में परितर्वन – मध्यवर्ती उपभोग।

**द्वितीय चरण**

बाजार कीमत पर निवल घरेलू उत्पाद $NDP_{MP}$ = बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद $GDP_{MP}$ – मूल्यह्रास।

**तृतीय चरण**

साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद ($NDP_{FC}$) = बाजार कीमत पर निवल घरेलू उत्पाद ($NDP_{MP}$) – शुद्ध अप्रत्यक्ष कर (NIT)

**चतुर्थ चरण**

साधन लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद / राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) = साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद ($NDP_{FC}$) + विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय (NFIA)

## व्यय विधि

**प्रथम चरण**

बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद = निजी अंतिम उपयोग व्यय + सरकारी अंतिम उपयोग व्यय + सकल घरेलू पूँजी निर्माण + शुद्ध/निवल निर्यात्

$$GDP_{MP} = C + G + I + (X – M)$$

**द्वितीय चरण**

बाजार कीमत पर निवल घरेलू उत्पाद ($NDP_{MP}$) = बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{MP}$) – मूल्यह्रास।

**तृतीय चरण**

साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद ($NDP_{FC}$) = बाजार कीमत पर निवल घरेलू उत्पाद ($NDP_{MP}$) – शुद्ध अप्रत्यक्ष कर (NIT)

**चतुर्थ चरण**

साधन लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद/राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) = साधन लागत पर निवल घरेलू उत्पाद ($NDP_{FC}$) + विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय (NFIA)

- **विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय (NFIA) :** देश के सामान्य निवासियों द्वारा विदेशों को प्रदान की गई साधन सेवाओं से प्राप्त आय तथा विदेशों को दी गई साधन आय के बीच के अंतर को विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय कहते हैं। इसके निम्न घटक होते हैं-

  1. कर्मचारियों का निवल पारिश्रमिक
  2. सम्पत्ति तथा उद्यमवृत्ति से निवल आय तथा
  3. विदेशों से निवासी कम्पनियों की शुद्ध प्रतिधारित आय।

- **चालू हस्तांतरण :** वह गैर-अर्जित आय जो देने वाले (Doner) के चालू आय में से निकलता है और प्राप्त करने वाले (Recipient) के चालू आय में जोड़ा जाता है, उसे चालू हस्तांतरण आय कहते हैं।

- **पूँजीगत हस्तांतरण :** वह गैर-अर्जित आय जो देने वाले के धन तथा पूँजी से निकलता है तथा प्राप्त करने वाले के धन तथा पूँजी में शामिल होता है, उसे पूंजीगत हस्तांतरण कहते हैं।

**आय विधि के अनुसार निवल घरेलू उत्पाद के घटकों का संक्षिप्तसार**



**व्यय विधि के अनुसार बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद के घटकों का संक्षिप्तसार**

- निजी अंतिम उपयोग व्यय
- सरकारी अंतिम उपभोग व्यय
- सकल घरेलू पूँजी निर्माण
  - सकल सार्वजनिक निवेश
  - सकल आवासीय निर्माण निवेश
  - सकल व्यावसायिक निवेश
  - इनवेन्ट्री निवेश
- शुद्ध निर्यात

**उत्पाद विधि के अनुसार बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद के घटको का संक्षिप्त सार**

**उत्पादन का मूल्य**

- बिक्री + स्टॉक में परिवर्तन
- अथवा
- बाजार कीमत × बेची गई मात्रा + स्टॉक में परिवर्तन

**टिप्पणीः** स्टॉक में परिवर्तन = अंतिम स्टॉक – प्रारम्भिक स्टॉक

## सावधानियांः–

### 1. मूल्यवर्द्धित विधिः–

(i) दोहरी गणना का त्याग।

(ii) वस्तुओं के पुनः विक्रय को सम्मिलित नहीं करते।

(ii) स्वउपयोग के लिए उत्पादित वस्तु को सम्मिलित किया जाता है।

### 2. आय विधिः–

(i) हस्तांतरण आय को सम्मिलित नहीं करते है

(ii) पूजीगत लाभ को सम्मिलित नहीं करते।

(iii) स्वउपयोग उत्पादित वस्तु से उत्पन्न आय को सम्मिलित करते हैं।

(iv) उत्पाद कर्त्ता द्वारा प्रस्तु मुफ्त सेवाओं को सम्मिलित करते हैं।

3. <u>व्यय विधिः–</u>

(i) मध्यवर्ती व्यय को सम्मिलित नहीं

(ii) पूनः विक्रय वस्तुओं पर रूपको सम्मिलित नहीं करते।

(iii) वित्तिय परिसम्पतियों पर व्यय सम्मिलित नहीं करते।

(iv) हस्तांत्तरण भुगतान का त्याग

**<u>GDP का स्वरूप दो प्रकार का होता है।</u>**

1. **वास्तविक GDP :** एक अर्थव्यवस्था की घरेलू सीमा के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि में उत्पादित सभी अंतिम वस्तओं एवं सेवाओं का, यदि मूल्यांकन आधार वर्ष की कीमतों (स्थिर कीमतों) पर किया जाता है तो उसे वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद कहते हैं। इसे स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद भी कहते हैं। यह केवल उत्पादन मात्रा में परिवर्तन के कारण परिवर्तित होता हैं इसे आर्थिक विकास का एक सूचक माना जाता है।

2. **मौद्रिक GDP :** एक अर्थव्यवस्था की घरेलू सीमा के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं का, यदि मूल्यांकन चालू वर्ष की कीमतों (चालू कीमतों) पर किया जाता है तो उसे मौद्रिक GDP कहते हैं। इसे चालू कीमतों पर GDP भी कहते हैं। यह उत्पादन मात्रा तथा कीमत स्तर दोनों में परिवर्तन से प्रभावित होता है। इसे आर्थिक विकास का एक सूचक नहीं माना जाता है।

**<u>मौद्रिक GDP का वास्तविक GDP में रूपांतरण:</u>**

$$\text{वास्तविक GDP} = \frac{\text{मौद्रिक GDP}}{\text{कीमत सूचकांक}} \times 100$$

चूँकि कीमत सूचकांक चालू कीमत अनुमानों को घटाकर स्थिर कीमत अनुमान के रूप में लाने हेतु एक अपस्फायक की भूमिका अदा करता है। इसलिए इसे **सकल घरेलू उत्पाद अपस्फायक कहा जाता है।**

- **सकल घरेलू उत्पाद एवं कल्याण :** सामान्यतः सकल घरेलू उत्पाद एवं कल्याण में प्रत्यक्ष संबंध होता है। उच्चतर GDP का अर्थ है वस्तुओं एवं सेवाओं के अधिक उत्पादन का होना। इसका तात्पर्य है कि वस्तुओं एवं सेवाओं की अधिक उपलब्धता। परन्तु इसका अर्थ यह निकालना कि लोगों का कल्याण पहले से अच्छा है, आवश्यक नहीं है। दूसरे शब्दों में, उच्चतर GDP का तात्पर्य लोगों के कल्याण में वृद्धि का होना, आवश्यक नहीं है।

- **कल्याण :** इसका तात्पर्य लोगों के भौतिक सुख-सुविधाओं से है। यह अनेक आर्थिक एवं गैर-आर्थिक कारकों पर निर्भर करता है। आर्थिक कारक जैसे राष्ट्रीय आय, उपभोग का स्तर आदि और गैर-आर्थिक कारक जैसे पर्यावरण प्रदूषण, कानून व्यवस्था, सामाजिक अशांति आदि। वह कल्याण जो आर्थिक कारकों पर निर्भर करता है उसे आर्थिक कल्याण तथा जो गैर-आर्थिक कारकों पर निर्भर करता है उसे गैर आर्थिक कल्याण कहा जाता है। दोनों के योग को सामाजिक कल्याण कहा जाता है।

  **निष्कर्ष :** दोनों में अर्थात् GDP एवं कल्याण में प्रत्यक्ष सम्बन्ध है परन्तु यह संबंध निम्नलिखित कारणों से अपूर्ण एवं अधूरा है। GDP को आर्थिक कल्याण के सूचक के रूप में सीमाएँ निम्न हैं-

  1. **बाह्यताएँ :** इससे तात्पर्य व्यक्ति या फर्म द्वारा की गई उन क्रियाओं से है जिनका बुरा (या अच्छा) प्रभाव दूसरों पर पड़ता है लेकिन इसके लिए उन्हें दण्डित (लाभान्वित) नहीं किया जाता। उदाहरण - कारखानों का धुँआ (नकारात्मक बाह्यताएँ) तथा फ्लाईओवर का निर्माण (सकारात्मक बाह्यताएँ)।

  2. **GDP की संरचना :** यदि GDP में वृद्धि, युद्ध सामग्री के उत्पादन में वृद्धि के कारण हैं तो GDP में वृद्धि से कल्याण में वृद्धि नहीं होगी।

  3. **GDP का वितरण :** GDP में वृद्धि से कल्याण में वृद्धि नहीं होगी यदि आय का असमान वितरण है, अमीर अधिक अमीर हो जाएंगे तथा गरीब अधिक गरीब हो जाएंगे।

  4. **गैर-माद्रिक लेन-देन :** GDP में कल्याण को बढ़ाने वाले गैर मौद्रिक लेन-देन को शामिल नहीं किया जाता है।

## परीक्षोपमोगी प्रश्नावली

### अति लघु उत्तर वाले प्रश्न ( 1 अंक )

**प्र. 1.** **चक्रीय प्रवाह के दो प्रकार कौन से हैं?**

**उत्तर.** चक्रीय प्रवाह के दो प्रकार हैं : (i) वास्तविक प्रवाह (ii) मौद्रिक प्रवाह

**प्र. 2.** **स्टॉक चर क्या है?**

**उत्तर.** स्टॉक चरों से अभिप्राय उन चरों से होता है जिन्हें एक निश्चित समय बिन्दु पर मापा जाता है।

**प्र. 3.** **उपभोग वस्तुओं को परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर.** उपभोग वस्तुओं से अभिप्राय उन वस्तुओं से है जो उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को प्रत्यक्ष रूप से संतुष्ट करती है।

**प्र. 4.** **चालू हस्तांतरण को परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर.** चालू हस्तांतरण से अभिप्राय उस हस्तांतरण से है जो अदाकर्ता की चालू आय में से किये जाते हैं और प्राप्तकर्त्ता की चालू आय में जोड़े जाते हैं।

**प्र. 5.** **पूँजी निर्माण को परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर.** पूँजी निर्माण से अभिप्राय एक अर्थव्यवस्था के पूँजीगत स्टॉक में वृद्धि से होता है।

**प्र. 6.** **मिश्रित आय किसे कहते है?**

**उत्तर.** मिश्रित आय से अभिप्राय स्व-लेखा श्रमिकों और अनिगमित उद्यमों द्वारा सृजित आय से होता है।

**प्र. 7.** **निर्यात को घरेलू आय में क्यों जोड़ा जाता है?**

**उत्तर.** निर्यात को देश की घरेलू सीमा के अंदर उत्पादित किया जाता है इसलिए यह घरेलू आय में जोड़ा जाता हैं

**प्र. 8.** **वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद क्या है?**

**उत्तर.** जब एक दिए गए वर्ष की सकल घरेलू उत्पाद की गणना आधार वर्ष की कीमत के आधार पर की जाती है तब इसे वास्तविक GDP कहते हैं।

**प्र. 9.** **कब उप्पादन का मूल्य, मूल्य वृद्धि के बराबर होता है?**

**उत्तर.** उत्पादन का मूल्य, मूल्य वृद्धि के बराबर जब होता है, तब मध्यवर्ती लागतें शून्य होती हैं।

**प्र. 10. कब उप्पादन का मूल्य, मूल्य वृद्धि के बराबर होता है?**

**उत्तर.** राष्ट्रीय आय से अभिप्राय देश के देश के सामान्य निवासियों द्वारा प्राप्त साधन आय के जोड़ के मूल्य से है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न
## 3-4 अंक वाले प्रश्न

**प्र. 1. कारक (साधन) लागत पर सकल मूल्य वृद्धि ज्ञात कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | उत्पादन इकाइयों की बिक्री (इकाई) | 1000 |
| (ii) | कीमत प्रति उत्पादन इकाई (रु.) | 30 |
| (iii) | मूल्यह्रास (रु.) | 1000 |
| (iv) | मध्यवर्ती लागत (रु.) | 12000 |
| (v) | अन्तिम स्टॉक (रु.) | 3000 |
| (vi) | आरम्भिक स्टॉक (रु.) | 2000 |
| (vii) | उत्पादन शुल्क (रु.) | 2500 |
| (viii) | बिक्री कर (रु.) | 3500 |

**उत्तर.** कारक लागत पर सकल मूल्य वृद्धि =

$GVA_{FC}$ (i × ii) + (v – vi) – (iv) – (vii + viii)

= (1000 × 30) + [3000 – 2000] – 12000 – [2500 + 3500]

= रु. 13000

**प्र. 2. कारक लागत पर निवल मूल्य वृद्धि ज्ञात कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | अचल पूँजी का उपभोग (रु.) | 600 |
| (ii) | आयात शुल्क (रु.) | 400 |

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | उत्पादन बिक्री (इकाई) | 2000 |
| (iv) | कीमत प्रति उत्पादन इकाई (रु.) | 10 |
| (v) | स्टॉक में शुद्ध वृद्धि (रु.) | (–)50 |
| (vi) | मध्यवर्ती लागत (रु.) | 10000 |
| (vii) | आर्थिक सहायता (रु.) | 50 |

**उत्तर.** कारक लागत पर निवल मूल्य वृद्धि $NVA_{FC}$ = (iii × iv) + v – vi – ii + vii – i

= (2000 × 10) + (–50) – 10000 – 400 + 500 – 600

= रु. 9450.

**प्र. 3. <u>बाजार कीमत पर निवल मूल्य वृद्धि ज्ञात कीजिए।</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | उत्पादन की बिक्री (इकाई) | 800 |
| (ii) | उत्पादन की प्रति इकाई कीमत (रु.) | 20 |
| (iii) | उत्पादन शुल्क (रु.) | 1600 |
| (iv) | आयात शुल्क (रु.) | 400 |
| (v) | स्टॉक में शुद्ध वृद्धि (रु.) | (–)500 |
| (vi) | मूल्यह्रास (रु.) | 1000 |
| (vii) | मध्यवर्ती लागत (Rs.) | 8000 |

**उत्तर.** बाजार मूल्य पर निवल मूल्य वृद्धि ($NVA_{MP}$)

= (i × ii) + v – vii – vi

= (800 × 20) + (–500) – 8000 – 1000 = Rs. 6500.

**प्र. 4. <u>यदि वास्तविक आय रु 200 करोड़ है और कीमत सूचकांक 135 हो तो मौद्रिक आय का परिकलन कीजिए।</u>**

**उत्तर.** $\text{वास्तविक आय} = \dfrac{\text{मौद्रिक आय}}{\text{कीमत सूचकांक}} \times 100$

$$\text{मौद्रिक आय} = \frac{\text{वास्तवित आय} \times \text{कीमत सूचकांक}}{100}$$

$$\text{मौद्रिक आय} = \frac{200 \times 135}{100}$$

= 270 करोड़ रु.

**प्र. 5. यदि मौद्रित आय रु 375 करोड़ हो और कीमत सूचकांक 125 हो तो वास्तविक आय का परिकलन कीजिए।**

**उत्तर.** $$\text{वास्तविक आय} = \frac{\text{मौद्रिक आय}}{\text{कीमत सूचकांक}} \times 100$$

$$= \frac{375 \times 100}{125}$$

वास्तविक आय = 300 करोड़ रु.

**प्र. 6. यदि वास्तविक सकल देशीय उत्पाद रु 200 हो और मौद्रिक सकल देशीय उत्पाद रु 210 हो तो कीमत सूचकांक (आधार=100) का परिकलन कीजिए।**

**उत्तर.** $$\text{कीमत सूचकांक} = \frac{\text{मौद्रिक सकल देशीय उत्पाद}}{\text{वास्तविक सकल देशीय उत्पाद}} \times 100$$

$$= \frac{210}{200} \times 100$$

= 105

**प्र. 7. कारण बताते हुए निम्नलिखिक को मध्यवर्ती उत्पाद व अन्तिम उत्पाद में वर्गीकृत कीजिए।**

(i) स्कूल द्वारा खरीदा गया फर्नीचर

(ii) स्कूल कैंटीन द्वारा शीतल पेय की खरीद

**उत्तर.** (i) यह अन्तिम उत्पाद है क्योंकि खरीदा गया फर्नीचर स्थिर संपत्ति का क्रय होने के कारण निवेश है।

(ii) शीतल पेय की खरीद मध्यवर्ती उत्पाद है क्योंकि यह उसी वर्ष पुनः बिक्री के लिए उपलब्ध है।

**प्र. 8. <u>कारण बताते हुए समझाइए कि राष्ट्रीय आय का आंकलन करते समय निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार किया जाता है-</u>**

(i) परिवार के सदस्य, परिवार के खेत में मुफ्त में कार्य करें।

(ii) सामान्य सरकार द्वारा लिए गए उधार पर ब्याज का भुगतान।

**उत्तर.** (i) परिवार के सदस्यों का आरोपित वेतन राष्ट्रीय आय में शामिल किया जाएगा, क्योंकि उन्होंने कृषि में अपना योगदान दिया है।

(ii) चूँकि सरकार द्वारा लिया गया ऋण उपभोग कार्यों के लिए माना जाता है इसलिए इस ऋण पर ब्याज राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं होगा।

**प्र. 9. <u>कारण बताते हुए समझाइए कि राष्ट्रीय आय का आंकलन करते समय निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार किया जाता है-</u>**

(i) अभिभावक द्वारा बच्चों को दिया जाने वाला जेब खर्च

(ii) मालिकों द्वारा कर्मचारियों को ब्याज रहित ऋण।

**उत्तर.** (i) शामिल नहीं किया जाएगा क्योंकि यह अभिभावकों द्वारा बच्चों को दिया गया हस्तांतरण भुगतान है।

(ii) शामिल किया जाएगा क्योंकि यह कर्मचारियों को भुगतान का एक तरीका है। यह कर्मचारियों के पारिश्रमिक में शामिल होता है।

**प्र. 10. <u>वस्तुओं को मध्यवर्ती तथा अन्तिम वस्तुओं में वर्गीकरण के आधार पर व्याख्या कीजिए। उचित उदाहरण भी दीजिए।</u>**

**उत्तर.** **मध्यवर्ती वस्तुएँ :** ऐसी वस्तुएँ जो एक उत्पादन इकाई द्वारा दूसरी उत्पादन इकाई से पुनर्विक्रय या उसी वित्तीय वर्ष के दौरान उत्पादन के लिए प्रयुक्त की जाती हैं।

अथवा

एक फर्म द्वारा दूसरी फर्म से क्रय की गयी गैर टिकाऊ वस्तुएं जो उत्पादन में प्रयुक्त की जाती हैं।

**अन्तिम वस्तुएँ :** वे वस्तुएँ जो उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग के लिए या

उत्पादकों द्वारा निवेश के लिए प्रयुक्त होती हैं अन्तिम वस्तुएँ कहलाती हैं; जैसे – फैक्ट्री में मशीन लगाना।

**प्र. 11.** **<u>कारण देते हुए निम्नलिखित को मध्यवर्ती व अन्तिम वस्तुओं में वर्गीकृत कीजिए ( i ) मशीन के डीलर द्वारा खरीदी गई मशीन ( ii ) एक गृहस्थ द्वारा खरीदी गई कार।</u>**

**उत्तर.** (i) यह एक मध्यवर्ती वस्तु है क्योंकि इसे बाजार में पुन: बिक्री के लिए खरीदा गया है।

(ii) यह अन्तिम वस्तु है क्योंकि इसे अन्तिम उपभोग के लिए खरीदा गया है।

**प्र. 12.** **राष्ट्रीय आय की गणना करते समय आप निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार करेंगे? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए।**

(i) शेयर धारक द्वारा कम्पनी से प्राप्त शेयरों का मूल्य।

(ii) भारत में विदेशी कम्पनी को दिए गए ऋण से प्राप्त ब्याज।

**उत्तर.** (i) यह राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं होगा क्योंकि यह वित्तीय पूँजी की वापसी है वस्तु या सेवा नहीं।

(ii) यह शामिल किया जाएगा क्योंकि ब्याज देशीय आय की कारक आय है।

**प्र. 13.** **<u>सरकार बाल टीकाकरण कार्यक्रम पर व्यय करती है। इसके घरेलू उत्पाद और कल्याण पर प्रभाव समझाइए।</u>**

**उत्तर.** सरकार द्वारा बाल टीकाकरण कार्यक्रम पर व्यय करने से (GDP) सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होगी क्योंकि यह सरकारी अंतिम उपभोग व्यय है। यह लोगों के कल्याण को भी बढ़ाता है क्योंकि इस कार्यक्रम से लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा जिससे लोगों की कार्यकुशलता में भी वृद्धि होगी।

**प्र. 14.** **<u>पैट्रोल तथा डीजल कारों की बिक्री, विशेषतया बड़े शहरों में निरंतर बढ़ रही है इसके सकल घरेलू उत्पाद और कल्याण पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या कीजिए।</u>**

**उत्तर.** कारों की बिक्री से सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होगी। क्योंकि ये अंतिम उत्पाद है। कारों से यातायात सुलभ होता है लेकिन इनसे वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण

तथा ट्रेफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है जिससे लोगों के कल्याण में कमी आती है क्योंकि प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा/प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

## 6 अंक वाले प्रश्न

**प्र. 1. <u>भारत की राष्ट्रीय आय की गणना करते समय आप निम्न के साथ क्या व्यवहार करेंगे?</u>**

(1) एक भारतीय द्वारा विदेशी कम्पनी के शेयरों में निवेश से प्राप्त लाभांश।

(2) एक भारतीय परिवार द्वारा उनके विदेशों में कार्यरत सम्बन्धियों से प्राप्त धन।

(3) एक मित्र को कार खरीदने के लिए दिए गए ऋण पर प्राप्त ब्याज।

(4) एक विदेशी को एक भारतीय कम्पनी के अंशों में किए गए निवेश से प्राप्त लाभांश।

(5) कनाडा में एक भारतीय बैंक की शाखा द्वारा अर्जित लाभ।

(6) एक विदेशी कम्पनी द्वारा भारत में पढ़ रहे भारतीय विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्ति।

(7) विद्यार्थियों द्वारा शुल्क का भुगतान

(8) एक व्यक्ति द्वारा कार खरीदने के लिए गए ऋण पर ब्याज भुगतान।

(9) एक फर्म में मशीन की स्थापना पर व्यय।

(10) गलियों में प्रकाश व्यवस्था पर सरकारी व्यय।

(11) एक कम्पनी के शेयरों की कीमतों में वृद्धि।

(12) भारतीय निवासी द्वारा विदेश में कार्यरत फर्मों से ब्याज की प्राप्ति।

(13) भारत में स्थित विदेशी बैंक की शाखा में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्राप्त वेतन।

(14) एक भारतीय बैंक की विदेश में स्थित शाखा द्वारा अर्जित लाभ।

(15) भारत में जापान दूतावास द्वारा निवासी भारतीयों को दिया गया किराया।

(16) स्वकाबिज मकान का आरोपित किराया।

(17) ऋण-पत्रों पर प्राप्त ब्याज।

(18) बाढ़ पीड़ितों को प्राप्त आर्थिक सहायता।

(19) विदेशी पर्यटकों द्वारा किया गया व्यय।

(20) नए मकान का निर्माण

**उत्तर.** (1) यह विदेशों से अर्जित साधन आय है अतः राष्ट्रीय आय में शामिल होगा।

(2) यह धनराशि भारत की राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं होगी क्योंकि यह मात्र अन्तरण आय है।

(3) शामिल नहीं होगा क्योंकि ऋण उपभोग कार्य के लिए दिया गया है उत्पादन में प्रयोग नहीं किया गया।

(4) यह लाभांश भारत की राष्ट्रीय आय में शामिल नही होगा। (एक ऋणात्मक घटक के रूप में), क्योंकि यह विदेशों को भारत से कारक आय है।

(5) शामिल होगा क्योंकि यह विदेशों से कारक आय है।

(6) शामिल नहीं होगी, क्योंकि यह हस्तांतरण आय है।

(7) शामिल किया जाएगा, क्योंकि यह निजी उपभोग व्यय है।

(8) शामिल नहीं होगा क्योंकि लिया गया ऋण उपभोग के लिए है, उत्पादन के लिए नहीं।

(9) शामिल होगा, पूँजी निर्माण पर व्यय है।

(10) शामिल होगा, क्योंकि यह सरकार द्वारा मुफ्त सेवाएँ देने पर होने वाला व्यय है।

(11) शामिल नहीं होगा क्योंकि यह पूँजीगत लाभ है तथा इसका उत्पादन से कोई सम्बन्ध नहीं है।

(12) शामिल होगा, क्योंकि यह विदेशों से कारक आय है।

(13) शामिल किया जाएगा क्योंकि यह भारतीय निवासियों द्वारा प्राप्त की गयी आय है।

(14) शामिल होगा क्योंकि यह विदेशों से कारक आय है।

(15) शामिल किया जाएग, क्योंकि यह विदेशों से प्राप्त कारक आय है।

(16) शामिल किया जाएगा, क्योंकि यह कारक आय है।

(17) शामिल किया जाएगा, क्योंकि ऋणपत्रों पर ब्याज कारक आय है।

(18) शामिल नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह अन्तरण आय है।

(19) शामिल किया जाएगा, क्योंकि यह देश की घरेलू सीमा में निवासियों द्वारा किये गये उत्पादन पर व्यय है।

(20) शामिल किया जाएगा, क्योंकि यह स्थिर पूँजीगत सम्पति का निर्माण है।

**प्र. 2. <u>कारण बताते हुए समझाइए कि क्या निम्नलिखित भारत की घरेलू (देशीय) आय में शामिल होंगे?</u>**

(1) गैर निवासी भारतीयों द्वारा भारत में स्थित इनके परिवारों को भेजी गई धनराशि।

(2) भारत में जापान के दूतावास द्वारा निवासी भारतीयों को दिया गया किराया।

(3) भारत में विदेशी बैंक की शाखा द्वारा अर्जित लाभ।

(4) भारत में स्थित दूतावास द्वारा अपने स्टॉफ को वेतन की अदायगी।

(5) भारतीय सरकार द्वारा विदेश में कार्यरत फर्मों से ब्याज की प्राप्ति।

(6) भारत सरकार द्वारा छात्रों को दी गई छात्रवृत्तियाँ।

**उत्तर.** (1) भारत की घरेलू आय में शामिल नहीं होगी क्योंकि यह एक हस्तांतरण भुगतान है।

(2) शामिल नहीं किया जाएगा क्योंकि किराया जापानी दूतावास से प्राप्त हुआ है। जो जापान की घरेलू सीमा का भाग है।

(3) शामिल किया जाएगा क्योंकि यह लाभ भारत की घरेलू सीमा में सृजित किया गया है।

(4) नहीं, क्योंकि भारत में दूतावास भारत की घरेलू सीमा का भाग नहीं है।

(5) नहीं, क्योंकि ब्याज रूपी साधन आय विदेश में सृजित हुई है, भारत की घरेलू सीमा में नहीं।

(6) नहीं, क्योंकि यह हस्तांतरण भुगतान हैं।

**प्र. 3. कारण बताते हुए समझाइए कि बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान लगाते समय निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार करना चाहिए?**

(i) फर्म द्वारा मैकेनिक को फीस का भुगतान।

(ii) बैंक से लिए गए कार ऋण पर एक व्यक्ति द्वारा किया गया ब्याज का भुगतान।

(iii) फर्म द्वारा अपने प्रयोग के लिए कार खरीदने पर व्यय।

**उत्तर.** (i) फर्म द्वारा मैकेनिक को फीस का भुगतान सकल घरेलू उत्पाद में शामिल नहीं किया जाता है क्योंकि फर्म के लिए यह एक मध्यवर्ती लागत है और दोहरी गणना से बचने के लिए इसे शामिल नहीं किया जाता।

(ii) यह शामिल नहीं किया जाता क्योंकि यह ऋण उपभोग व्यय के लिए लिया गया है। इसलिए ऋण पर दिया गया ब्याज कारक भुगतान नहीं है।

(iii) यह शामिल किया जाएगा, क्योंकि कार पर किया गया व्यय, एक निवेश व्यय है अतः एक अंतिम व्यय है और राष्ट्रीय आय में शामिल किया जाएगा।

## आंकिक अभ्यास

**1. निम्नलिखित आंकड़ों से 'बिक्री' ज्ञात कीजिए :** **(लाख रु.)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | कारक लागत पर निवल वर्धित मूल्य | 560 |
| (ii) | मूल्यह्रास | 60 |
| (ii) | स्टॉक में परिवर्तन | (–)30 |
| (iv) | मध्यवर्ती उपभोग | 1000 |
| (v) | निर्यात | 200 |
| (vi) | अप्रत्यक्ष कर | 60 |

**2. निम्नलिखित आंकड़ों से** $NVA_{FC}$ **ज्ञात करो-** **(करोड़ रु.)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | आर्थिक सहायता | 40 |
| (ii) | बिक्री | 800 |
| (iii) | मूल्यह्रास | 30 |
| (iv) | निर्यात | 100 |
| (v) | अंतिम स्टॉक | 20 |
| (vi) | प्रारम्भिक स्टॉक | 50 |
| (vii) | मध्यवर्ती खरीद | 500 |
| (viii) | अपने प्रयोग के लिए मशीन का क्रय | 200 |
| (ix) | कच्चे माल का आयात | 60 |

**3. निम्नलिखित आंकड़ों से 'मध्यवर्ती उपभोग' ज्ञात कीजिए :** **(लाख रु.)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | उत्पादन का मूल्य | 200 |
| (ii) | कारक लागत पर निवल वर्धित मूल्य | 80 |
| (iii) | बिक्री कर | 15 |

| | | |
|---|---|---|
| (iv) | आर्थिक सहायता | 5 |
| (v) | मूल्यह्रास | 20 |

**4. निम्नलिखित आंकड़ों से (अ) व्यय विधि के द्वारा $NNP_{FC}$ तथा (ब) मूल्यवर्धित विधि द्वारा ज्ञात करें** **(करोड़ रु.)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | शुद्ध घरेलू पूँजी निर्माण | 250 |
| (ii) | शुद्ध निर्यात- | 50 |
| (iii) | निजि अंतिम उपभोग व्यय | 900 |
| (iv) | उत्पादन का मूल्यः | |
| | (a) प्राथमिक क्षेत्र | 900 |
| | (b) द्वितीयक क्षेत्र | 800 |
| | (c) तृतीयक क्षेत्र | 400 |
| (v) | मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य | |
| | (a) प्राथमिक क्षेत्र | 400 |
| | (b) द्वितीय क्षेत्र | 300 |
| | (c) तृतीयक क्षेत्र | 100 |
| (vi) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 80 |
| (vii) | अप्रत्यक्ष कर | 100 |
| (viii) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 100 |
| (ix) | आर्थिक सहायता | 10 |
| (x) | विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय | (–)20 |

5. **निम्न आंकड़ों से (अ) बाजार कीमत पर सकल देशीय उत्पाद** ($GDP_{MP}$) **तथा** (ब) विदेशों से कारक आय ज्ञात कीजिए। **(करोड़ रु.)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | लाभ | 500 |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | निर्यात | 40 |
| (iii) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 1500 |
| (iv) | कारक लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद | 2800 |
| (v) | शेष विश्व से निवल चालू अंतरण | 90 |
| (vi) | लगान | 300 |
| (vii) | ब्याज | 400 |
| (viii) | विदेशों को कारक आय | 120 |
| (ix) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 250 |
| (x) | निवल देशी पूँजी निर्माण | 650 |
| (xi) | सकल स्थिर पूँजी निर्माण | 700 |
| (xii) | स्टॉक में परिवर्तन | 50 |

**6. निम्न आंकड़ों से बाजार कीमत पर सकल देशीय उत्पाद ($GDP_{MP}$) ज्ञात करो।**

**( करोड़ रु. )**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | घरेलू बिक्री | 300 |
| (ii) | निर्यात | 100 |
| (iii) | स्वयं उपभोग के लिए उत्पादन | 50 |
| (iv) | फर्म X से खरीद | 110 |
| (v) | फर्म Y से खरीद | 70 |
| (vi) | कच्चे माल का आयात | 30 |
| (vii) | स्टॉक में परिवर्तन | 60 |

**7. निम्न से (a) घरेलू आय (b) कर्मचारियों का पारिश्रमिक की गणना करें।**

**( करोड़ रु. )**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | विदेशों से निवल कारक आय | –20 |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | शुद्ध निर्यात | 10 |
| (iii) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 50 |
| (iv) | किराया और रॉयल्टी | 20 |
| (v) | स्थिर पूँजी का उपभोग | 10 |
| (vi) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 400 |
| (vii) | निगम कर | 10 |
| (viii) | ब्याज | 30 |
| (ix) | निवल घरेलू पूँजी निर्माण | 50 |
| (x) | लाभांश | 22 |
| (xi) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 100 |
| (xii) | अवितरित लाभ | 5 |
| (xiii) | मिश्रित आय | 23 |

**8. निम्न आँकड़ों द्वारा आय विधि तथा व्यय से राष्ट्रीय आय ज्ञात कीजिए।**

**( करोड़ रु. )**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 100 |
| (ii) | निवल पूँजी निर्माण | 110 |
| (iii) | सकल पूँजी निर्माण | 120 |
| (iv) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 800 |
| (v) | शुद्ध निर्यात | 70 |
| (vi) | मालिकों का सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में योगदान | 55 |
| (vii) | वेतन व मजदूरी | 600 |
| (viii) | ब्याज का भुगतान | 20 |

| | | |
|---|---|---|
| (ix) | लगान | 200 |
| (x) | रॉयल्टी | 25 |
| (xi) | आर्थिक सहायता | 10 |
| (xii) | विदेशों को दी गई निवल साधन आय | 30 |
| (xiii) | अप्रत्यक्ष कर | 60 |
| (xiv) | लाभ | 130 |

9. **निम्नलिखित आँकडों से उत्पादन का मूल्य ज्ञात कीजिए (करोड़ रु.)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | साधन लागत पर निवल मूल्य वृद्धि | 100 |
| (ii) | मध्यवर्ती उपभोग | 75 |
| (iii) | आर्थिक सहायता | 5 |
| (iv) | मूल्यह्रास | 10 |
| (v) | उत्पाद शुल्क | 20 |

10. **निम्नलिखित आँकडों से (अ) साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद तथा विदेशों को कारक आय ज्ञात करो- (करोड़ रु.)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 800 |
| (ii) | लाभ | 200 |
| (iii) | लाभांश | 50 |
| (iv) | बाजार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद | 1400 |
| (v) | किराया | 150 |
| (vi) | ब्याज | 100 |
| (vii) | सकल घरेलू स्थिर पूँजी निर्माण | 200 |
| (viii) | निवल पूँजी निर्माण | 200 |
| (ix) | स्टॉक में परिवर्तन | 50 |
| (x) | विदेशों से निवल कारक आय | 60 |
| (xi) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 120 |

**11. NVAMP की गणना करें।** **(लाख रु.)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | स्थिर पूँजीगत वस्तु जिसकी जीवन प्रत्याशी व वर्ष है | 15 |
| (ii) | कच्चा माल | 6 |
| (iii) | बिक्री | 25 |
| (iv) | स्टॉक में परिवर्तन | 2 |
| (v) | उत्पादन पर कर | 1 |

**12. दिए गए आँकड़ों से राष्ट्रीय आय की गणना करें**

**(करोड़ रु.)**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | शुद्ध नियति | 300 |
| (ii) | कर्मचारियों का पारितोषिक | 6000 |
| (iii) | लगान | 400 |
| (iv) | लाभांश | 200 |
| (v) | स्थिर पूँजी का उपयोग | 300 |
| (vi) | स्आँक में परिवर्तन | 50 |
| (vii) | लाभ | 800 |
| (viii) | विदेश को निवल कारक आय | (-) 80 |
| (ix) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 600 |
| (x) | ब्याज | 500 |

## आंकिक प्रश्नों के हल

1. $NVA_{FC}$= बिक्री + स्टॉक में परिवर्तन – मध्यवर्ती उपभोग – निवल अप्रत्यक्ष कर – मूल्यह्रास

बिक्री = 560 – (–30) + 1000 + 60 + 60

= रु. 1710 लाख

2. $NVA_{FC}$ = बिक्री + स्टॉक में परिवर्तन – मध्यवर्ती उपभोग व्यय – मूल्यह्रास – शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

= 800 + (–30) – 500 – 30 + 40

= 840 – 560

= 280 लाख रूपये

3. मध्यवर्ती उपभोग

= उत्पादन का मूल्य – $NVA_{FC}$ – निवल अप्रत्यक्ष कर - मूल्यह्रास

= 200 – 80 – (15 – 5) – 20

= 200 – 80 – 10 – 20

= 90 लाख रु.

4. $NNP_{FC}$ (व्यय विधि द्वारा)

= (i) + (ii) + (iii) + (viii) – (vii) + (ix) – (vi) + (x)

= 250 + 50 + 900 + 100 – 100 + 10 – 80 + (–20)

= 1110 करोड़ रु.

$NNP_{FC}$ (मूल्य वृद्धि विधि द्वारा)

= (iv) – (v) – (vi) – (vii) + (ix) + (x)

= (900 + 800 + 400) – (400 + 300 + 100) – 80 – 100 + 10 + (–20)

= 1110 करोड़ रु.

5. (अ) बाजार कीमत पर सकल देशीय उत्पाद ($GDP_{MP}$)

$NDP_{FC}$ = (3) + (1) + (6) + (7)

= 1500 + 500 + 300 + 400

= 2700 करोड़ रु.

$GDP_{MP}$ = $NDP_{FC}$ + निवल अप्रत्यक्ष कर + मूल्यह्रास

[मूल्यह्रास = सकल घरेलू पूँजी निर्माण – निवल घरेलू पूँजी निर्माण)

= 2700 + 250 + [(700 + 50) – 650]

GDP = 3050 करोड़ रु.

(b) विदेशों से कारक आय FIFA

$GNP_{FC}$ = $GDP_{MP}$ – निवल अप्रत्यक्ष कर + विदेशों से निवल कारक आय (NFIA)

2800 = 3050 – 250 + विदेशों से कारक आय – विदेशों को कारक आय

2800 = 2800 + (विदेशों से कारक आय – 120)

120 करोड़ रु. = विदेशों से कारक आय

6. बाजार कीमत पर सकल देशीय उत्पाद ($GVA_{MP}$)

= बिक्री + स्टॉक में परिवर्तन – मध्यवर्ती उपभोग

= (300 + 100 + 50) + 60 – [110 + 70 + 30]

= 510 – 210

= 300 करोड़ रु.

7. (a) घरेलू आय = (ii) + (vi) + (ix) + (xi) – (iii)

= 10 + 400 + 50 + 100 – 50

= 510 करोड़ रु.

(b) कर्मचारियों का पारिश्रमिक

= घरेलू आय – (iv) – (viii) – (vii) – (x) – (xii) – (xiii)

= 510 – 20 – 30 – 10 – 22 – 5 – 23

= 400 करोड़ रु.

8. राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) (आय विधि द्वारा)

= (7) + (6) + (8) + (9) + (10) + (14) –(12)

= 600 + 55 + 20 + 200 +25 + 130 – 30

= 1000 करोड़ रू

राष्ट्रीय आय (व्यय विधि द्वारा)

$NNP_{FC}$ = (1) + (2) + (3) + (4) + (5) – (13) + (11) – (12)

= 100 + 110 + 800 + 70 – 60 + 10 – 30

= 1000 करोड़ रू

9. उत्पादन का मूल्य

$NVA_{FC}$= उत्पादन का मूल्य – मध्यवर्ती उपभोग – निवल अप्रत्यक्ष कर – मूल्यह्रास

उत्पादन का मूल्य = $NVA_{FC}$ + मध्यवर्ती उपभोग + NIT + मूल्यह्रास

= 100 + 75 + (20 – 5) + 10

= 200 करोड़ रु.

10. (अ) साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद

$GDP_{FC}$ = (i) + (ii) + (v) + (vi) + [(vii + ix) – viii]

= 800 + 200 + 150 + 100 + [(200 + 50) – 200]

$GDP_{FC}$ = 1300 करोड़ रु.

(ब) विदेशों को कारक आय

$GNP_{MP}$ = $GDP_{FC}$ + निवल अप्रत्यक्ष कर + विदेशों से निवल कारक आय

1400 = 1300 + 120 + विदेशों से कारक आय – विदेशों को कारक आय

1400 = 1300 + 120 + 60 – विदेशों को कारक आय

1400 – 1480 = – विदेशों को कारक आय

रु. 80 करोड़ = विदेशों को कारक आय

11. **NVAMP = बिक्री+स्टॉक में परिवर्तन-कच्चा माल-मूल्यह्रास**

= 25 + (-2) - 6 - (15/5)
= 25 - 2 - 6 - 3
= 14 रु लाख

12. **राष्ट्रीय आय = कर्मचारियों का पारितोषिक + लगान + ब्याज-विदेश को निवल कारक आय**

= 6000 + 400 + 500 + 800 - (-80)
= 6000 + 400 + 500 + 800 + 80
= **रु 7,780 करोड़**

अध्याय–2

# मुद्रा एवं बैंकिंग

## स्मरणीय बिन्दु

- **मुद्रा :** मुद्रा को ऐसी वस्तु के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो विनिमय के माध्यम, मूल्य के मापक, स्थगित भुगतानों के माप तथा मूल्य संचय हेतु, संचय रूप से स्वीकार की जाती है।

- **मुद्रा की आपूर्ति** = जनता के पास करेंसी + बैंकों के पास मांग जमाएं + रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाएं

  **Ms = C + DD + OD**

- **मांग जमा :** ये वे जमाएं हैं जो किसी भी समय मांगने पर बैंक से निकलवाई जा सकती हैं या जिन्हें चैक द्वारा भी निकलवाया जा सकता है।

- **व्यावसायिक बैंक का अर्थ :** व्यावसायिक बैंक वह वित्तीय संस्था है जो मुद्रा तथा साख में व्यापार करती है। व्यावसायिक बैंक ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से जनता से जमाएँ स्वीकार करते हैं तथा अपने लिए लाभ का सृजन करती हैं।

- **व्यावसायिक बैंकों द्वारा साख निर्माण / मुद्रा निर्माण**

  साख निर्माण से तात्पर्य बैंकों की उस शक्ति से है जिसके द्वारा वे प्राथमिक जमाओं का विस्तार करते हैं। बैंकों द्वारा साख सृजन की प्रक्रिया तथा वैधानिक आरक्षित अनुपात (LRR) में विपरीत सम्बन्ध होता है।

  जमा गुणक या साख गुणक $= \frac{1}{LRR}$

  जमा सृजन = प्रारम्भिक जमा × जमा गुणक।

  शुद्ध/निवल साख का सृजन = जमा सृजन – प्रारम्भिक जमा।

- **केन्द्रीय बैंक :** एक देश की बैंकिंग व वित्तीय प्रणाली में सर्वोच्च संस्था है

जो देश के मौद्रिक व बैंकिंग ढाँचे का संचालन, नियंत्रण, निर्देशन एवं नियमन करती है तथा देश के हित में मौद्रिक नीति का निर्माण करती है।

- <u>**केन्द्रीय बैंक के कार्य**</u>

  1. नोट निर्गमन का एकाधिकार अर्थात् वैधानिक मुद्रा का जारीकर्ता बैंक
  2. सरकार का बैंकर, अभिकर्त्ता एवं सलाहकार
  3. बैंकों का बैंक तथा पर्यवेक्षक
  4. साख नियंत्रक
  5. विदेशी मुद्रा का एक मात्र संग्राहक और संरक्षक

- **रेपो दर :** वह ब्याज दर जिस पर केन्द्रीय बैंक वैधानिक तरलता अनुपात की प्रतिभूतियों के अतिरिक्त शेष प्रतिभूति पर पुनर्क्रय प्रस्ताव के बदले व्यायवसायिक बैंकों को अल्पकाल के लिए ऋण प्रदान करता है, रेपो दर कहलाता है।

- **रिवर्स रेपो दर :** वह दर जिस पर व्यवसायिक बैंक केन्द्रीय बैंक के पास अपना अतिरिक्त फंड जमा करके केन्द्रीय बैंक से सरकारी प्रतिभूति के पुनर्विक्रय प्रस्ताव के तहत प्रतिभूति क्रय करते है।
- **वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) :** SLR से अभिप्राय वाणिज्यिक बैंकों की तरल परिसंपतियों से है जो उन्हें अपनी कुल जमाओं के न्यूनतम प्रतिशत के रूप में अपने पास रखने की आवश्यकता होती है।
- **नकद आरक्षित अनुपात (CRR) :** प्रत्येक व्यापारिक बैंक को अपने पास कुल जमा राशियों का एक न्यूनतम अनुपात केन्द्रीय बैंक के पास कानूनन जमा करना होता है। इसे नकद आरक्षित अनुपात कहते हैं।
- **खुले बाजार की क्रियाएँ** (Open Market Operations)— देश के केंद्रीय बैंक (रिजर्व बैंक) द्वारा खुले बाजार में प्रतिभूतियों (Securities) के खरीदने अथवा बेचने से संबधित क्रिया को खुले बाजार की क्रिया कहते हैं। जब रिजर्व बैंक (केंद्रीय बैंक) बाजार में प्रतिभूतियों को बेचना प्रारंभ करता है तो वाणिज्य बैंकों के नकदी कोषों में कमी आ जाती है, इसके परिणामस्वरूप बैंकों की साख निर्माण क्षमता घट जाती है। इस प्रकार, प्रतिभूतियों की बिक्री साख की उपलब्धता को कम कर देती है।

- **बैंक दर ( Bank Rate)–** जिस दर पर देश का केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है उसे बैंक दर कहते है।

## परीक्षा उपयोगी प्रश्न
## अति लघु उत्तरीय प्रश्न
## 1 अंक

**प्र. 1. 'मांग जमाएँ' क्या हैं?**

**उत्तर.** वे जमाएँ जिनका आहरण (withdrawal) चैक द्वारा किया जा सकता है।

**प्र. 2. नकद निधि अनुपात (CRR) को परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर.** यह व्यापारिक बैंक की कुल जमाओं का वह अनुपात है जिसे व्यापारिक बैंक को अनिवार्य रूप से केन्द्रीय बैंक के पास जमा करना पड़ता है।

**प्र. 3. 'मुद्रा आपूर्ति' से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर.** मुद्रा पूर्ति से अभिप्राय एक निश्चित समय पर देश में जनता के पास कुल मुद्रा के स्टॉक से है।

**प्र. 4. मुद्रा आपूर्ति के घटक लिखिए।**

**उत्तर.** (1) जनता के पास करेंसी (सिक्के व नोट). (2) मांग जमाएँ।

**प्र. 5. बैंक दर क्या है? यह रेपो दर से किस प्रकार भिन्न है?**

**उत्तर.** वह दर जिस पर किसी देश का केन्द्रीय बैंक व्यापारिक बैंकों को दीर्घकालीन उद्देश्यों के लिए उधार देता है जबकि रेपो दर वह दर है जिस पर केन्द्रीय बैंक व्यापारिक बैंकों को उनके अल्पकालीन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उधार देता है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न
## 3-4 अंक वाले प्रश्न

**प्र. 1. केन्द्रीय बैंक के कार्य 'मुद्रा जारी करना' की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर.** मुद्रा जारी करना केन्द्रीय बैंक का प्राथमिक और बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्य है। आजकल प्रत्येक देश में केंद्रीय बैंक और इसलिए हमारे देश में रिजर्व बैंक को नोट-निर्गमन का एकाधिकार प्राप्त है इस कार्य का इतना अधिक महत्त्व हो गया है कि केंद्रीय बैंक को **'निर्गमन बैंक'** (Bank of Issue) ही कहा जाने लगा है। नोट जारी करने की दृष्टि से केंद्रीय बैंक तीन मुख्य बातों को ध्यान में रखता है: एकरूपता, लोचशीलता (आवश्यकता के अनुसार मुद्रा की मात्रा तय करना), और सुरक्षा। रिजर्व बैंक मुद्रा की वृद्धि को एक सीमा के भीतर ही बनाए रखने का प्रयत्न करता है और इस प्रकार, स्फीतिकारी दबावों को नियंत्रण में रखता है।

**प्र. 2. केन्द्रीय बैंक के कार्य ''बैंकों का बैंक'' की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर.** केन्द्रीय बैंक बैंकों का बैंक हैं। केन्द्रीय बैंक का अन्य व्यवसायिक बैंकों के साथ वैसा ही संबंध होता है, जैसा एक साधारण बैंक का अपने ग्राहकों के साथ होता है। केन्द्रीय बैंक व्यवसायिक बैंकों के कोषों का संरक्षक होता है तथा आवश्यकता पड़ने पर व्यापारिक बैंकों को ऋण प्रदान करता है।

**प्र. 3. सीमांत आवश्यकता से क्या अभिप्राय है? यह साख के नियंत्रण में क्या भूमिका निभाती है?**

**उत्तर.** सीमांत आवश्यकता से अभिप्राय बैंक द्वारा प्रतिभूति के आधार पर दिए गए ऋण तथा प्रतिभूति के वर्तमान मौद्रिक मूल्य के अंतर से है। यदि अर्थव्यवस्था में साख की मात्रा को नियंत्रित करना हो केन्द्रीय बैंक सीमांत आवश्यकता को बढ़ा देता है, जिससे ऋण की मांग में कमी आने से साख का विस्तार कम हो जाता है। इसके विपरीत साख विस्तार हेतु सीमांत आवश्यकता को कम कर दिया जाता है।

**प्र. 4. केन्द्रीय बैंक के कार्य 'सरकार का बैंक' की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर.** केन्द्रीय बैंक वे सभी बैंकिंग सुविधाएँ सरकार को प्रदान करता है, जो व्यापारिक बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती हैं। केन्द्रीय बैंक सरकार के बैंक एजेंट व वित्तीय सलाहकार के रूप में सरकार के लिए कोषों की व्यवस्था करता है। एक एजेंट के रूप में केन्द्रीय बैंक सरकार के लिए प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय तथा सार्वजनिक ऋण का प्रबन्ध करता है। साथ ही यह सरकार को उचित मौद्रिक नीतियों के निर्माण हेतु उपयोगी परामर्श प्रदान करता है।

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न
## 6 अंक वाले प्रश्न

**प्र. 1. मुद्रा/साख निर्माण से क्या अभिप्राय है? एक संरच्नात्मक उदाहरण की सहायता से व्यापारिक बैंकों द्वारा किये जाने वाले मुद्रा निर्माण की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर.** मुद्रा निर्माण को ऐसी प्रक्रिया के रूप में व्यक्त किया जाता है जिसके अन्तर्गत एक व्यापारिक बैंक अपने निक्षेपों के आधार पर कई गुणा ऋण प्रदान करके अर्थव्यवस्था में मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि करता है। व्यापारिक बैंक द्वारा किया जाने वाला मुद्रा निर्माण मुख्यत: दो बातों पर निर्भर करता है।

1. प्राथमिक जमाएँ

2. वैधानिक कोष अनुपात (LRR)

$$\text{साख गुणक} = \frac{1}{LRR}$$

**<u>मुद्रा निर्माण की व्याख्या</u>**

माना अर्थव्यवस्था में (1) प्रारम्भिक जमाएँ-1000 रु. हैं। (2) वैध आरक्षित अनुपात 20% या 0.2 है। (3) अर्थव्यवस्था में कुल व्यय राशि पुन: बैंकों में जमा कर दी जाती है।

मान लीजिए प्राथमिक जमा 1000 रु. हैं। बैंक इस जमा से 200 रु. रिजर्व के रूप में रखकर 800 रु. उधार दे देंगें। ये 800 रु. अर्थव्यवस्था में होने के पश्चात् पुनः बैंक में वापिस जमा होंगे। व्यापारिक बैंक कुल जमाओं 800 रु. का 20% अर्थात् 160 रु. रिजर्व रखकर 640 उधार दे देंगे। यह कार्य पुनः बैंक की जमाओं में वृद्धि करेगा और यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगा। कुल निर्माण कितना होगा यह मुद्रा गुणक द्वारा निर्धारित होगा।

कुल मुद्रा निर्माण = प्रारम्भिक जमाएँ × साख गुणांक

$$= 1000 \times \frac{1}{0.2} = 5,000 \text{ रु.}$$

## अध्याय-3

# आय और रोजगार का निर्धारण

### स्मरणीय बिन्दु

- **समग्र माँग:** एक अर्थव्यवस्था के समस्त क्षेत्रों द्वारा एक दिए हुए आय स्तर पर एवं एक निश्चित समयावधि में समस्त अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के नियोजित क्रय के कुल मूल्य को समग्र मांग कहते हैं। एक अर्थव्यवस्था में वस्तुओं व सेवाओं की कुल मांग को समग्र मांग (AD) कहते हैं इसे कुल व्यय के रूप में मापा जाता है।

- **<u>समग्र मांग के मुख्य घटक निम्नलिखित हैं-</u>**

  (i) उपभोग व्यय (c).

  (ii) निवेश व्यय (I)

  (iii) सरकारी व्यय (G).

  (iv) शुद्ध निर्यात (X – M).

  इस प्रकार, AD = C + I + G + (X – M)

  दो क्षेत्र वाली अर्थव्यवस्था में AD = C + I.

- **समग्र पूर्ति:** एक अर्थव्यवस्था की सभी उत्पादक इकाईयों द्वारा एक निश्चित समयावधि में सभी अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के नियोजित उत्पादन के कुल मूल्य को समग्र पूर्ति कहते हैं। समग्र पूर्ति के मौद्रिक मूल्य को ही राष्ट्रीय आय कहते हैं। अर्थात् राष्ट्रीय आय सदैव समग्र पूर्ति के समान होती है।

  AD = C + S

- समग्र पूर्ति देश के राष्ट्रीय आय को प्रदर्शित करती है।

  AS = Y (राष्ट्रीय आय)

- **उपभोग फलनः** उपभोग फलन आय (Y) और उपभोग (C) के बीच फलनात्मक सम्बन्ध को दर्शाता है।

  C = f(Y)

  यहाँ C = उपभोग

  Y = आय

  *f* = फलनात्मक सम्बन्ध

  **उपभोग फलन की समीकरण :**

  $$C = \overline{C} + MPC \cdot Y$$

- **स्वायत्त उपभोग** ($\overline{C}$) : आय के शून्य स्तर पर जो उपभोग होता है उसे स्वायत्त उपभोग कहते हैं। जो आय में परिवर्तन होने पर भी परिवर्तित नहीं होता है, अर्थात् यह आय बेलोचदार होता है।

- **प्रत्याशित उपभोग :** राष्ट्रीय आय के मिश्रित स्तर पर नियोजित निवेश को कहते है।

- **प्रेरित उपभोग :** उस उपभोग स्तर से है जो प्रत्यक्ष रूप से आय पर निर्भर करता है।

- **उपभोग प्रवृति :** उपभोग प्रवृत्ति दो प्रकार की होती है–

  (1) औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC)

  (2) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC)

- **औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) :** औसत प्रवृत्ति को कुल उपभोग तथा कुल आय के बीच अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है।

  APC = कुल उपभोग (C) / कुल आय (Y)

**APC के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिन्दु**

(i) APC इकाई से अधिक रहता है जब तक उपभोग राष्ट्रीय आय से अधिक होता है। समविच्छेद बिन्दु से पहले, APC > 1.

(ii) APC = 1 समविच्छेद बिन्दु पर यह इकाई के बराबर होता है जब उपभोग और

आय बराबर होता है। C = Y

(iii) आय बढ़ने के कारण APC लगातार घटती है।

(iv) APC कभी भी शून्य नहीं हो सकती, क्योंकि आय के शून्य स्तर पर भी स्वायत्त उपभोग होता है।

- **सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) :** उपभोग में परिवर्तन तथा आय में परिवर्तन के अनुपात को, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति कहते हैं।

$$MPC = \frac{\text{उपभोग में परिवर्तन}}{\text{आय में परिवर्तन}} = \frac{\Delta C}{\Delta Y}$$

- MPC का मान शून्य तथा एक के बीच में रहता है। लेकिन यदि सम्पूर्ण अतिरिक्त आय उपभोग हो जाती है तब $\Delta C = \Delta Y$, अत: MPC = 1. इसी प्रकार यदि सम्पूर्ण अतिरिक्त आय की बचत कर ली जाती है तो $\Delta C = 0$, अत: MPC = 0.

- **बचत फलन :** बचत और आय के फलनात्मक सम्बन्ध को दर्शाता है।

  S = f(Y)

  यहाँ S = बचत

  Y = आय

  f = फलनात्मक सम्बन्ध

- **<u>बचत फलन का समीकरण :</u>**

  $S = -\overline{S}_o + sY.$

  जहाँ $s$ = MPS

- बचत प्रवृत्ति दो प्रकार की होती है :- APS तथा MPS

- **औसत बचत प्रवृत्ति (APS) :** कुल बचत तथा कुल आय के बीच अनुपात को APS कहते हैं।

$$APS = \frac{\text{बचत}}{\text{आय}} = \frac{S}{Y}$$

- **<u>औसत बचत प्रवृत्ति APS की विशेषताएँ :</u>**

  1. APS कभी भी इकाई या इकाई से अधिक नहीं हो सकती क्योंकि कभी भी बचत आय के बराबर तथा आय से अधिक नहीं हो सकती।
  2. APS शून्य हो सकती है: समविच्छेद बिन्दु पर जब C = Y है तब S = 0.
  3. APS ऋणात्मक या इकाई से कम हो सकता है। समविच्छेद बिन्दु से नीचे स्तर पर APS ऋणात्मक होती है। क्योंकि अर्थव्यवस्था में अबचत (Dissavings) होती है तथा C > Y.
  4. APS आय के बढ़ने के साथ बढ़ती हैं

- **सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) :** आय में परिवर्तन के फलस्वरूप बचत में परिवर्तन के अनुपात को सीमांत बचत प्रवृत्ति कहते हैं।

$$\text{MPS} = \frac{\text{बचत में परिवर्तन}}{\text{आय में परिवर्तन}} = \frac{\Delta S}{\Delta Y}$$

- MPS का मान शून्य तथा इकाई (एक) के बीच में रहता है। लेकिन यदि

  (i) यदि सम्पूर्ण अतिरिक्त आय की बचत की ली जाती है, तब $\Delta S = \Delta Y$, अत: MPS = 1.

  (ii) यदि सम्पूर्ण अतिरिक्त आय, उपभोग कर ली जाती है, तब $\Delta S = 0$, अत: MPS = 0.

- **<u>औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) तथा औसत प्रवृत्ति (APS) में सम्बन्ध</u>**

सदैव APC + APS = 1 यह सदैव ऐसा ही होता है, क्योंकि आय को या तो उपभोग किया जाता है या फिर आय की बचत की जाती है।

प्रमाण: Y = C + S

दोनों पक्षों का Y से भाग देने पर

$$\frac{Y}{Y} = \frac{C}{Y} + \frac{S}{Y}$$

$$1 = \text{APC} + \text{APS}$$

अथवा APC = 1 – APS या APS = 1 – APC । इस प्रकार APC तथा APS का योग हमेशा इकाई के बराबर होता है।

- **<u>सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) तथा सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) में सम्बन्ध</u>**

  सदैव MPC + MPS = 1; MPC हमेशा सकारात्मक होती है तथा 1 से कम होती है। इसलिए MPS भी सकारात्मक तथा 1 से कम होनी चाहिए। प्रमाण $\Delta Y = \Delta C + \Delta S$.

  दोनों पक्षों को $\Delta Y$ से भाग करने पर

  $$\frac{\Delta Y}{\Delta Y} = \frac{\Delta C}{\Delta Y} + \frac{\Delta S}{\Delta Y}$$

  1 = MPC + MPS अथवा

  MPC = 1 – MPS अथवा

  MPC = 1 – MPC

- एक अर्थव्यवस्था में एक वित्तीय वर्ष में पूँजीगत वस्तुओं के स्टॉक में वृद्धि को पूँजी निर्माण / निवेश कहते हैं।

  (i) प्रेरित निवेश (ii) स्वतंत्र निवेश

- **प्रेरित निवेश :** प्रेरित निवेश वह निवेश है जो लाभ कमाने की भावना से प्रेरित होकर किया जाता है। प्रेरित निवेश का आय से सीधा सम्बन्ध होता है।

- **स्वतंत्र (स्वायत्त) निवेश :** स्वायत्त निवेश वह निवेश है जो आय के स्तर में परिवर्तन से प्रभावित नहीं होता अर्थात् आय निरपेक्ष होता है।

- **नियोजित बचत :** एक अर्थव्यवस्था के सभी गृहस्थ (बचतकर्त्ता) एक निश्चित समय अवधि में आय के विभिन्न स्तरों पर जितनी बचत करने की योजना बनाते हैं, नियोजित बचत कहलाती है।

- **नियोजित निवेश :** एक अर्थव्यवस्था के सभी निवेशकर्त्ता आय के विभिन्न स्तरों पर जितना निवेश करने की योजना बनाते हैं, नियोजित निवेश कहलाती है।

- **वास्तविक बचत :** अर्थव्यवस्था में दी गई अवधि के अंत में आय में से उपभोग व्यय घटाने के बाद, जो कुछ वास्तव में शेष बचता है, उसे वास्तविक बचत कहते हैं।

- **वास्तविक निवेश :** किसी अर्थव्यवस्था में एक वित्तीय वर्ष में किए गए कुल निवेश को वास्तविक निवेश कहा जाता है। इसका आंकलन अवधि के समाप्ति

पर किया जाती है।

- **आय का संतुलन स्तर :** आय का वह स्तर है जहाँ समग्र माँग, उत्पादन के स्तर (समग्र पूर्ति) के बराबर होती है अतः AD = AS या S = I.

- **पूर्ण रोजगार :** इससे अभिप्राय अर्थव्यवस्था की ऐसी स्थिति से है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति जो योग्य है तथा प्रचलित मौद्रिक मजदूरी की दर पर काम करने को तैयार है, को रोजगार मिल जाता है।

- **ऐच्छिक बेरोजगारी :** ऐच्छिक बेरोजगारी से अभिप्रायः उस स्थिति से है, जिसमें बाजार में प्रचलित मजदूरी दर पर कार्य उपलब्ध होने के बावजूद योग्य व्यक्ति कार्य करने को तैयार नहीं है।

- **अनैच्छिक बेरोजगारी :** अर्थव्यवस्था की ऐसी स्थिति है जहाँ कार्य करने के इच्छुक व योग्य व्यक्ति प्रचलित मजदूरी दर पर कार्य करने के लिए इच्छुक है लेकिन उन्हें कार्य नहीं मिलता।

- **निवेश गुणक :** निवेश में परिवर्तन के फलस्वरूप आय में परिवर्तन के अनुपात को निवेश गुणक कहते हैं।

  $$K = \frac{\Delta Y}{\Delta I} \text{ या गुणक } = \frac{\text{आय में परिवर्तन}}{\text{निवेश में परितर्वन}} \text{ अथवा } K = \frac{1}{1 - MPC}$$

  अथवा $K = \frac{1}{MPS}$. इसका अधिकतम मान अनंत तथा न्यूनतम मान एक होता है।

- जब समग्र मांग (AD), पूर्ण रोजगार स्तर पर समग्र पूर्ति (AS) से अधिक हो जाए तो उसे **अत्यधिक मांग** कहते हैं।

- जब समग्र मांग (AD), पूर्ण रोजगार स्तर पर समग्र पूर्ति (AS) से कम होती है, उसे **अभावी मांग** कहते हैं।

- **स्फीतिक अंतराल,** वास्तविक समग्र मांग और पूर्ण रोजगार संतुलन को बनाए रखने के लिए आवश्यक समग्र मांग के बीच का अंतर होता है। यह समग्र मांग के आधिक्य का माप है। यह अर्थव्यवस्था में स्फीतिकारी प्रभाव उत्पन्न करता है।

- **अवस्फीति अंतराल,** वास्तविक समग्र मांग और पूर्ण रोजगार संतुलन को बनाए

रखने के आवश्यक समग्र मांग के बीच का अंतर होता है। यह समग्र मांग में कमी का माप है। यह अर्थव्यवस्था अवस्फीति (मंदी) उत्पन्न करता है।






**अधिमांग ( स्फीतिक अंतराल ) तथा अभावी मांग ( अवस्फीतिक अंतराल )**
**के नियंत्रित करने की विधियाँ**

- राजकोषीय उपाय या राजकोषीय नीति
  - कर की दर में परिवर्तन
  - सार्वजनिक व्यय में परिवर्तन
  - सार्वजनिक ऋण में परिवर्तन
  - घाटे की वित्त व्यवस्था (नये नोटों की छपाई)
- मौद्रिक उपाय या मौद्रिक नीति
  - **परिमाणात्मक उपाय**
    - बैंक दर
    - रेपो दर
    - रिवर्स रेपो दर
    - खुले बाजार की क्रियाएँ
    - वैधानिक तरलता अनुपात
    - नकद आरक्षित अनुपात
  - **गुणात्मक/चयनात्मक उपाय**
    - सीमांत आवश्यकता का निर्धारण
    - साख की राशनिंग

## परीक्षा उपयोगी प्रश्न व उत्तर

## अति लघु उत्तर वाले प्रश्न

## (1 अंक)

**प्र. 1. समष्टि अर्थशास्त्र में 'समग्र आपूर्ति' से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर.** एक अर्थव्यवस्था की सभी उत्पादक इकाईयों द्वारा एक निश्चित समयावधि में सभी अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के नियोजित उत्पादन के कुल मूल्य को समग्र पूर्ति कहते हैं।

**प्र. 2. सीमान्त उपभोग प्रवृति की परिभाषा दीजिए।**

**उत्तर.** उपभोग में परिवर्तन तथा आय में परिवर्तन के अनुपात को, सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति कहते हैं।

**प्र. 3. पूर्ण रोजगार का अर्थ बताइए।**

**उत्तर.** इससे अभिप्राय अर्थव्यवस्था की ऐसी स्थिति से है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति जो योग्य है तथा प्रचलित मौद्रिक मजदूरी की दर पर काम करने को तैयार है, को रोजगार मिल जाता है।

**प्र. 4. आरक्षित नगदी निधि (CRR) अनुपात की परिभाषा दीजिए।**

**उत्तर.** CRR (आरक्षित नगदी) निधि वाणिज्यिक बैंकों की जमाओं का वह अनुपात है जो उन्हें केन्द्रीय बैंक के पास रखना होता है।

**प्र. 5. रेपो दर की परिभाषा दीजिए।**

**उत्तर.** केन्द्रीय बैंक जिस ब्याज दर वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालीन ऋण देते हैं, उसे रेपो दर कहते हैं।

**प्र. 6. सीमांत उपभोग प्रवृति का मूल्य एक से अधिक क्यों नहीं हो सकता?**

**उत्तर.** क्योंकि उपभोग में परिवर्तन, आय में परिवर्तन से अधिक नहीं हो सकता।

**प्र. 7. समविच्छेद बिंदु या समता बिंदु या समस्तर बिन्दु किसे कहते हैं?**

**उत्तर.** समविच्छेद बिन्दु वहाँ प्राप्त होता है जहाँ बचत शून्य (S = 0) होती है तथा उपभोग(C) = आय (Y).

## लघु उत्तरीय
## 3-4 अंक वाले प्रश्न

**प्र. 1. ऐच्छिक व अनैच्छिक बेरोजगारी के बीच अन्तर बताइए।**

**उत्तर.** **ऐच्छिक बेरोजगारी :** यह बेरोजगारी का वह रूप है जिसमें योग्य व्यक्ति मजदूरी की प्रचलित दर पर रोजगार या कार्य उपलब्ध होने के बावजूद काम करने को तैयार नहीं है।

**अनैच्छिक बेरोजगारी :** यह बेरोजगारी का वह रूप है जहाँ योग्य व्यक्ति बाजार में प्रचलित मजदूरी दर पर काम करने के लिए तैयार है, लेकिन रोजगार नहीं मिलता है।

**प्र. 2. एक अर्थव्यवस्था में सीमांत उपभोग प्रवृति (MPC) 0.75 है। अर्थव्यवस्था, में निवेश व्यय में रुपये 75 करोड़ की वृद्धि होती है। राष्ट्रीय आय में कुल वुद्धि ज्ञात कीजिए।**

**उत्तर.** $K = \frac{1}{1 - MPC} = \frac{1}{1 - 0.75}$

$K = 4$

$K = \frac{\Delta Y}{\Delta I}$

$4 = \frac{\Delta Y}{75}$

$\Delta Y = 4 \times 75 = 300$ Crore.

**प्र. 3. एक अर्थव्यवस्था सन्तुलन में है। इसका उपयोग फलन=300+0.8Y है तथा निवेश रु. 700 करोड़ हो तो राष्ट्रीय आय ज्ञात कीजिए।**

**उत्तर.** $C = 300 + 0.8Y$

$Y = C + I$

$Y = 300 + 0.8Y + 700$

$0.2Y = 1000$

$Y = 5000$

राष्ट्रीय आय = Rs. 5000

**प्र. 4. कारण सहित बताइए कि निम्न कथन सत्य है या असत्य?**

1. जब सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति शून्य है तो निवेश गुणक का मान भी शून्य होगा।
2. औसत बचत प्रवृत्ति का मान कभी भी शून्य से कम नहीं होता है।
3. जब MPC > MPS तो निवेश गुणक का मान 5 से अधिक होगा।
4. सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS) का मान कभी भी ऋणात्मक नहीं होता है।
5. जब निवेश गुणक एक होता है तो सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) शून्य होती है।
6. औसत बचत प्रवृत्ति का मान 1 से अधिक नहीं हो सकता है।

**उत्तर.** 1. असत्य, क्योंकि जब MPC = 0, K = 1/(1 – MPC) = 1/1 – 0 = 1,

अतः निवेश गुणक का मान एक होता है।

2. असत्य, क्योंकि जब अर्थव्यवस्था में बचतें ऋणात्मक हैं तो APS ऋणात्मक होती है।
3. कथन असत्य, क्योंकि K का मूल्य 5 से अधिक और कम हो सकता है।
4. सत्य, क्योंकि MPS = ∆S/∆Y होता है ओर आय में वृद्धि होने पर बचतों में कभी भी कमी नहीं हो सकता।
5. सत्य, क्योंकि K = 1/(1 – MPC) = 1/ (1 – 0) = 1.
6. सत्य, क्योंकि बचत, आय से अधिक नहीं हो सकती।

**प्र. 5. निवेश गुणक तथा सीमान्त उपभोग प्रवृति में सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर.** K = 1/(1 – MPC), प्रदर्शित करता है कि MPC तथा निवेश गुणक में सीधा सम्बन्ध होता है। यदि बढ़ी हुई आय का अधिक भाग उपभोग पर व्यय किया जाएगा, तो निवेश गुणक का मान भी अधिक होगा। अर्थात् MPC का मान जितना अधिक होगा, गुणक का मान भी उतना ही अधिक होगा और विलोमशः। उदाहरण : MPC = 0.5, K = 2; MPC = 0.75, K = 4; MPC = 0.8, K = 5.

**प्र. 6. एक अर्थव्यवस्था का बचत वक्र रु 30 करोड़ का ऋणात्मक, अत: खण्ड बनाता है और अतिरिक्त आय का 20% भाग बचाया जाता है। बचत तथा उपभोग फलन ज्ञात कीजिए।**

**Ans.** $\overline{C}$ = 30 करोड़ रु.

MPS = 0.2

अत: बचत फलन / $S = -\overline{C} + (1 - b)\,y$

= – 30 + 0.2Y

उपभोग फलन MPC = 1 – 0.2 = 0.8

$C = \overline{C} + by$

C = 30 + 0.8Y

**विस्तृत उत्तरीय प्रश्न**

**6 अंक वाले प्रश्न**

**प्र. 1. अर्थव्यवस्था में 'अभावी मांग' दूर करने में निम्नलिखित की भूमिका समझाइए।**

**1. खुली बाजार कार्यवाही (क्रियाएँ)**

**2. बैंक दर**

**उत्तर.** 1. केन्द्रीय बैंक द्वारा खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय को खुले बाजार की क्रियाएँ कहते हैं।

अभावी मांग की स्थिति में केन्द्रीय बैंक प्रतिभूतियों को खरीदता है परिणाम स्वरूप उतने मूल्य की नकद राशि से वाणिज्य बैंक की ऋण देने की क्षमता बढ़ जाती है। अंतत: समग्र मांग बढ़ जाती है और अभावी मांग ठीक हो जाती है।

2. बैंक दर वह ब्याज की दर है जिस पर केन्द्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को दीर्घकालीन उधार देता है। अभावी मांग की स्थिति में केन्द्रीय बैंक, बैंक दर घटा देता है। इससे वाणिज्यिक बैंक ऋणों पर ब्याज दर घटाने को प्रोत्साहित होते हैं, फलस्वरूप लोग अधिक ऋण लेते हैं जिससे समग्र मांग बढ़ती है।

**प्र. 2. अर्थव्यवस्था में 'मांग आधिक्य' करने में निम्नलिखित की भूमिका समझाइए।**

1. बैंक दर
2. खुले बाजार की क्रियाएँ।

**उत्तर.** 1. मांग आधिक्य की स्थिति ठीक करने के लिए केन्द्रीय बैंक, बैंक दर बढ़ा देता है, जिससे वाणिज्यिक बैंक जिस दर पर ऋण देते हैं उसे बढ़ाने को मजबूर होते हैं। फलस्वरूप लोग कम ऋण लेते हैं और समग्र मांग घटती है।

2. जब मांग आधिक्य की स्थिति होती है तो केन्द्रीय बैंक सरकारी प्रतिभूतियों को बेचता है। ऐसी स्थिति में वाणिज्यिक बैंकों से मुद्रा केन्द्रीय बैंक के पास चली जाती है। इससे बैंकों की जमाएँ कम हो जाती हैं और ऋण देने का सामर्थ्य कम हो जाता हैं। कम ऋण दिया जाता है इससे समग्र मांग घटती है।

**प्र. 3. एक अर्थव्यवस्था में अस्फीतिकारी अंतराल दूर करने में निम्नलिखित की भूमिका समझाइए।**

1. सार्वजनिक व्यय
2. वैद्य आरक्षित अनुपात (LRR)

**उत्तर.** 1. अस्फीतिकारी अन्तराल अथवा अभावी मांग की स्थिति में सरकार को सार्वजनिक खर्च में वृद्धि करनी चाहिए जैसे भवन निर्माण, पुलों व सड़कों का निर्माण आदि। इससे रोजगार के स्तर में वृद्धि होगी। फलस्वरूप आय में वृद्धि होगी और अंततः क्रय शक्ति में वृद्धि होगी और समग्र मांग बढ़ेगी।

2. वैद्य आरक्षित अनुपात से अभिप्राय जमाओं के एक न्यूनतम प्रतिशत से है जिसे व्यापारिक बैंक अनिवार्य रूप से नकदी के रूप में केन्द्रीय बैंक के पास या अपने पास रिजर्व रखते हैं। अस्फीतिकारी अन्तराल की स्थिति में केन्द्रीय बैंक LRR कम कर देता है। फलस्वरूप बैंकों द्वारा ऋण देने के लिए कोष की उपलब्धता बढ़ जाती है। और समग्र मांग बढ़ती है।

**प्र. 4. अस्फीतिकारी अन्तराल दूर करने में सीमान्त आवश्यकता का क्या योगदान है? वर्णन कीजिए।**

**उत्तर.** सीमान्त आवश्यकता से अभिप्राय ऋणी द्वारा जमानत का मार्जिन या सीमा है। जब मार्जिन कम होता है तो उधार लेने की सीमा बढ़ जाती है। अवस्फीतिकारी अन्तर दूर करने के लिए केन्द्रीय बैंक मार्जिन कम कर देता है जिससे ऋणी की उधार की क्षमता बढ़ जाती है व समग्र मांग में भी वृद्धि हो जाती है।

**प्र. 5.** **एक अर्थव्यवस्था में बढ़ी हुई आय का 75% उपभोग पर व्यय किया जाता है। यदि निवेश में वृद्ध रु 1000 हो तो ज्ञात करो–**

1. आय में कुल वृद्धि
2. उपभोग व्यय में कुल वृद्धि

**उत्तर.** MPC = 75% = 75/100 अर्थात् 3/4.

MPS = 1 – 3/4 = 1/4 K = 1/MPS = 1/¼ = 4

1. $\Delta Y = \Delta I \times K$

$\Delta Y = 1000 \times 4$

= 4000 रूपये

2. Y = C + I

C = Y – I

= 4000 – 1000

= 3000 रूपये

**प्र. 6.** **एक अर्थव्यवस्था में आय का संतुलन स्तर 12000 करोड़ रु है। सीमान्त उपभोग प्रवृति तथा सीमान्त बचत प्रवृतियों का अनुपात 3:1 है। अर्थव्यवस्था के नए संतुलन स्तर 20000 करोड़ रु के लिए कितने अतिरिक्त निवेश की आवश्यकता होगी?**

**उत्तर.** दिया है Y = 12000 करोड़ रु.

MPC : MPS = 3 : 1

$$MPC = \frac{3}{4}, MPS = \frac{1}{4}$$

$\Delta I = ?$

नई सन्तुलन आय = 20000 करोड़ रु.

$\Delta Y$ = 20000 – 12000 = 8000 Crores रु.

K = 1/MPS = 4

$K = \Delta Y/\Delta I$ ; $4 = 8000 / \Delta I$

$\Delta I$ = 8000/4 = 2000 करोड़ रु.

**प्र. 7.** **रेपो दर और बैंक दर में अन्तर दीजिए।**

**उत्तर.** रेपो दर और बैंक दर दोनों का अर्थ है, वह दर जिस पर केन्द्रीय बैंक

वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। लेकिन रेपो दर का सम्बन्ध अल्पकालीन ऋणों से होता है और इस पर अल्पकालीन ब्याज दर लागू होती है, जबकि बैंक दर का सम्बन्ध दीर्घकालीन ऋणों से होता है और इस पर दीर्घकालीन ब्याज दर लागू होती है।

**प्र. 8. दिए बचत वक्र से उपभोग वक्र प्राप्त करने में, लिए जाने वाले चरण लिखिए। रेखाचित्र का प्रयोग करें।**

**उत्तर.** दिए बचत वक्र दिया गया है। इस वक्र के आधार पर उपभोग फलन प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित चरण हैं।

1. सर्वप्रथम मूल बिन्दु से गुजरती हुई 45° रेखा का निर्माण कीजिए।
2. फिर Y अक्ष के धनात्मक भाग पर $OS_1$ के बराबर OC लीजिए जोकि उपभोग वक्र का प्रारम्भिक बिन्दु है।
3. x-अक्ष पर, B बिन्दु शून्य बचत को दर्शाता है। इस बिन्दु से एक लम्ब खींचिए, जो 45° रेखा को E बिन्दु पर काटे। इस बिन्दु पर C = Y है। इस प्रकार E बिन्दु उपभोग वक्र पर स्थित दूसरा बिन्दु प्राप्त हो जाता है।
4. अंत में, C और E बिन्दु को मिलाते हुए इसे आगे तक ले जाइए। इस प्रकार, CC वांछित उपभोग वक्र प्राप्त हो जाएगा।




**प्र. 9. उपभोग वक्र से बचत वक्र प्राप्त करने में लिए जाने वाले चरण लिखिए। रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए।**

**उत्तर.**




1. CC' उपभोग वक्र है
2. OC के बराबर OS लो
3. OX अक्ष पर 0 बिन्दु से 45° की रेखा खींचों जो CC' को बिन्दु B पर काटती है।
4. B बिन्दु से OX पर एक लम्ब खींचो जो OX को B' पर काटता है।
5. S और B' को मिलाते हुए एक रेखा SS' खींचों
6. SS' बचत वक्र है।

## आंकिक अभ्यास

1. **यदि प्रयोज्य आय 2000 रूपये तथा उपभोग व्यय 1500 रूपये हैं, तो औसत बचत प्रवृति तथा औसत उपभोग प्रवृति ज्ञात कीजिए।**
2. **यदि व्यय योग्य आय 1000 रूपये तथा उपभोग व्यय 750 रूपये हैं, तो औसत बचत प्रवृति तथा औसत उपभोग प्रवृति ज्ञात कीजिए।**
3. **यदि MPS=MPC, तो गुणक (K) का मान ज्ञात कीजिए तथा K का अधिकतम तथा न्यूनतम मान लिखो।**
4. **यदि MPC का मान 0.9 है तो MPS का मान ज्ञात कीजिए।**
5. **निम्नलिखित आंकडों से APS व MPC के मानों की गणना कीजिए।**

| आय | उपभोग | MPC | APS |
|---|---|---|---|
| 0 | 40 | – | – |
| 100 | 120 | – | – |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 200 | 200 | – | – |
| 300 | 280 | – | – |
| 400 | 360 | – | – |

6. **सारणी को पूरा कीजिए-**

| आय (रु. 000) : | MPC | बचत | APS |
|---|---|---|---|
| 0 | – | – | – |
| 100 | 0.6 | – | – |
| 200 | 0.6 | – | – |
| 300 | 0.6 | – | – |

7. **एक अर्थव्यवस्था में बचत फलन S=-50+0.5Y (जहाँ S= बचत और Y= राष्ट्रीय आय) और निवेश व्यय 700 है। इससे निम्नलिखित का परिकलन कीजिए।**

   (i) **राष्ट्रीय आय का संतुलन स्तर**

   (ii) **राष्ट्रीय आय के संतुलन स्तर पर उपयोग व्यय**

$$S = -50 + 0.5Y$$

$$I = 700$$

8. **C=100+0.75Y है (जहाँ C= उपयोग व्यय तथा Y= राष्ट्रीय आय) और निवेश व्यय 800 है। इस सूचना के आधार पर निम्नलिखित का परिकलन कीजिए।**

   (i) **राष्ट्रीय आय का संतुलन स्तर**

   (ii) **राष्ट्रीय आय के संतुलित स्तर पर बचत**

9. **एक अर्थव्यवस्था में निम्न उपभोग फलन दिया गया है-**

   $C = 100 + 0.5\ Y$

   **एक संख्यात्म उदाहरण की सहायता से दिखाइए कि इस अर्थव्यवस्था में जब आय में वृद्धि होती है तो APC में कमी होती है।**

10. **यदि अर्थव्यवस्था में MPC=0.8 है तो निम्नलिखित सारिणी को पूरा कीजिए।**

| आय (रु.) (Y) | उपभोग (रु.) (C) | बचत (रु.) (S) | निवेश (रु.) (I) | AD (रु) | AS (रु) |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | | –60 | 40 | | |
| 100 | | | 40 | | |
| 200 | | | 40 | | |
| 300 | | | 40 | | |
| 400 | | | 40 | | |
| 500 | | | 40 | | |
| 600 | | | 40 | | |
| 700 | | | 40 | | |

11. यदि एक अर्थव्यवस्था में उपभोग फलन C= 75 + 0.9Y तथा निवेश व्यय रु. 400 करोड़ है तो गणना कीजिए।

(अ) आय का संतुलन सतर

(ब) आय के संतुलन स्तर पर बचत।

## 3-4 अंक वाले आंकिक प्रश्नों के हल

1. $APC = \frac{1500}{2000} = 0.75$

APS = 1 – APC = 0.25

2. $APC = \frac{750}{1000} = 0.75$

APS = 1 – APC = 0.25

3. K = 2, K का अधिकतम मान अनंत तथा न्यूनतम मान एक होता है।

4. MPS = 1 – MPC = 1 – 0.9 = 0.1

| आय (Rs. 1000) | उपभोग (Rs. 1000) | MPC (DC/DY) | APS (S/Y) |
|---|---|---|---|
| 0 | 40 | – | – |
| 100 | 120 | –0.2 | 0.8 |
| 200 | 200 | 0 | 0.8 |
| 300 | 280 | 0.067 | 0.8 |
| 400 | 360 | 0.1 | 0.8 |

6.

| *Income* | *MPC* | *Savings* | *APS* |
|---|---|---|---|
| 0 | – | –90 | – |
| 100 | 0.6 | –50 | –0.5 |
| 200 | 0.6 | –10 | –0.05 |
| 300 | 0.6 | –30 | 0.1 |

उत्तर : 7 (i) संतुलन स्तर पर

$$AD = AS$$
$$I = S$$
$$700 = -50 + 0.5Y$$
$$0.5Y = 750$$
$$Y = \frac{750}{0.5} = 1500$$

(ii) उपभोग व्यय :

$$Y = C + S$$
$$C = Y - S \qquad (I = S)$$
$$= 1500 - 700 = 800$$

**उत्तर- 8:**

$$Y = C + S$$
$$= (I = S)$$
$$Y = 100 + 0.75Y + 800$$
$$0.05Y = 900$$
$$Y = 3600$$
$$S = 800$$

**उत्तर- 9:**

| Y (आय) | C (उपभोग) | APC = $\frac{C}{Y}$ | |
|---|---|---|---|
| 100 | 150 | 1.5 | |
| 200 | 200 | 1 | APC उत्तरोत्तर |
| 300 | 250 | 0.8 | गिर रही है |
| 400 | 300 | 0.75 | |

## 6 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

**उत्तर:** 10

| *आय (Y)* | *उपभोग (C)* | *बचत (S)* | *निवेश (I)* | *AD (C+1)* | *AS (C+S)* |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 60 | –60 | 40 | 100 | 0 |
| 100 | 140 | –40 | 40 | 180 | 100 |
| 200 | 220 | –20 | 40 | 260 | 200 |
| 300 | 300 | 0 | 40 | 340 | 300 |
| 400 | 380 | 20 | 40 | 420 | 400 |
| 500 | 460 | 40 | 40 | 500 | 500 |
| 600 | 540 | 60 | 40 | 580 | 600 |
| 700 | 620 | 80 | 40 | 660 | 700 |

**उत्तर:**11. (अ) AD = C + I

AD = 75 + 0.9Y + 400

AD = 475 + 0.9Y

संतुलन में

AS = AD

Y = 475 + 0.9Y

0.1Y = 475

Y = 4750 रूपये

(ब) C = 75 + 0.9Y

= 0.75 + 0.9 (4750)

= 75 + 4275

= 4350 रूपये।

S = Y – C

= 4750 – 4350 = 400

S = 400 करोड़

## अध्याय-4

# सरकारी बजट एवं अर्थव्यवस्था

## स्मरणीय बिन्दु

- **बजट :** यह आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सरकार की अनुमानित व्ययों एवं अनुमानित प्राप्तियों का वार्षिक वित्तीय विवरण है।

- **बजट के मुख्य उद्देश्य**

  (i) संसाधनों का पुन: आवंटन

  (ii) आय व धन का पुन: वितरण

  (iii) आर्थिक स्थिरता

  (iv) सार्वजनिक उद्यमों का प्रबन्ध

  (v) आर्थिक विकास

  (vi) निर्धनता एवं बेरोजगारी उन्मूलन

- **बजट के घटक**

  (a) राजस्व बजट (b) पूँजीगत बजट

  राजस्व बजट सरकार की राजस्व प्राप्तियों तथा व्ययों का विवरण है।

- **बजट को दो भागों में बाँटा जाता है-**

  1. **बजट प्राप्तियाँ :** इससे तात्पर्य एक वित्तीय वर्ष की अवधि में सरकार की सभी स्रोतों से अनुमानित मौद्रिक प्राप्तियों से है। बजट प्राप्तियों को निम्न दो उप-वर्गों में बाँटा जा सकता है- राजस्व प्राप्तियाँ तथा पूँजीगत प्राप्तियाँ।

**बजट प्राप्तियाँ**

- **राजस्व प्राप्तियाँ**
  - **कर राजस्व**
    - **प्रत्यक्ष कर**
      - आय कर
      - निगम कर
      - सम्पत्ति कर
    - **अप्रत्यक्ष कर**
      - बिक्री कर
      - सेवा कर
      - मनोरंजन कर
      - GST
  - **गैर कर राजस्व**
    - व्यावसायिक राजस्व
    - ब्याज प्राप्तियाँ
    - लाभ और लाभांश
    - अनुदान
    - फीस
    - लाइसेन्स फीस
    - जुर्माना
- **पूँजीगत प्राप्तियाँ**
  - उधार एवं अन्य देयतायें
  - ऋणों की वसूली या पुनप्राप्तियाँ
  - विनिवेश प्राप्तियाँ

❑ **प्रत्यक्ष कर :** प्रत्यक्ष कर वह कर है जो उसी व्यक्ति द्वारा दिया जाता है जिस पर वह कानूनी रूप में लगाया जाता है। इस कर का भार अन्य व्यक्तियों पर नहीं टाला जा सकता है।

उदाहरण - आय कर, सम्पत्ति कर।

❑ **अप्रत्यक्ष कर :** अप्रत्यक्ष कर वे कर हैं जो लगाए तो किसी एक व्यक्ति पर जाते हैं किंतु इनका आंशिक या पूर्ण रूप से भुगतान किसी अन्य व्यक्ति को करना पड़ता है। इस कर का भार अन्य व्यक्तियों पर टाला जा सकता है। उदाहरण - बिक्री कर, मूल्य वृद्धि कर (VAT), GST

❑ **राजस्व प्राप्तियाँ**

1. ये सरकार की परिसम्पत्तियों को कम नहीं करती हैं।
2. ये सरकार के दायित्वों में वृद्धि नहीं करती है।
3. ये आवर्ती प्रकृति की होती है।

❑ **पूँजीगत प्राप्तियाँ**

(i) ये सरकार की परिसम्पत्तियों को कम कर देती है।

(ii) ये सरकार के दायित्वों में वृद्धि करती है।

(iii) ये आवर्ती प्रकृति की नहीं होती।

2. **बजट व्यय :** इससे तात्पर्य एक वित्तीय वर्ष की अवधि में सरकार द्वारा विभिन्न मदों के ऊपर की जाने वाली आनुमानित व्यय से है। बजट व्यय को निम्न दो मुख्य उप वर्गों में बाँटा जाता है, राजस्व व्यय तथा पूँजीगत व्यय।

**बजट व्यय**

| **राजस्व व्यय** | **पूँजीगत व्यय** |
|---|---|
| (उदाहरण : ब्याज भुगतान, अनुदान, वेतन, एवं पेंशन) | (उदाहरण : विद्यालय भवन का निर्माण, शेयर, भूमि व मशीन की खरीद) |

- **राजस्व व्यय**
  - (i) ये सरकार की परिसम्पत्तियों में वृद्धि नहीं करते हैं।
  - (ii) ये सरकार के दायित्वों में कोई कमी नहीं करते हैं। जैसे- ब्याज का भुगतान, आर्थिक सहायता, कानून व्यवस्था बनाये रखने पर व्यय आदि।
  - (iii) ये आवर्ती प्रकृति के होते हैं।
- **पूँजीगत व्यय**
  - (i) ये सरकार की परिसम्पत्तियों में वृद्धि करते हैं।
  - (ii) सरकार के दायित्वों में कमी करते हैं। जैसे विद्यालय भवनों का निर्माण, पुराने ऋण का भुगतान, वित्तीय परिसम्पत्तियों का क्रय इत्यादि।
  - (iii) ये आवर्ती प्रकृति के नही होते।
- **राजस्व घाटा :** जब सरकार के कुल राजस्व व्यय उसकी कुल राजस्व प्राप्तियों से अधिक हो।
- **राजस्व घाटे के प्रभाव :**
  - (i) यह सरकार की भावी देनदारियों में वृद्धि करता है।
  - (ii) यह सरकार के अनावश्यक व्ययों की जानकारी देता है।
  - (iii) यह ऋणों के बोझ को बढ़ाता है।
- **राजकोषीय घाटा :** कुल व्यय की उधार रहित कुल प्राप्तियों पर अधिकता।
- **राजकोषीय घाटा :** कुल व्यय – उधार के बिना कुल बजट प्राप्तियाँ
- **राजकोषीय घाटे के प्रभाव**
  - (i) यह मुद्रा स्फीति को बढ़ाता है।

(ii) देश ऋण – जाल में फंस जाता है।

(iii) यह देश के भावी विकास तथा प्रगति को कम करता है।

- **प्राथमिक घाटा :** राजकोषीय घाटे में से ब्याज अदायगियों को घटाने से प्राथमिक घाटे का पता चलता है।
- **प्राथमिक घाटा :** राजकोषीय घाटा – ब्याज अदायगियाँ
- **<u>प्राथमिक घाटे के प्रभाव</u>**

1. इससे पता चलता है कि भूतपूर्व नीतियों का भावी पीढ़ी पर क्या भार पड़ेगा।
2. शून्य या प्राथमिक घाटे से अभिप्राय है कि सरकार पुराने ऋणों का ब्याज चुकाने के लिए उधार लेने को मजबूर है।
3. यह ब्याज अदायगियों रहित राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए सरकार की उधार जरूरतों को दर्शाता है।

# परीक्षा उपयोगी प्रश्न

## अति लघु उत्तरीय

## एक अंक वाले प्रश्न (उत्तर सहित)

**प्र. 1. ऋणों की वापसी पूंजीगत व्यय क्यों है?**

उ. इससे सरकार की देयता में कमी आती है।

**प्र. 2. ऋणों की वसूली पूंजीगत प्राप्ति क्यों मानी जाती है?**

उ. क्योंकि इससे सरकार की परिसंपत्ति में वृद्धि होती है।

**प्र. 3. राजस्व प्राप्तियों के दो उदाहरण दीजिए?**

उ. (i) कर की प्राप्तियां (ii) सरकारी उद्यम से प्राप्त आय

**प्र. 4. बजट की परिभाषा लिखिए?**

उ. बजट आगामी वित्तीय वर्ष में सरकार की अनुमानित आय और अनुमानित व्यय का ब्यौरा है।

**प्र. 5. राजस्व बजट को परिभाषित कीजिए?**

उ. राजस्व बजट सरकार की वित्तीय वर्ष में अनुमानित राजस्व प्राप्तियों व राजस्व व्यय का ब्यौरा है।

**प्र. 6. विनिवेश को परिभाषित कीजिए?**

उ. सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों के शेयरों की बिक्री विनिवेश है।

**प्र. 7. पूंजीगत व्यय क्या है?**

उ. पूंजीगत व्यय सरकार की एक वित्तीय वर्ष में अनुमानित पूंजीगत प्राप्तियों व पूंजीगत व्यय को दर्शाता है।

**प्र. 8. प्रत्यक्ष कर क्या है उदाहरण देकर समझाइए।**

उ. प्रत्यक्ष कर, वे कर होते हैं जिसमें कर अदा करने की देनदारी और कर का भार एक ही (उसी) व्यक्ति पर पड़ता है।

उदाहरण- आय कर, निगम कर

**प्र. 9. अप्रत्यक्ष कर की परिभाषा दीजिए।**

**उ.** अप्रत्यक्ष कर, कर अदा करने की देनदारी और कर का भार अलग-अलग व्यक्तियों पर पड़ना अप्रत्यक्ष कर कहलाता है।

उदाहरण: सेवा कर, उत्पादन कर, बिक्री कर

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

**3-4 अंक वाले प्रश्न**

**प्र. 1. सरकारी बजट का 'आय का पुनर्वितरण' उद्देश्य समझाइए।**

**अथवा**

सरकारी बजट की सहायता से आप की असमानताओं को किस प्रकार कम किया जा सकता है? समझाइए।

**उ.** अर्थव्यवस्था में आय के पुनर्वितरण अथवा आय व धन की असमानताओं को कम करने हेतु बजटीय नीतियाँ एक उपयोगी माध्यम हैं। इसके लिए सरकार अपनी कर नीति तथा सार्वजनिक व्यय जैसे उपकरणों में अपेक्षित परिवर्तन करती है। अमीरों पर अधिक कर का भार डालकर सरकार उनकी आय व सम्पत्ति को कम कर सकती है तथा गरीबों के कल्याण पर किए जाने वाले सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करके सरकार गरीबों के रहन-सहन के स्तर व क्रय शक्ति को बढ़ा सकती है जिससे आय व धन की असमानताओं में कमी आएगी।

**प्र. 2. सरकारी बजट का संसाधनों का पुनः आबटन उद्देश्य समझाइए।**

**उ.** सरकार अर्थव्यवस्था में अधिकतम लाभ तथा सामाजिक कल्याण के बीच सन्तुलन स्थापित करने के लिए बजट की सहायता से संसाधनों का पुनः आबंटन करने का प्रयास करती है। संसाधनों के पुनः आबंटन हेतु सरकार अलाभदायक क्षेत्रों में निवेश वृद्धि हेतु करों में छूट तथा आर्थिक सहायता प्रदान कर सकती है। सरकार स्वयं भी ऐसी वस्तुओं व सेवाओं का उत्पादन कर सकती हैं जिनके उत्पादन में निजी क्षेत्र की रूचि न हो। सरकार सामाजिक जीवन पर दुष्प्रभाव छोड़ने वाली वस्तुओं के उत्पादन पर कर भार में वृद्धि करके इन क्षेत्रों में निवेश को हतोत्साहित कर सकती है।

**प्र. 3. राजस्व प्राप्ति तथा पूँजीगत प्राप्ति के बीच उदाहरण की सहायता से अन्तर कीजिए।**

**उ. राजस्व प्राप्तियाँ**

1. ये वे प्राप्तियाँ है, जिनसे सरकार की परिसम्पतियों कम नहीं होती।
2. ये प्राप्तियाँ, सरकार के दायित्वों को उत्पन्न नहीं करती।
3. **उदाहरण**- कर, सरकारी विभागों के उत्पादन की बिक्री से आय।

**पूँजीगत प्राप्तियाँ**-

1. इन प्राप्तियों से सरकार की परिसम्पतित्तयों में कमी आती है।
2. ये प्राप्तियाँ सरकार के दायित्वों में वृद्धि करती है।
3. **उदाहरण**- सरकारी ऋण, ऋणों की वसूली।

**प्र. 4. राजस्व व्यय तथा पूँजीगत व्यय के बीच अन्तर उदाहरण की सहायता से कीजिए।**

**उ. राजस्व व्यय**-

(1) इन व्ययों से सरकारी परिसम्पत्तियों में कोई वृद्धि नहीं होती।

(2) इन व्ययों से सरकार के दायित्वों में कमी नहीं होती।

(3) **उदाहरण**- प्रतिरक्षा व्यय, आर्थिक सहायता पर व्यय।

**पूँजीगत व्यय**-

(1) इन व्ययों से सरकारी परिसम्पत्तियों में वृद्धि होती है।

(2) ये व्यय सरकारी दायित्वों को कम करते है।

(3) **उदाहरण**- ऋणों की अदायगी, निर्माण पर व्यय।

**प्र. 5. प्रत्यक्ष कर तथा अप्रत्यक्ष कर में उदाहरण की सहायता से अन्तर कीजिए।**

**उ. प्रत्यक्ष कर**-

(1) इस कर के भुगतान का दायित्व ओर वास्तविक भार एक ही व्यक्ति पर पड़ता है।

(2) इस कर के भार को आगे टाला नहीं जा सकता।

(3) **उदाहरण**- आयकर, सम्पत्ति कर।

**अप्रत्यक्ष कर-**

(1) इस कर के भुगतान का दायित्व और वास्तविक भार अलग-अलग व्यक्तियों पर पड़ता है।

(2) इस कर के भार को आगे टाला जा सकता है।

(3) **उदाहरण-** उत्पाद कर, बिक्री कर।

**प्र. 6. राजकोषीय घाटे का अर्थ स्पष्ट कीजिए। इसके अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रमुख प्रभावों का उल्लेख कीजिए।**

**उ.** राजकोषीय घाटा कुल बजट व्यय की उधार छोड़कर कुल बजट प्राप्तियों पर अधिकता को दर्शाता है। अर्थात् राजकोषीय घाटा मुख्यतः सरकार द्वारा सार्वजनिक व्ययों की पूर्ति हेतु लिए गए उधार के बराबर होता है।

राजकोषीय घाटा- कुल बजट व्यय - उधार छोड़कर कुल बजट प्राप्तियाँ

**राजकोषीय घाटे का प्रभाव-**

1. राजकोषीय घाटा से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की पूर्ति बढ़ जाती है।
2. अर्थव्यवस्था पर ऋणों का भार बढ़ जाता है।
3. सामान्य कीमत बढ़ जाती है।

**प्र. 7. राजस्व घाटा किसे कहते है? इसका निहितार्थ स्पष्ट कीजिए।**

**उ.** **राजस्व घाटा:-** जब सरकार की कुल राजस्व व्यय उसकी कुल राजस्व प्राप्तियों से अधिक हो।

अर्थात् राजस्व घाटा, राजस्व व्यय की राजस्व प्राप्तियों पर अधिकता है।

**निहितार्थ :** 1. इसका अर्थ है कि सरकार पिछली बचतों को खर्च कर रही है।

2. इसका अर्थ है कि सरकार का वर्तमान व्यय उसके वर्तमान आय से अधिक है।

3. उच्च राजस्व घाटा सरकार को चेतावनी देता है कि या तो सरकार अपना व्यय कम करें अथवा सरकार राजस्व बढ़ाएं।

**प्र. 8. निम्नलिखित आँकड़ों से ( 1 ) राजस्व घाटा ( 2 ) राजकोषीय घाटा ( 3 ) प्राथमिक घाटा ज्ञात करें।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उधार को छोड़कर पूंजीगत प्राप्तियां | 95 |
| 2. | राजस्व व्यय | 100 |
| 3. | ब्याज भुगतान | 10 |
| 4. | राजस्व प्राप्तियां | 80 |
| 5. | पूंजीगत व्यय | 110 |

**उ.** 1. राजस्व घाटा = राजस्व व्यय – राजस्व प्राप्तियां

= 100 – 80 = रू. 20 करोड़

2. राजकोषीय घाटा = (राजस्व व्यय + पूंजीगत व्यय) – राजस्व प्राप्तियां – उधार को छोड़कर पूंजीगत प्राप्तियां

= 100 + 110 – 80 – 95 = रू. 35 करोड़ रु.

3. प्राथमिक घाटा = राजकोषीय घाटा – ब्याज भुगतान

= 35 – 10 = रू. 25 करोड़

अध्याय–5

# भुगतान शेष

## स्मरणीय बिन्दु

- भुगतान शेष एक वर्ष की अवधि में किसी देश के सामान्य निवासियों और शेष विश्व के बीच समस्त आर्थिक लेन-देनों का एक विस्तृत एवं व्यवस्थित विवरण होता है। इसे विदेशी विनिमय के वार्षिक अन्त: प्रवाह तथा बाह्य प्रवाह का लेखा भी कहा जाता है।

**भुगतान शेष के घटक**

**चालू खाता**
इस खाते में वस्तुओं व सेवाओं के निर्यात एवं आयात और चालू अन्तरणों की प्राप्तियों व भुगतान के विवरण दर्ज होते हैं।

**पूँजीगत खाता**
इस खाते में परिसम्पत्तियों जैसे मुद्रा स्टॉक, बन्ध पत्र आदि अर्थात् किसी अर्थव्यवस्था और शेष विश्व के बीच परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों के स्वामित्व का हस्तांतरण शामिल होते हैं।

**चालू खाते की मदें**

1. दृश्य मदें (वस्तुओं का आयात-निर्यात)
2. अदृश्य मदें (सेवाओं का **आदान-प्रदान**)
3. एक पक्षीय अन्तरण

**पूँजीगत खाते की मदें**

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, पोर्टफोलियो निवेश
2. विदेशी ऋण
3. विदेशी मुद्रा कोष में परिवर्तन

पूँजीगत खाते की मदें सम्पत्ति व दायित्वों में परिवर्तन लाती हैं।

- **व्यापार शेष** किसी देश के सामान्य निवासियों ओर शेष विश्व के बीच दृश्य मदों (वस्तुओं) के आयात तथा निर्यात का अन्तर होता है।
- **स्वायत्त सौदों** से अभिप्राय उन आर्थिक लेन देनों से है जिन्हें लाभ के उद्देश्य से किया जाता है। इनका उद्देश्य भुगतान शेष खाते में सन्तुलन बनाए रखना नहीं होता। इन्हे रेखा के ऊपर की मदें कहा जाता है।
- **समायोजन मदें** वे आर्थिक सौदें हैं जिन्हें किसी देश की सरकार द्वारा भुगतान शेष को सन्तुलित बनाए रखने के लिए किया जाता है, इनका उद्देश्य भुगतान शेष खाते के असन्तुलन को दूर करना होता है, इन्हें रेखा के नीचे की मदें भी कहा जाता है।
- **भुगतान शेष में घाटा**– जब स्वायत्त प्राप्तियों का मूल्य, स्वायत्त भुगतान के मूल्य से कम हो जाता है तो भुगतान शेष में घाटा कहते हैं।
- **विनिमय दर** एक देश की करेन्सी का जिस दर पर दूसरे देश की करेन्सी से विनिमय किया जाता है उसे विदेशी विनिमय दर कहते हैं।
- **स्थिर विदेशी विनिमय दर**– वह विदेशी विनिमय दर जिसका निर्धारण या तो देश की सरकार या मौद्रिक अथॉरिटी (केन्द्रीय बैंक) करें उसे स्थिर विदेशी विनिमय दर कहते हैं।
- **लोचशील या नम्य विनिमय दर** का निर्धारण विदेशी विनिमय की मांग तथा पूर्ति की शक्तियों पर निर्भर करता है। विदेशी मुद्रा की मांग तथा नम्य विनिमय दर में विपरीत सम्बन्ध होता है। यदि विनिमय दर ऊँची है तो विदेशी मुद्रा की मांग कम होगी और विलोमशः इसके विपरीत विदेशी विनिमय दर व विदेशी मुद्रा की पूर्ति में प्रत्यक्ष सम्बन्ध होता है। यदि विदेशी विनिमय दर अधिक है, तो विदेशी मुद्रा की पूर्ति अधिक होगी।
- **विदेशी मुद्रा मांग के स्रोत**

  (i) विदेशों में वस्तुओं व सेवाएँ खरीदने के लिए

  (ii) विदेशों में वित्तीय परिसम्पत्तियां (जैसे बांड, शेयर) खरीदने के लिए

  (iii) विदेशी मुद्राओं के मूल्यों पर सट्टेबाजी के लिए

(iv) विदेशो में प्रत्यक्ष निवेश (जैसे- दुकान, मकान, फैक्टरी खरीदना) के लिए

- **<u>विदेशी मुद्रा की पूर्ति के स्रोत</u>**

(i) विदेशियों द्वारा घरेलू बाजार में प्रत्यक्ष (वस्तुओं व सेवाओं की) खरीद

(ii) विदेशियों द्वारा प्रत्यक्ष निवेश

(iii) विदेशी पर्यटकों का हमारे देश में भ्रमण

(iv) विदेशों में रहने वाले अनिवासी भारतीय द्वारा भेजा गया धन या प्रेषणाएँ (एक पक्षीय हस्तातंरण)

(v) वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात

- **<u>नम्य विनिमय दर के गुण</u>**

(i) विदेशी मुद्राओं के भण्डार की आवश्यकता नहीं

(ii) संसाधनों का सर्वोत्तम आबंटन

(iii) भुगतान सन्तुलन खाते में स्वतः समायोजन

(iv) व्यापार ओर पूँजी के आवागमन में आने वाली रूकावटों को दूर करना

- **<u>नम्य विनिमय दर के दोष</u>**

(i) विदेशी विनिमय दर में अस्थिरता

(ii) सट्टेबाजी को बढ़ावा

- **<u>नम्य विनिमय दर का निर्धारण</u>**

नम्य विनिमय दर प्रणाली के अन्तर्गत, विदेशी विनिमय दर का निर्धारण बाजार शक्तियों द्वारा होता हैं। दूसरे शब्दों में सन्तुलन विनिमय दर का निर्धारण विदेशी मुद्रा की मांग तथा उसकी पूर्ति द्वारा होता है।

विदेशी विनिमय की मांग तथा विनिमय दर में विपरीत सम्बन्ध होता है। इसलिए

विदेशी विनिमय की मांग वक्र ऋणात्मक ढाल की होती है। विदेशी विनिमय की पूर्ति तथा विनिमय दर में धनात्मक (प्रत्यक्ष) सम्बन्ध होता है। इसलिए विदेशी विनिमय की पूर्ति वक्र धनात्मक ढाल की होती हे। दोनों वक्रों के अत: क्रिया द्वारा सन्तुलन विदेशी विनिमय दर का निर्धारण होता है।




- **सन्तुलन विनिमय दर** वह विदेशी विनिमय दर जिस पर विदेशी विनिमय की मांग और पूर्ति दोनों बराबर होते हैं उसे सन्तुलन विदेशी विनिमय दर कहते हैं। चित्र में OR संतुलन विनिमय दर है।

- **प्रबंधित तरणशीलता :** एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें केन्द्रीय बैंक विदेशी विनिमय दर के निर्धारण को बाजार शक्तियों पर छोड़ देता है परन्तु समय-समय पर आवश्यकता के अनुसार दर को प्रभावित करने के लिए हस्तक्षेप भी करता है। जब विदेशी विनिमय की दर अत्यधिक निम्न हो केन्द्रीय बैंक विदेशी विनिमय का क्रय करना शुरू कर देता है और जब विदेशी विनिमय की दर अधिक हो तो विदेशी विनिमय का विक्रय शुरू कर देता है।

- **अवमूल्यन:** जब देश की सरकार अथवा केन्द्रीय बैंक घरेलू मुद्रा का बाह्य मूल्य घटाती है तो उसे अवमूल्यन कहते हैं। इससे आयात महंगी तथा निर्यात सस्ती हो जाती है। सामान्यत: यह स्थिर विनियम दर प्रणाली में होता है।

- **अधिमूल्यन:** जब सरकार अथवा केन्द्रीय बैंक घरेलू मुद्रा के बाह्य मूल्य को बढ़ाती है तो मुद्रा का अधिमूल्यन कहलाता हैं। सामान्यत: यह स्थिर विनिमय दर में होता हैं।

- **मुद्रा का मूल्यहास:** जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मुद्रा की माँग तथा पूर्ति के

फलस्वरूप घरेलू मुद्रा के मूल्य में विदेशी मुद्रा के मूल्य के सापेक्ष गिरावट आती है तो यह मुद्रा को मूल्यहास कहलाता है।

- **मुद्रा की मूल्यवृद्धि :** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, मुद्रा की मांग तथा पूर्ति के फलस्वरूप घरेलू मुद्रा के मूल्य में विदेशी मुद्रा के सापेक्ष बढ़ोतरी होती है तो यह मुद्रा की मूल्यवृद्धि कहलाती है।

## परीक्षोपयोगी प्रश्न

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

## (1 अंक)

**प्र. 1. विदेशी विनियम किसे कहते हैं?**

**उ.** घरेलू मुद्रा के अतिरिक्त कोई भी विदेशी मुद्रा विदेशी विनियम कहलाती है।

**प्र. 2. विदेशी विनियम दर को परिभाषित कीजिए।**

**उ.** विदेशी विनिमय दर वह दर है जिस पर एक देश की मुद्रा, दूसरे देश की मुद्रा में परिवर्तित हो जाती है।

उदाहरण- 1$ = रु 62

इसका अर्थ है कि 1US$ को लेने के लिए हमें रु. 62 देने पड़ेगें।

**प्र. 3. विदेशी विनियम की माँग के तीन स्त्रोत लिखिए।**

**उ.** विदेशी विनिमय की माँग के तीन स्रोत निम्न हैं।

1. आयात हेतु
2. अन्तर्राष्ट्रीय ऋणों का भुगतान
3. विदेशों में निवेश

**प्र. 4. विदेशी विनियम की पूर्ति के तीन स्त्रोत बताइए।**

उ.

1. निर्यात

2. शेष विश्व से निवेश

3. शेष विश्व से ऋण

**प्र. 5. भुगतान शेष किसे कहते हैं?**

उ. एक देश का भुगतान शेष उस देश के निवासियों तथा शेष विश्व के निवासियों के बीच किए गए सभी आर्थिक सौदो का क्रमबद्ध लेखा है जो एक समय अवधि में (एक वर्ष) में किया जाता है।

**प्र. 6. व्यापार शेष में घाटे का क्या अर्थ है?**

उ. व्यापार शेष में घाटे का यह अर्थ है कि वस्तुओं का आयात वस्तुओं के निर्यात से अधिक है।

**प्र. 7. स्थिर विनियम दर क्या है?**

उ. जब विनिमय दर सरकार द्वारा निर्धारित की जाती है।

**प्र. 8. भुगतान शेष में घाटे का क्या अर्थ है? समझाइए।**

उ. जब स्वायत्त विदेशी विनिमय का भुगतान स्वायत्त विदेशी विनिमय की प्राप्तियों से अधिक होता है तो इनके अंतर को ही भुगतान शेष घाटा कहते है।

**प्र. 9. नम्य विनियम दर को परिभाषित कीजिए।**

उ. नम्य विनिमय दर वह दर है जो विदेशी मुद्रा बाजार में माँग तथा पूर्ति शक्तियों द्वारा निर्धारित होती है।

**प्र. 10. प्रबंधित तरणशीलता किसे कहते है?**

उ. यह वह प्रणाली है जिसमें विनिमय दर अंतराष्ट्रीय मुद्रा बाजार में पूर्ति तथा मांग की शक्तियों द्वारा निर्धारित होती है परंतु सरकार अथवा केन्द्रीय बैंक विनिमय दर को प्रंबधित करने के लिए इसमें हस्तक्षेप करती है जब आवश्यकता पड़ती है।

**प्र. 11. निम्न सौदों को भारत के भुगतान शेष के चालू खाते में शामिल करेंगे अथवा पूँजीगत खाते में, वर्गीकृत करते हुए कारण भी दीजिए।**

(a) विदेशी निवासी द्वारा TISCO कंपनी के शेयरों को खरीद

(b) भारतीय स्कर्ट की जर्मनी में बिक्री

(c) इफोसिस कंपनी द्वारा अमेरिकी बैंक से लिया गया ऋण।

(d) एक भारतीय द्वारा कनाडा में रहने वाले अपने मित्र को भेजी गई मुद्रा

(e) इंग्लैंड में खरीदी गई भूमि।

(f) अमेरिका में रहने वाले संबंधी द्वारा भेजा गया तोहफा

**उत्तर**

(a) पूँजीगत खाता (b) चालू खाता

(c) पूँजीगत खाता (d) चालू खाता

(e) पूँजीगत खाता (f) चालू खाता

## लघु उत्तरीय प्रश्न
## 3-4 अंक

**प्र. 1. भुगतान शेष के चालू खाते की मदों के नाम लिखिए।**

**उ.** 1. वस्तु का निर्यात व आयात

2. सेवाओं का निर्यात व आयात

3. एक पक्षीय हस्तांतरण

**प्र. 2. घरेलू मुद्रा के अवमूल्यन तथा मूल्यह्रास में भेद कीजिए।**

**उ.** जब सरकार द्वारा अपनी घरेलू मुद्रा का मूल्य विदेशी मुद्रा के रूप में जानबूझकर गिराया जाता है तो उसे घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन कहते हैं। जबकि घरेलू मुद्रा का मूल्यह्रास तब होता है जब इसका मूल्य विदेशी विनिमय बाजार में मांग व पूर्ति में परिवर्तन के कारण, विदेशी मुद्रा की तुलना में गिर जाता है।

**प्र. 3. जब विदेशी मुद्रा की कीमत अधिक होती है तो उसकी पूर्ति में भी वृद्धि होती है। समझाइए, ऐसा क्यों?**

**उ.** जब विदेशी मुद्रा की कीमत (देशीय मुद्रा में) बढ़ती है तो निर्यात सस्ता हो जाता

है। अर्थात् विदेशियों को आयात के लिए कम मुद्रा देनी पड़ती है। फलस्वरूप वे अधिक मांग करते है अर्थात् देशी निर्यात बढ़ जाता है जिससे विदेशी मुद्रा की पूर्ति बढ़ जाती है।

**प्र. 4. भुगतान संतुलन खाते की स्वायत्त मदें तथा समायोजक मदों में अन्तर स्पष्ट कीजिए तथा प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए।**

**उ.** स्वायत्त मदें वे आर्थिक सौदे है जिन्हे लाभ के उद्देश्य से किया जाता है। इनका उद्देश्य भुगतान शेष खाते में संतुलन बनाए रखना नहीं होता। इन्हें रेखा के ऊपर की मदें कहा जाता है।

**उदाहरण-निर्यात**

समायोजक मदें वे आर्थिक सौदे हैं जिन्हें किसी देश की सरकार द्वारा भुगतान शेष को संतुलित बनाए रखने के लिए किया जाता है, इसका उद्देश्य भुगतान शेष खाते के असतुंलन को दूर करना होता है, इन्हें रेखा के नीचे की मदें भी कहा जाता है।

**उदाहरणः** IMF (अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष) से उधार

**प्र. 5. भुगतान शेष के पूँजी खाते के घटकों के नाम लिखिए।**

**उ.**

1. विदेशों से और विदेशों को ऋण
2. विदेशों द्वारा निवेश और विदेशों में निवेश
3. विदेशी विनिमय कोष में परिवर्तन

**प्र. 6. व्यापार शेष में क्या लेन-देन होता है? अनुकूल व्यापार शेष कब होता है।**

**उ.** व्यापार शेष में केवल वस्तुओं का आयात व निर्यात शामिल होता है। जब वस्तुओं के निर्यात का मूल्य वस्तुओं के आयात के मूल्य से अधिक होता है तो उसे अनकूल व्यापार शेष कहते हैं।

**प्र. 7. भारतीय निवेशक विदेशों में उधार देते है। निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।**

(a) भुगतान संतुलन लेखा के किस उपलेखा और किस पक्ष में यह उधार दर्ज होगा? कारण दीजिए।

(b) इस उधार का बाजार विनियय दर पर प्रभाव समझाइए।

**उ.**(a) भारतीय निवेशक विदेशों में उधार देते हैं यह भुगतान संतुलन लेखा के पूंजीखाते के नाम (Debit) पक्ष में दर्ज किया जाएगा क्योंकि इससे विदेशी विनिमय परिसम्पतियों में वृद्धि होगी तथा विदेशी विनिमय का बाध्य प्रवाह होगा।

(b) विदेशों में दिया गया उधार विदेशी विनिमय की मांग में वृद्धि करेगा जबकि विदेशी विनिमय की पूर्ति अप्रभावित रहेगी जिससे विदेशी विनिमय द**र बढ जाए**गी।

**प्र. 8. ऑफिशियल रिजर्व से आप क्या समझते हैं इसे भुगतान शेष खाते में कैसे सम्मिलित किया जाता है।**

**उ.** रिजर्व बैंक के विदेशी विनियम कोष में परिवर्तन को (ऑफिशियल रिजर्व ट्रांजैक्सन) आधिकारिक आरक्षिक लेन देन कहते हैं। रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा कोष में वृद्धि एवं कमी को पूजी खाते में किया जाता है। विदेशी मुद्रा भण्डार में किसी भी एक की कभी-क्रेडिट पक्ष में तथा विदेशी मुद्रा भण्डार में वृद्धि डेबिट पक्ष में दर्ज की जायेगी।

# खण्ड–ब
# भारत का आर्थिक विकास

## विकास के अनुभव (1947-1990 तथा आर्थिक सुधारों का दौर (1991 से अब तक)

1. स्वतंत्रता के समय भारत की अर्थव्यवस्था
2. भारत की अर्थव्यवस्था (1950-1990)
   (पंचवर्षीय योजनाओं के प्रमुख लक्ष्य:नियोजन कालीन विकास)
3. आर्थिक सुधारों का दौर (1991 से अब तक)

## भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान चुनौतियाँ

4. निर्धनता
5. ग्रामीण विकास
6. मानवीय पूँजी निर्माण
7. रोजगार
8. आधारिक संरचना
9. सतत आर्थिक विकास

## भारत के विकासात्मक अनुभव

10. पडोसी देशों के विकास से तुलना

अ) भारत और पाकिस्तान

ब) भारत और चीन

# अध्याय–1
# भारत का आर्थिक विकास

## "स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था"

- ब्रिटिश उपनिवेश काल से पूर्व भारत की अर्थव्यवस्था "सोने की चिड़िया" के रूप में जानी जाती थी। उपनिवेश काल में अत्यधिक और लगातार आर्थिक शोषण के कारण पिछडती चली गई।
- अंग्रेजी औपनिवेशिक शासन का मुख्य उद्देश्य भारत को ब्रिटेन में तेजी से विकसित हो रही आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए आधार के रूप में उपयोग करना था।

**<u>स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति</u> :–**

**क) <u>आर्थिक विकास की निम्न दर :–</u>**

- औपनिवेशिक सरकार ने कभी भी भारत की राष्ट्रीय तथा प्रति व्यक्ति आय के अनुमान के लिए कोई प्रयास नहीं किए।
- राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय के मापन का प्रथम प्रयास व्यक्तिगत स्तर पर 1876 में भारत के "ग्रेण्ड ओल्डमैन" दादा भाई नौरोजी ने किया।
- डॉ. वी.के.आर.वी.राव के अनुसार सकल देशीय उत्पद में वार्षिक वृद्धि दर केवल 2% तथा प्रति व्यक्ति आय में वार्षिक वृद्धि केवल 0.5% थी। 1947 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 280 रूपये थी।
- तत्तकालीन राष्ट्रीय आय के अन्य अनुकर्ताओं में प्रमुख थे–विलियम डिग्बी, फिण्डले सिराज, आर.डी.सी. देशाई आदि।

ख) **<u>कृषि का पिछड़ापन :– जिसके निम्न कारण थे –</u>**

- जमींदारी, महलवाड़ी तथा रैयतवाड़ी प्रथा
- 1947 में राष्ट्रीय आय में कृषि क्षेत्र की भागीदारी लगभग 95% थी।
- व्यवसायीकरण का दबाव – नील आदि का उत्पादन
- 1947 में 75% से अधिक जनसंख्या कृषि क्षेत्र पर निर्भर थी।
- देश के विभाजन के कारण पश्चिम बंगाल में जूट मिल और पूर्वी पाकिस्तान में उत्पादक भूमि चली गयी तथा विनिर्मित निर्यात में की और आयात में वृद्धि

ग) **<u>अविकसित औद्योगिक क्षेत्र :–</u>**

- वि–औद्योगिकीकरण नीति तथा भारतीय हस्तकला उद्योग का पतन
- वि–औद्योगिकीकरण नीति के दोहरे (जुड़वाँ) उद्देश्य थे–

(i) भारत को कच्चे माल का निर्यातक बनाना

(ii) भारत को ब्रिटिश उद्योगों के विनिर्मित उत्पादों का आयातक या बाजार बनाना।

- पूंजीगत वस्तुओं के उद्योग का अभाव
- सार्वजनिक क्षेत्र की सीमित क्रियाशीलता
- भेदभावपूर्ण टैरिफ नीति
- हस्तशिल्प उद्योगों के पतन व प्रमुख दुष्परिणाम

1. भारत में भीषण बेरोजगारी
2. भारतीय उपभोक्ता बाजार में नयी माँग का सृजन
3. स्थानीय निर्मित वस्तुओं की आपूर्ति में भारी कमी
4. ब्रिटेन से सस्ते विनिर्मित उत्पादों के आयात में भारी वृद्धि इसके अलावा यद्यपि आधुनिक उद्योग जैसे 1907 में टिस्को की स्थापना जमशेद जी टाटा द्वारा की गयी परन्तु ऐसे प्रयास बहुत कम एवं अपर्याप्त थे।

घ) **<u>विदेशी व्यापार की विशेषताऐं :–</u>**

- कच्चे माल का शुद्ध निर्यातक तथा तैयार माल का आयातक
- विदेशी व्यापार पर ब्रिटेन का एकाधिकारी नियंत्रण
- भारत की सम्पत्ति का बहिर्प्रवाह

च) **<u>ब्रिटेन द्वारा लडे जा रहे युद्धो के व्यय का भारत पर दवाव</u>**

- भारत की पहली नियमित जनगणना 1881 में प्रारम्भ हुई। 1981 से 1991 तक भारत की जनांकीकिय दशा को जनाँकीकिय संक्रमण सिद्वांत के प्रथम चरण में रखा जाता है। 1921 को जनसंख्या महाविभाजक वर्ष कहा जाता है। जिसके बाद जनांकीकिय संनुमण का इससे चरण शुरू होता है।

छ) **<u>प्रतिकूल तत्कालीन जनांकिकीय दशाएँ :–</u>**

ब्रिटेन द्वारा लड़े जा रहे युद्धों पर भारत पर दवाव।

भारत को पहली नियमित जनगणना 1881 में प्रारम्भ हुई। 1981 से 1919 तक भारत को जनांकीकिल दशा को जनांकीकिय संकमण सिद्धांत के प्रथम चरण में रखा जाता है। 1921 को जंनसख्या महाविभाजक वर्ष कहा जाता है। जिसके बाद जनांकीकीय उसके चरण शुरू हुए है।

- ऊँची मृत्युदर – 45 प्रति हजार
- उच्च शिशु जन्म दर – 218 प्रति हजार
- सामूहिक निरक्षरता – 84 निरक्षरता
- निम्न जीवन प्रत्याशा – 32 वर्ष
- जीवन–यापन का निम्न स्तर – आय का 80–90% आधारभूत आवश्यकता पर व्यय
- जन स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव

ज) **<u>अविकसित आधारभूत ढ़ाँचा</u>** :– अच्छी सड़कें, विद्युत उत्पादन, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा संचार सुविधाओं का अभाव। यद्यापि अंग्रेज प्रशासकों द्वारा आधारभूत ढ़ाँचे के विकास के लिए प्रयास किए गए जैसे – सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, जल यातायात और डाक व तार विभाग। लेकिन इनका उद्देश्य आम जनता को सुविधाऐं देना नहीं था बल्कि साम्राज्यवादी प्रशासन के हित में था।

झ) **<u>प्राथमिक (कृषि) क्षेत्र पर अधिक निर्भरता :–</u>**

- कार्यबल का अधिकतम भाग लगभग 72% कृषि एवं संबंधित क्षेत्र में लगा था।
- 10% विनिर्माण क्षेत्र में लगा था।
- 18% कार्यबल सेवा क्षेत्र मे लगा था।

- **<u>अंग्रेजी साम्राज्यवाद के भारतीय अर्थव्यवस्था पर कुछ सकारात्मक प्रभाव :–</u>**

क) यातायात की सुविधाओं में वृद्धि – विशेषकर रेलवे में

ख) बंदरगाहों का विकास

ग) डाक व तार विभाग की सुविधाएँ

घ) देश का आर्थिक व राजनीतिक एकीकरण

ड़) बैंकिंग व मौद्रिक व्यवस्था का विकास

- **<u>अंग्रेजी साम्राज्यवाद के भारतीय अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभावः–</u>**

क) भारतीय हस्तकला उद्योग का पतन

ख) कच्चे माल का निर्यातक व तैयार माल का आयातक

ग) विदेशी व्यापार पर ब्रिटेन का एकाधिकारी नियंत्रण

घ) व्यवसायीकरण पर दबाव

## —: <u>प्रश्नावली</u> :—

**<u>एक अंक वाले प्रश्न :</u>**

1. शिशु मृत्यु दर से क्या अभिप्राय है?
2. कृषि के व्यवसायीकरण का अर्थ लिखो?
3. औपनिवेशिक काल में शिशु मृत्यु दर क्या थी?
4. औपनिवेशिक काल में जीवन प्रत्याशा कितनी वर्ष थी?
5. निर्यात आधिक्य का क्या अर्थ है?
6. प्रथम आधिकारिक जनगणना किस वर्ष हुई थी?
7. देश के विभाजन का किस उद्योग पर बुरा प्रभाव पड़ा?
8. औपनिवेशिक काल में प्रति व्यक्ति आय का अनुमान लगाने वाले किसी एक अर्थशास्त्री का नाम लिखो।
9. स्वतंत्रता के समय भारत की साक्षरता दर क्या थी?
10. स्वतंत्रता के समय द्वितीयक क्षेत्र में कितने प्रतिशत कार्यशील जनसंख्या संलग्न थी?

**<u>तीन/चार अंक वाले प्रश्न :</u>**

1. स्वतंत्रता के समय भारतीय कृषि की चार विशेषताऐं लिखिए।
2. औपनिवेशिक काल में भारतीय सम्पत्ति के निष्कासन से आप क्या समझते हैं?
3. स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की व्यवसायिक संरचना की रूप रेखा प्रस्तुत कीजिए।
4. स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था को तीन विशेषताऐं बताइए।
5. स्वतंत्रता के समय भारतीय उद्योगों के विकास की अवस्थाओं का वर्णन कीजिए।

6. ब्रिटिश सरकार द्वारा रेल यातायात आरम्भ करने के सकारात्मक प्रभावों की व्यवस्था कीजिए।

**<u>छः अंकों वाले प्रश्न –</u>**

1. औपनिवेशिक काल में कृषि की गतिहीनता के मुख्य कारण क्या थे?
2. औपनिवेशिक काल में भारत की जनांकिकीय स्थिति का एक संख्यात्मक चित्रण प्रस्तुत किजिए?
3. ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन द्वारा अपनाई गई औद्योगिक नीतियों की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।
4. क्या अंग्रेजों ने भारत में कुछ सकारात्मक योगदान भी दिया था? विवेचना कीजिए।
5. भारत में ब्रिटिश शासन के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

**<u>एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर –</u>**

1. शिशु मृत्यु दर से अभिप्राय है कि एक वर्ष से कम उम्र के जीवित पैदा हुए एक हजार बच्चों में मृत्यु की संख्या।
2. कृषि के व्यवसायीकरण का अर्थ है कि स्व–उपभोग की बजाय विक्रय के लिए फसलों का उत्पादन करना।
3. 218 प्रति हजार।
4. जीवन प्रत्याशा 32 वर्ष थी।
5. किसी देश के निर्यात का आयात से अधिक होना।
6. 1881 में।
7. जूट तथा कपड़ा उद्योग पर।
8. डा. वी.के.आर.वी. राव, दादा भाई नौरोजी
9. 16%
10. 10%

## NCERT पुस्तक के प्रश्नों के उत्तर

**प्र. 1 औपनिवेशिक शासन की अर्थनीति क्या थी? इसके क्या प्रभाव हुए?**

<u>उत्तर :</u> औपनिवेशिक शासन की अर्थनीति मूलतः भारतीय अर्थव्यवस्था के शोषण तथा विऔद्योगीकरण पर आधारित थी। इसने भारतीय अर्थव्यवस्था के मूल स्वरूप को बदल डाला–

(क) एक तो वे भारत को इंग्लैंड में विकसित हो रहे आधुनिक उद्योगों के लिए कच्चे माल का निर्यातक बनाना चाहते थे।

(ख) वे उन उदयोगों के उत्पादन के लिए भारत को एक विशाल बाजार भी बनाना चाहते थे। इसके परिणामस्वरूप भारत एक खस्ताहालत अर्थव्यवस्था बनकर रह गया। एम. मुखर्जी के अनुसार, 1857–1956 के बीच प्रतिव्यक्ति आय की वार्षिक वृद्धि दर 0.5ः प्रति वर्ष जितनी कम थी।ष अतः अंग्रेजी शासन के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था एक खस्ताहालत अर्थव्यवस्थी रही। अंग्रेजी शासन समाप्त होने पर वे भारत को एक खोखली और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में छोड़कर गए।

1. निरक्षरता, जन्म दर तथा मृत्यु दर बहुत अधिक था। कुल जनसंख्या का केवल 17ः हिस्सा ही साक्षर था। इसी तरह जन्म दर तथा मृत्यु दर क्रमशः 45.2 प्रति हजार (1931–47 के दौरान) तथा 40 प्रति हजार (1911–21 के दौरान) थी।

2. देश संयंत्र और आर्थिक विकास के लिए आवश्यक मशीनरी के लिए लगभग पूरी तरह से अन्य देशों पर निर्भर था। वर्तमान जीवन और गतिविधि को बनाए रखने के लिए कई आवश्यक वस्तुओं का आयात करना पड़ता था।

3. आजादी के समय भारत एक कृषि प्रधान देश था। कार्यरत जनसंख्या का 70–75ः हिस्सा कृषि में संलग्न था परंतु फिर भी देश खाद्यान्नों में आत्मनिर्भर नहीं था। 4. आधारिक संरचना बहुत हद तक अविकसित थी।

**प्र. 2. औपनिवेशिक काल में भारत की राष्ट्रीय आय का आकलन करने वाले प्रमुख अर्थशास्त्रियों के नाम बताइए।**

उत्तर : दादा भाई नौरोजी, बी.के.आर.वी. राव, विलियम डिग्बी, फिडले शिराज, आर.सी. देसाई।

**प्र. 3. औपनिवेशिक शासनकाल में कृषि की गतिहीनता के मुख्य कारण क्या थे?**

<u>उत्तर :</u> औपनिवेशिक शासनकाल में कृषि की गतिहीनता के मुख्य कारण इस प्रकार थे

(क) पट्टेदारी प्रणाली–भारत में अंग्रेजों ने एक भू–राजस्व प्रणाली शुरू की जिससे जमींदारी प्रथा कहा गया। इसके अंतर्गत कृषकों, जमींदारों तथा सरकार के बीच एक त्रिकोणीय संबंध स्थापित किया गया।

(1) कृषि के व्यावसायिकरण का प्रत्यापन–कृषकों को खाद्यान्न फसलों को छोड़ वाणिज्यिक फसलो पर जाने के लिए मजबूर किया गया। उन्हें ब्रिटेन में विकसित हो रहे कपड़ा उद्योग के लिए नील की आवश्यकता थी। कृषि के व्यावसायिकरण ने भारतीय कृषि को बाजार की अनिश्चिताओं से परीचित कराया। अब उन्हें अपनी आवश्यकता की

वस्तुएँ खरीदने के लिए नकदी की जरूरत थी। परंतु अपनी ऋणग्रस्तता के कारण उनके पास नकदी का सदा अभाव रहता था। इसने उन्हें कृषि से जुड़े रहने के लिए मजबूर कर दिया तथा जमींदारों और साहकारों की दया पर निर्भर कर दिया।

(ग) आधारिक संरचना की कमी–ब्रिटिश शासकों ने सिंचाई की सुविधाएँ बढ़ाने या तकनीकी विकास करने पर कोई ध्यान नहीं दिया।

(घ) भारत का विभाजन–भारत के विभाजन ने भी भारतीय कृषि को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया। कलकत्ता की जूट मिलों तथा बंबई और अहमदाबाद के कपड़ा मिलों में कच्चे माल की कमी हो गई। पंजाब और सिंध जैसे अमीर खाद्यान्न क्षेत्र भी पाकिस्तान में चले जाने से खाद्यान्न संकट उत्पन्न हो गया।

**प्र. 4. स्वतंत्रता के समय देश में कार्य कर रहे कुछ आधुनिक उद्योगों के नाम बताइए।**

<u>उत्तर :</u> टाटा आयरन और स्टील उद्योग (टिस्को) 1907 में शुरू की गई थी, देश में कार्य कर रहे अन्य आधुनिक उद्योगों में चीनी उद्योग इस्पात उद्योग, सीमेंट उद्योग, रसायन उद्योग और कागज उद्योग शामिल थे।

**प्र. 5. स्वतंत्रता पूर्व अंग्रेजों द्वारा भारत के व्यवस्थित वि–औद्योगीकरण का दोहरे ध्येय क्या थे?**

<u>उत्तर :</u> भारत के व्यवस्थित वि–औदयोगीकरण का दोहरा ध्येय इस प्रकार था (क) भारत को इंग्लैंड में विकसित हो रहे आधुनिक उद्योगों के लिए कच्चे माल का निर्यातक बनाना। (ख) उन उदयोगों के उत्पादन के लिए भारत को एक विशाल बाजार बनाना।

**प्र.6. भारत में आधारिक संरचना विकास की नीतियों से अंग्रेज अपने क्या उद्देश्य पूरा करना चाहते थे?**

<u>उत्तर:</u> औपनिवेशिक शासनकाल में भारत में रेलों, पत्तनों, जल परिवहन व डाक–तार आदि का विकास हुआ परंतु इसका ध्येय जनसामान्य को अधिक सुविधाएँ प्रदान करना नहीं था अपितु इसके पीछे औपनिवेशिक हित साधने का ध्येय था।

(क) अंग्रेजी शासन से पहले बनी सड़कें आधुनिक यातायात साधनों के लिए उपयुक्त नहीं थी। अतः सड़कों का निर्माण इसलिए किया गया ताकि देश के भीतर उनकी सेनाओं के आवागमन की सुविधा हो सके तथा देश के भीतरी भागों से कच्चा माल निकटतम रेलवे स्टेशन या पत्तने तक पहुँचाया जा सके।

(ख) डाक, तार तथा संचार के साधनों का विकास कुशल प्रशासन के लिए किया गया।

(ग) एक अन्य उद्देश्य यह भी था कि अंग्रेजी धन का भारत में लाभ अर्जित करने के लिए निवेश किया जाये।

**प्र. 7. ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन द्वारा अपनाई गई औदयोगिक नीतियों की कमियों की आलोचनात्मक विवेचना करें।**

<u>उत्तर :</u> भारत औपनिवेशिक शासनकाल में एक शक्तिशाली औदयोगिक ढाँचे का विकास नहीं कर सका। यह निम्न तथ्यों के आधार पर सिद्ध किया जा सकता है

**(क) समान गुणवत्ता के किसी भी विकल्प के बिना हस्तकला उद्योग में गिरावट**–ब्रिटेन का एकमात्र उद्देश्य सस्ती से सस्ती कीमतों पर भारत से कच्चा माल प्राप्त करना तथा भारत में ब्रिटेन से आया उत्पादित माल बेचना था। भारतीय हस्तशिल्प वस्तुओं की ब्रिटेन की मशीनों द्वारा बनाई गई वस्तुओं कड़ी प्रतियोगिता हो गई। ब्रिटिश बस्तुए (मशाकी विनिर्मित) सस्ती थी। अतः घरेल उद्योगों में निर्मित वस्तुओं की मांग घटती गई और शनैः शनैः घरेलू उद्योग (विशेषकर हस्तशिल्प आदि) मरणासन्न हो चले।

**(ख) आधुनिक उद्योग का अभाव**–भारत में आधुनिक उद्योग उन्नीसवीं सदी के दूसरे छमाही के दौरान विकसित होना शुरू हुआ। परंतु इसकी विकास दर बहुत धीमी और अवरुद्ध पूर्ण थी। औपनिवेशिक काल के अंत तक उदयोग और प्रौदयोगिक का स्तर निम्न रहा। उन्नीसवीं सदी के दौरान औदयोगिक विकास कपास और जूट कपड़ा मिलों तक ही सीमित था। लौह और इस्पात उद्योग 1907 में आया जबकि चीनी, सीमेंट और कागज उदयोग 1930 के दशक में विकसित हए।

**(ग) पूँजीगत उद्योग को अभाव**–भारत में मुश्किल से ही कोई पूँजीगत उद्योग थे जो आधुनिकीकरण को आगे बढ़ावा दे। सकें। 70ः संयंत्र तथा मशीनरी का आयात किया जा रहा था। भारत अपनी तकनीकी तथा पूँजीगत वस्तुओं की आवश्यकता के लिए आयात पर निर्भर था।

**(घ) व्यावसायिक संरचना**–निम्न विकास दर का सूचकः भारतीय अर्थव्यवस्था के अल्प विकसित होने का सबूत इस बात से मिल जाता है कि कार्यशील जनसंख्या का 72ः हिस्सा कृषि में संलग्न था और 11.9ः औदयोगिक क्षेत्र में संलग्न था। राष्ट्रीय आय में औदयोगिक क्षेत्र का हिस्सा 25.3ः था जबकि कृषि का योगदान 57.6ः हिस्से का था।

**प्र.9 औपनिवेशिक काल में भारतीय संपत्ति के निष्कासन से आप क्या समझते हैं?**

<u>उत्तर :</u> विदेशी शासन के अंतर्गत भारतीय आयात–निर्यात की सबसे बड़ी विशेषता निर्यात अधिशेष का बड़ा आकार रहा। किंतु इस अधिशेष का देश के सोने और चाँदी के प्रवाह पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। वास्तव में इसका उपयोग तो निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया गया।

(क) अंग्रेजों की भारत पर शासन करने के लिए गढ़ी गई व्यवस्था का खर्च उठाना।

(ख) अंग्रेजी सरकार के युद्धों पर व्यय तथा अदृश्य मदों के आयात पर व्यय।

**प्र.9. जनांकिकीय संक्रमण के प्रथम से द्वितीय सोपान की ओर संक्रमण का विभाजन वर्ष कौन–सा माना जाता है?**

<u>उत्तर :</u> 1921

**प्र.10. औपनिवेशिक काल की जनांकिकी स्थिति को दर्शाइये।**

<u>उत्तर :</u> **1. उच्च शिशु मृत्यु दर**–स्वतंत्रता के समय शिशु मृत्यु दर 218 प्रति हजार1 जितना उच्च था।

**2. व्यापक निरक्षरता**–औसतन साक्षरता दर 16.5ः से कम थी। केवल 7ः महिलाएँ साक्षर थीं।

**3. निम्नस्तरीय जीवन प्रत्याशा**–जीवन प्रत्याशा मात्र 32 वर्ष थी, जो नितांते अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं का संकेत है।

**4. व्यापक गरीबी तथा निम्न जीवन स्तर**–लोगों को अपनी आय का 80–90ः हिस्सा आधारभूत आवश्यकताओं पर खर्च करना पड़ रहा था। कुल जनसंख्या का 52ः हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे था। देश के कुछ हिस्सों में अकाल समान स्थितियों का सामना करना पड़ रहा था।

**प्र.11. स्वतंत्रता पूर्व भारत की जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना की प्रमुख विशेषताएँ समझाइये।**

<u>उत्तर :</u> अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के बीच कार्यबल के वितरण को उस देश की व्यावसायिक संरचना कहा जाता है। स्वतंत्रता पूर्व भारत की जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना की प्रमुख विशेषताओं को निम्न तथ्यों से जाना जा सकता है।

**(a) कृषि क्षेत्र की प्रधानता**–कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था की व्यावसायिक संरचना में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण था। भारत की कार्यशील जनसंख्या का 70–75ः हिस्सा कृषि में संलग्न था, 10ः हिस्सा औद्योगिक क्षेत्र तथा 15–20ः हिस्सा सेवा क्षेत्र में संलग्न था।

**(b) बढ़ रही क्षेत्रीय असमानता**–व्यावसायिक संरचना में क्षेत्रीय विविधताएँ बढ़ रही थी। तमिलनाड़, आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक (जो उस समय मद्रास प्रेसीडेंसी का हिस्सा थे) जैसे राज्यों में कार्यबल की कृषि पर निर्भरता कम हो रही थी जबकि उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान में कृषि पर निर्भर कार्यबल में वृद्धि हो रही थी।

**प्र.12. स्वतंत्रता के समय भारत के समक्ष उपस्थित प्रमुख आर्थिक चुनौतियों को रेखांकित करें।**

उत्तर : शोषक औपनिवेशिक ब्रिटिश शासन ने भारतीय अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र को बुरी तरह से बर्बाद कर दिया। अंततः परिणामस्वरूप भारत को स्वतंत्रता के समय विशाल आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। भारतीय अर्थव्यवस्था को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा उनमें से मुख्य इस प्रकार है ।

i. निम्न स्तरीय राष्ट्रीय आय व प्रतिव्यक्ति आय का स्तर

ii. पिछड़ी कृषि तथा गतिहीन कृषिक्षेत्र की विकास दर

iii. पिछड़ी उद्योग तथा अविकसित औद्योगिक आधार

iv. पिछड़ी आधारिक सरंचना

v. पिछड़ी जनाकिकीय दशायें

**क) पिछडी कृषि** भारत के लिए तत्कालिक समस्या यह थी कि वह कृषि क्षेत्र तथा इसकी उत्पादकता का विकास किस प्रकार करे। स्वतंत्रता के समय कुछ तत्कालिक जरूरत इस प्रकार थी—1. जमींदारी प्रथा का उन्मूलन करना, 2. भूमि सुधार नीतियाँ बनाना, 3.भूमि के स्वामित्व की असमानताओं को कम करना तथा 4. किसानों का उत्थान करना।

**(ख) बाल्यकालीन औद्योगिक क्षेत्र**—कृषि की ही भाँति भारत एक सुदृढ़ औद्योगिक आधार का विकास नहीं कर पाया। औद्योगिक क्षेत्र का विकास करने के लिए भारत को विशाल पूँजी, निवेश, आधारिक संरचना मानव कुशलताएँ, तकनीकी ज्ञान तथा आधुनिक तकनीक की आवश्यकता थी। इसके अलावा, ब्रिटिश उद्योगों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण भारतीय घरेलू उद्योग बने रहने में विफल रहे। इस प्रकार लघु और बड़े उदयोगों को एक साथ अपने औदयोगिक क्षेत्र में विकसित करना भारत के लिए एक मुख्य चिंता का विषय था। इसके अलावा भारत में सकल घरेलू उत्पाद में औद्योगिक क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने की जरूरत थी जो भारत के लिए महत्त्वपूर्ण आर्थिक चुनौतियों में से एक था।

**(ग) आधारिक संरचना में कमी**—हालाँकि देश की आधारिक संरचना में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन किया गया। परंतु यह कृषि और औद्योगिक क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार करने के लिए पर्याप्त नहीं था। इसके अतिरिक्त, उस समय के बुनियादी ढाँचे को आधुनिकीकरण की जरूरत थी।

**(घ) गरीबी और असमानता**—भारत गरीबी और असमानता के दुष्चक्र में फँस गया था। ब्रिटिश शासन ने भारतीय धन का एक महत्त्वपूर्ण भाग ब्रिटेन की ओर निष्कासित कर दिया। परिणामस्वरूप, भारत की आबादी का एक बहुसंख्यक हिस्सा गरीबी से पीड़ित

**प्र.13. भारत में प्रथम सरकारी जनगणना किस वर्ष में हुई थी?**

<u>उत्तर :</u> 1881.

**प्र.14. स्वतंत्रता के समय भारत के विदेशी व्यापार के परिमाण और दिशा की जानकारी दें।**

<u>उत्तर :</u> औपनिवेशिक शासनकाल में, अंग्रेजों ने एक भेदभावपूर्ण कर नीति का पालन किया जिसके परिणामत औपनिवशिक शासनकालम भारत कच्चे उत्पाद जैसे–रेशम, कपास, ऊन, चीनी, नील और पटसन आदि का निर्यातक होकर रह गया। साथ ही यह इंग्लैंड के कारखानों में बनी हल्की मशीनों तथा सूती, रेशमी, ऊनी वस्त्र जैसे अंतिम उपभोक्ता वस्तुओं का आयातक भी हो गया। व्यवहारिक रूप से भारत के आयात–निर्यात पर अंग्रेजों का एकाधिकार हो गया। अतः भारत का आधे से अधिक आयात–निर्यात ब्रिटेन के लिए आरक्षित हो गया तथा शेष आयात–निर्यात चीन, फ्रांस, श्रीलंका की ओर निर्देशित कर दिया गया। इसके अतिरिक्त स्वेज नहर के खुलने के बाद तो भारतीय विदेशी व्यापार पर ब्रिटेन का अधिपत्य और भी जम गया। स्वेज नगर से ब्रिटेन और भारत के बीच में माल लाने और ले जाने की लागत में भारी कमी आई। भारत का विदेशी व्यापार अधिशेष उपार्जित करता रहा परंतु इस अधिशेष को भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेश नहीं किया गया बल्कि यह प्रशासनिक और युद्ध उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया गया था। इससे भारतीय धन का ब्रिटेन की ओर पलायन हआ।

**प्र.15. क्या अंग्रेजों ने भारत में कुछ सकारात्मक योगदान भी दिया था? विवेचना करें।**

<u>उत्तर :</u> यह कहना अनुचित होगा कि अंग्रेजों ने भारत में कुछ सकारात्मक योगदान दिया था अपित् कुछ सकारात्मक प्रभाव उनकी स्वार्थपूर्ण नीतियों के सह उत्पाद के रूप में उपलब्ध हो गये। ये योगदान इच्छापूर्ण तथा नीतिबद्ध नहीं थे बल्कि अंग्रेजों की शोषक औपनिवेशिक नीतियों का सह उत्पाद थे। अतः अंग्रेजों द्वारा भारत में ऐसे कुछ सकारात्मक योगदान इस प्रकार हैं

**(क) रेलवे का आरंभ**– अंग्रेजी सरकार द्वारा भारत में रेलवे का आरंभ भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि था। इसने सभी प्रकार की भौगोलिक तथा सांस्कृतिक बाधाओं को दूर किया तथा कृषि के व्यवसायीकरण को संभव किया।

**(ख) कृषि के व्यावसायिकरण का आरंभ**– अंग्रेजी सरकार द्वारा कृषि का व्यावसायीकरण भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक अन्य बड़ी उपलब्धि था। भारत में अंग्रेजी शासन आने से पूर्व, भारतीय कृषि स्वपोषी प्रकृति की थी। परंतु कृषि के व्यावसायीकरण के उपरांत कृषि उत्पादन बाजार की जरूरतों के अनुसार हुआ। यही कारण है कि आज भारत खाद्यान्नों में आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य को प्राप्त कर पाया है।

**(ग) आधारिक संरचना का विकास**– अंग्रेजों द्वारा विकसित आधारिक ढाँचे ने देश में अकाल के फैलने पर जल्दी राहत सामग्री और सूचनाएं पहुँचाने में सकातत्मक योगदान दिया।

भारत के बाहर की दुनिया को जानने के लिए एक खिड़की बनी। इसने भारत को विश्व

के अन्य हिस्सों से जोड़ा। अंग्रेजों ने भारत में सती प्रथा भी प्रतिबंधित की और विधवा पुनर्विवाह अधिनियम की भी उद्‌घोषणा की।

**(ङ) भारत का एकीकरण**–अंग्रेजी शासन से पूर्व भारत छोटे–छोटे राज्यों तथा सीमाओं में बँटा हुआ था। आजादी के युद्ध के नाम पर अंग्रेज भारत तथा भारतीयों को एकीकृत करने का एक कारण बन गये।

**(च) एक कुशल तथा शक्तिशाली प्रशासन का उदाहरण**– अंग्रेजों ने अपने पीछे एक कुशल और शक्तिशाली प्रशासन का उदाहरण रख छोड़ा जिसका भारतीय नेता अनुसरण कर सकते थे।

# अध्याय–2

## भारतीय अर्थव्यवस्था 1950–1990

### पंचवर्षीय योजना–

स्वतंत्रता के उपरांत भारतीय नेतृत्वकर्त्ताओं द्वारा ऐसे आर्थिक तंत्र को स्वीकार किया गया जो कुछ लोगों की बजाय सबके हितों को प्रोत्साहित करें और बेहतर बनाए।स्वतंत्र भारत के नेतृत्वकर्त्ताओं ने देखा कि पूरे विश्व में दो प्रकार के आर्थिक तंत्र – समाजवाद और पूँजीवाद व्याप्त है। उन्होंने पूँजीवाद और समाज दोनों के सर्वश्रेष्ठ लक्षणों को सम्मिलित कर एक नया आर्थिक तंत्र–मिश्रित अर्थव्यवस्था विकसित किया। **मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैय्या को भारत की योजना का जनक** कहा जाता है। दूसरी पंचवर्षीय योजना प्रशांत चंद्र महलनबीस के संवृद्धि मॉडल पर आधारित थी जो आगे की योजना की आधारशिला बनी। इसलिए प्रशांत चंद महलनवींस को भारत को योजना शिल्पकार **(Arcihtect of Indian Planning)** कहा जाता है।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 1950 में आयोजन विभाग या योजना आयोग का गठन हुआ; जिसके माध्यम से सरकार अर्थव्यवस्था के लिए योजना का निर्माण करती है तथा निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करती है। योजना आयोग के गठन के साथ ही भारत में पंचवर्षीय योजनाओं का युग प्रारंभ हुआ। योजना आयोग के मसौदे को राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा अनुमोदन करने के उपरांत संसद से पारित करकर पंचवर्षीय योजना लागू की जाती थी।

### पंचवर्षीय योजना के सामान्य उद्देश्य –

प्रत्येक पंचवर्षीय योजना के लिए कुछ विशेष रणनीति तथा लक्ष्य होते हैं जिन्हें पूरा करना होता है। पंचवर्षीय योजनाओं के लक्ष्य निम्न है:

1. उच्च संवृद्धि दर
2. अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण
3. आत्मनिर्भरता
4. सामाजिक समानता

**1. संवृद्धि** – संवृद्धि से तात्पर्य देश की उत्पादन क्षमता में वृद्धि से है जैसे कि देश में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं में वृद्धि। अर्थात् उत्पादक पूँजी या सहायक सेवाओं जैसे परिवहन और बैंकिंग सेवाओं का बृहद स्टाक या उत्पादक पूँजी और सेवाओं की क्षमता में वृद्धि। सकल घरेलू उत्पाद किसी राष्ट्र की आर्थिक संवृद्धि का संकेतक है। GDP एक वर्ष में उत्पादित कुल वस्तुओं और सेवाओं के बाजार मूल्य को कहते हैं। इसे चाकलेट या केक की टुकड़े के उदाहरण से समझ सकते है कि जैसे–जैसे चाकलेट या केक का आकार बढ़ता जायेगा और भी अधिक लोग इसका आनन्द ले सकेंगे। प्रथम पंचवर्षीय योजना के शब्दों में अगर भारत के लोगों का जीवन और बेहतर और समृद्ध बनाना है तो वस्तुओं और सेवाओं का अधिक उत्पादन आवश्यक है।

GDP में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्र को शामिल किया जाता है। अर्थव्यवस्था की संरचना में ये उपर्युक्त तीन क्षेत्र सम्मिलित है। अलग–अलग देशों में अलग–अलग क्षेत्रों का अलग–अलग योगदान होता है कुछ में सेवा क्षेत्र और कुछ में कृषि क्षेत्र सर्वाधिक योगदान करता है।

**2. आधुनिकीकरण** – वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में वृद्धि के लिए उत्पादकों द्वारा नयी तकनीकी को स्वीकार किया जाता है। नयी तकनीक का प्रयोग ही आधुनिकीकरण है। जैसे कि फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए पुरानी बीजों के बजाय नयी उन्नत किस्म के बीजों का प्रयोग इसका अर्थ केवल नयी तकनीक के प्रयोग से ही नहीं जुड़ा है बल्कि राष्ट्र की वैचारिक और सामाजिक मनोस्थिति में परिवर्तन भी है जैसे महिलाओं को समान अधिकार दिया जाना। परम्परागत समाज में महिलायें केवल घरेलू कार्य करतीं थीं जबकि आधुनिक समाज में उन्हें अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर प्राप्त होने लगा है। आधुनिकीकरण समाज को सभ्य और सम्पन्न बनाता है।

**3. आत्म निर्भरता** – राष्ट्र की आर्थिक संवृद्धि और आधुनिकीकरण की प्रक्रिया को तीव्र करने के दो रास्ते है –

1. अन्य देशों से आयातित संसाधनों का उपयोग
2. स्वयं के साधनों का उपयोग

प्रथम सात पंचवर्षीय योजनाओं में आत्म निर्भरता पर अधिक बल दिया गया और अन्य राष्ट्रों से ऐसी वस्तुओं और सेवाओं जिनका स्वयं उत्पादन हो सकता है उनका आयात हतोत्साहित किया गया। इस नीति में मुख्यतः खाद्यान उत्पादन में हमारी अन्य राष्ट्रों पर निर्भरता को कम किया। और यह आवश्यक थी। एक नये स्वतंत्र देश के लिए आत्मनिर्भरता आवश्यक होती है क्योंकि इस बात का भय रहता है कि अन्य राष्ट्रों पर हमारी निर्भरता हमारी सम्प्रभुता को प्रभावित कर सकती है।

**4. समानता** – समानता के अभाव में उपरोक्त तीनों उद्देश्य अपने आप में किसी राष्ट्र के लोगों के जीवनस्तर में वृद्धि करने सक्षम नहीं हैं। यदि आधुनिकीकरण संवृद्धि और आत्मनिर्भरता राष्ट्र के गरीब तबके तक नहीं पहुचती है तो आर्थिक संवृद्धि का लाभ केवल धनी व्यक्तियों को ही प्राप्त होगा। अतः संवृद्धि आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण में भागीदारी के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक भारतीय को उसकी प्राथमिक आवश्यकतायें जैसे कि भोजन, आवास, कपड़ा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधा प्राप्त हो, जिससे कि आर्थिक सम्पन्नता और सम्पत्ति के वितरण में असमानता में कमी आये।

## वर्तमान परिदृश्य में आयोजन का स्वरूप व नीति आयोग

1. जनवरी 2015 से योजना आयोग को समाप्त करके इसके स्थान पर ''नीति आयोग'' (NITI : National Institution of Transforming India यानी भारत के स्वरूप परिवर्द्धन हेतु राष्ट्रीय सस्थान) का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य है–

1. भारत सरकार हेतु ''थिंक टैंक'' / (Think Tank) की तरह कार्य करना।

2. सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना।

3. सतत विकास के लक्ष्यों को बढ़ावा देना।

4. नीति निर्माण में विकेंद्रीकरण की भूमिका सुनिश्चित करना।

# योजनाकाल में क्षेत्रवार विकास

## कृषि क्षेत्र का विकास

**कृषि** – सन् 1951 में देश की राष्ट्रीय आय में कृषि क्षेत्र का अंशदान 59 प्रतिशत था। भारत की लगभग तीन–चौथाई जनसंख्या के लिए कृषि ही आजीविका का साधन थी। औपनिवेशिक शासन काल में कृषि क्षेत्र में न तो संवृद्धि हुई और न ही समता रह गई। अतः नियोजकों ने कृषि क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

**कृषि की भूमिका –**

1. राष्ट्रीय आय में हिस्सा
2. रोजगार में हिस्सा
3. औद्योगिक विकास के लिए आधार
4. विदेशी व्यापार की महता
5. घरेलू उपभोग में महत्वपूर्ण हिस्सा

**भारतीय कृषि की प्रमुख समस्याएँ निम्नलिखित है –**

भारतीय कृषि की समस्याएँ

(A) सामाजिक समस्याएँ
1. सामाजिक वातावरण
2. भूमि पर जनसंख्या का दबाव
3. निर्वाहित कृषि
4. भूमि का अवक्रमण
5. फसलों का नुकसान

(B) संस्थागत समस्याएँ
1. सुधार की दोषपूर्ण प्रवृत्ति
2. साख व बाज़ार
3. साख व बाज़ार सुविधाओं का अभाव
4. जोतों का आकार

(C) तकनीकी समस्याएँ
1. उत्पादन की अप्रचलित तकनीक
2. सिंचाई सुविधाओं का अभाव
3. फसलों का अनुकरण

**1950–90 की अवधि के दौरान कृषि नीति –**

कृषि–नीति

**भूमि सुधार**
1. मध्यस्थों का उन्मूलन
2. लगान का नियमन
3. भू–सीमा का निर्धारण
4. जोतों की चकबंदी
5. सहकारी खेती

**प्रौद्योगिकी सुधार**
1. HYVs का प्रयोग
2. रासायनिक खाद का प्रयोग
3. कीटनाशकों का प्रयोग में वृद्धि

**सामान्य सुधार**
1. सिंचाई सुविधाओं का विस्तार
2. संस्थागत साख का प्रावधान
3. कृषि विपणन व्यवस्था में सुधार
4. कृषि मूल्य नीति

**हरित क्रान्ति** – भारत के संदर्भ में हरित क्रान्ति का तात्पर्य छठे दशक के मध्य में कृषि उत्पादन में उस तीव्र वृद्धि से है जो ऊँची उपज वाले बीजों (HYVS) एवं रासायनिक खादों व नई तकनीक के प्रयोग के फलस्वरुप है।

हरित क्रान्ति की दो अवस्थाएँ –

1. प्रथम अवस्था – 60 के दशक के मध्य से 70 के दशक के मध्य तक
2. द्वितीय अवस्था – 70 के दशक के मध्य से 80 के दशक के मध्य तक

**हरित क्रान्ति की विशेषताएँ –**

1. उच्च पैदावार वाली किस्म के बीज़ों का प्रयोग (HYVS)
2. रासायनिक उर्वरकों का उपयोग
3. सिंचाई व्यवस्था (पर्याप्त सिंचाई सुविधाओं का विकास)
4. कीटनाशकों का उपयोग
5. कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देना

**हरित क्रान्ति के प्रभाव –**

1. विक्रय अधिशेष की प्राप्ति ।
2. खाद्यान्नों का बफर स्टॉक ।
3. निम्न आय वर्गों का लाभ।
4. खाद्यान्न आत्मनिर्भरता की प्राप्ति।

**हरित क्रान्ति की सीमाएँ –**

1. खाद्य फसलों तक सीमित (विशेषकर गेहूँ, मक्का और धान)
2. सीमित क्षेत्र (पंजाब, पश्चिमी उ.प्र. आदि कुछ राज्यों तक सीमित)
3. किसानों में असमानता तथा आर्थिक समता में गिरावट
4. सीमित समय तक प्रभावी और अब परिपक्वता समाप्ति की ओर
5. मानात्मक वृद्धि परंतु गुणवत्ता में व पोषण गुणवत्ता में गिरावट

**किसानों को आर्थिक सहायता** – कृषि सब्सिडी से तात्पर्य किसानों को मिलने वाली सहायता से है। दूसरे शब्दों में बाजार दर से कम दर पर किसानों को कुछ आगतों की पूर्ति करना।

**<u>पक्ष में तर्क–</u>**

1. भारत में अधिकांश किसान गरीब है। सब्सिडी के बिना वे आवश्यक आगतें नहीं खरीद पायेगें।

2. आर्थिक सहायता को समाप्त कर देने पर अमीर व गरीब किसानों के मध्य असमानता बढ जाएगी।

**<u>विपक्ष में तर्क –</u>**

1. उच्च पैदावार देने वाली तकनीक का मुख्य रुप से बड़े किसानों को ही लाभ मिला। अतः अब कृषि सब्सिडी नहीं दी जानी चाहिए।

2. एक सीमा के बाद, आर्थिक सहायता, संसाधनों के व्यर्थ उपयोग को बढ़ावा देती है।

## औद्योगिक क्षेत्र

**<u>उद्योग का महत्व –</u>**

1. रोजगार सृजन
2. कृषि का विकास
3. प्रकृतिक संसाधनों का उपयोग
4. श्रम की अधिक उत्पादकता
5. संवृद्धि के लिए अधिक क्षमता
6. निर्यात की अधिक मात्रा की कूंजी
7. आत्मनिर्भर विकास को उन्नत करता है।
8. क्षेत्रीय संतुलन को बढ़ाता है।

**<u>औद्योगिक नीति 1956 – (भारत का औद्योगिक संविधान)</u>**

<u>विशेषताएँ –</u>

1. उद्योगों का तीन श्रेणियों में वर्गीकरण :–

   (A) प्रथम श्रेणी में वे 17 उद्योग रखे गए जिनकी स्थापना व विकास केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के रुप में किया जाएगा।

   (B) इस श्रेणी में वे 12 उद्योग रखे गए जिनकी स्थापना निजी व सार्वजनिक क्षेत्रों में की जाएगी किन्तु निजी क्षेत्र केवल गौण भूमिका निभाएगा।

   (C) उपरोक्त (i) और (ii) श्रेणी के उद्योगों के अतिरिक्त अन्य सभी उद्योगों की निजी क्षेत्र के लिए छोड़ दिया गया।

2. औद्योगिक लाइसेंसिंग – निजी क्षेत्र में उद्योगों को स्थापित करने के लिए सरकार से लाइसेंस लेना आवश्यक बना दिया।
3. लघु उद्योगों का विकास।
4. औद्योगिक शांति में कमी।
5. तकनीकी शिक्षा व प्रशिक्षण

**<u>सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका –</u>**

1. मजबूत औद्योगिक आधार का सृजन ।
2. आधारभूत ढाँचे का विकास।
3. पिछड़े क्षेत्रों का विकास।
4. बचतों को गतिशील बनाना व विदेशी विनिमय के लिए।
5. आर्थिक शक्ति के केन्द्रीकरण को रोकने के लिए।
6. आय व धन के वितरण में समानता बढ़ाने के लिए।
7. रोजगार प्रदान करने के लिए।
8. आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देने के लिए।

## लघुस्तरीय उद्योग

**<u>लघुस्तरीय उद्योगों की भूमिका –</u>**

1. श्रम प्रधान तकनीक
2. स्व–रोजगार
3. कम पूँजी प्रधान
4. आयात प्रतिस्थापन
5. निर्यात का बढ़ावा
6. आय का समान वितरण
7. उद्योगों का विकेन्द्रीकण
8. बड़े स्तर के उद्योगों के लिए आधार
9. कृषि का विकास

## <u>लघुस्तरीय उद्योगों की समस्याएँ –</u>

1. वित्त की समस्याएँ
2. कच्चे माल की समस्याएँ
3. बाज़ार की समस्याएँ
4. अप्रचलित मशीन व संयंत्र
5. निर्यात क्षमता का अल्प प्रयोग
6. तानाशाही बाधाएँ
7. बड़े स्तरीय उद्योगों से प्रतियोगिता

# विदेशी व्यापार

## व्यापार नीति : आयात प्रतिस्थापन

स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने आयात प्रतिस्थापन की नीति को अपनाया, जिसे अंतर्मुखी व्यापार नीति कहा जाता है। आयात प्रतिस्थापन्न से अभिप्राय घरेलू उत्पादन से आयातों को प्रतिस्थापित करने की नीति से है। सरकार ने दो तरीकों से भारत में उत्पादित वस्तुओं को आयात से संरक्षण दिया गया –

1. प्रशुल्क – आयातित वस्तुओं पर लगाए जाने वाले कर।
2. कोटा – इसका अभिप्राय घरेलु उत्पादक द्वारा एक वस्तु की आयात की जा सकने वाली अधिकतम सीमा को तय करने से होता है।

**<u>आयात प्रतिस्थापन के कारण –</u>**

1. भारत जैसे विकासशील राष्ट्रों के उद्योग इस स्थिति में नही हैं वे अधिक विकसित अर्थव्यवस्थाओं में उत्पादित वस्तुओं से प्रतियोगिता कर सके।
2. महत्वपूर्ण वस्तुओं के आयात के लिए विदेशी मुद्रा बचाना।

**—: प्रश्नावली :—**

**<u>1 अंक वाले प्रश्न –</u>**

1. हरित क्रांति से क्या तात्पर्य है ?

2. बाजार आधिक्य का क्या अर्थ है ?

3. लघु–स्तरीय उद्योग का क्या अर्थ है ?

4. आर्थिक सहायता क्या है ?

5. HYV यानी उन्नतशील किस्म वाले बीज़ क्या होते हैं ?

6. भारत में हरित क्रान्ति का आगमन कब हुआ ?

7. 1951 में देश की राष्ट्रीय आय में कृषि का प्रतिशत योगदान कितना था?

8. भारत में दूसरी औद्योगिक नीति कब घोषित की गई ?

9. सन् 1956 की औद्योगिक नीति में उद्योगों को कितनी श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया ?

10. भारत मे ंहरित क्रान्ति किन फसलों में सफल रही –

    a) गेहूँ व चावल    b) गेहूँ व आलू

    c) चावल व कॉफी    d) चावल व चाय

11. योजना आयोग का नया नाम क्या है ?

**3/4 अंक के प्रश्न–**

1. हरित क्रांति की तीन कमियाँ का वर्णन कीजिए ?

2. रोजगार सृजन में लघु उद्योगों की भूमिका को समझाइए ?

3. भारत में लघु उद्योगों को संरक्षण क्यों प्रदान किया और इसके लिए क्या प्रयास किए ?

4. भारत सरकार ने लघु उद्योगों को संरक्षण क्यों प्रदान किया और इसके लिए क्या प्रयास किए ?

5. औद्योगिक नीति प्रस्ताव 1956 के अन्तर्गत उद्योगों को कितने भागों में वर्गीकृत किया गया ? व्याख्या कीजिए?

6. हरित क्रांति क्या है और इससे किसानों को क्या लाभ हुआ ?

7. भारतीय कृषि की तीन समस्याओं का वर्णन कीजिए ?

8. योजना के संवृद्धि लक्ष्य को स्पष्ट कीजिए ?

**छः अंक वाले प्रश्न –**

1. 1950 से 1990 के दौरान कृषि के विकास की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए?

2. 1956 की औद्योगिक नीति की मुख्य विशेषताएँ बताइए ?

3. लघु उद्योगों की समस्याओं का वर्णन कीजिए ?

4. योजना आयोग के चारों प्रमुख लक्ष्यों का संक्षेप में वर्णन करें ?

5. आर्थिक सहायता सरकार के वित्त पर भारी बोझ डालती है, परन्तु गरीब और सीमान्त किसानों के लिए आवश्यक है। समझाइए।

6. समझाकर आयात प्रतिस्थापन्न किस प्रकार घरेलू उद्योगों को संरक्षण प्रदान करता है ?

**एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर –**

**उत्तर 1** हरित क्रांति से तात्पर्य छठे दशक के मध्य में कृषि उत्पादन में उस तीव्र वृद्धि से है, जो ऊँची उपज वाले बीजों एवं रासायनिक खादों व नई तकनीक के प्रयोग के फलस्वरुप है।

**उत्तर 2** किसानों के पास स्व उपभोग से अधिक उत्पादन जिसे वे बाजार में बेचने के लिए जाते हैं।

**उत्तर 3** वे उद्योग जिनमें केवल 5 करोड़ रुपये तक का निवेश किया गया हो।

**उत्तर 4** सरकार द्वारा उत्पादकों को दी गई सहायता जिससे कि वे अपनी वस्तु को बाजार कीमत से कम दर पर बेच सकें।

**उत्तर 5** ऊँची उपज वाले बीजों को HYVs बीज कहा जाता है।

**उत्तर 6** 1960 के दशक में

**उत्तर 7** 52%

**उत्तर 8** 1956 में

**उत्तर 9** तीन श्रेणियों में

**उत्तर 10**(a) गेहूँ व चावल

**उत्तर 11** नीति आयोग

## <u>पुनरावृत्ति प्रश्न</u>

## <u>(भारतीय अर्थव्यवस्था 1950–1990)</u>

1. भारत में योजनाएं कौन लागू करता है? संकेत–योजना आयोग। 1
2. हरित क्रांन्ति की क्या सीमाएं थी ? 3/4

**संकेत–**

1. सीमित फसलों व क्षेत्रों तक सीमित
2. गरीबी में आंशिक कमी
3. पारिस्थितिक अवमूल्यन
4. छोटे किसानों को लाभ नहीं।

3. भारत में पंचवर्षीय योजनाओं की उपलब्धियाँ तथा असफलताएँ बतायें। 6

**संकेत–**

**उपलब्धियाँ**

1. उद्योगों में विविधता
2. खाद्य उत्पादन में निर्भरता
3. राष्ट्रीय तथा प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि
4. बिचौलियों का अंत (भू–सुधार)

**असफलताएँ**

1. रोजगार रहित संवृद्धि
2. क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि
3. व्यावसायिक संरचना में बदलाव नहीं
4. प्रभावशाली नियति क्षेत्र की असफलता
5. प्रभावशाली नियति क्षेत्र की कमी

## NCERT पुस्तक के प्रश्नों के उत्तर

**प्रश्न 1 भारत ने योजना को क्यों चुना?**

उत्तर : अंग्रेजों ने भारत को विभाजन की समस्याओं के साथ एक स्थिर और खोखली अर्थव्यवस्था के रूप में छोड़ दिया। इसने एक सर्वांगीण विकास योजना का आह्वान किया। यदि सरकार ने अर्थव्यवस्था को निजी हाथों में छोड़ दिया होता तो उन्होंने बड़े पैमाने पर उपस्थित गरीबी, बेरोजगारी की ओर न्यूनतम ध्यान दिया होता, जिससे देश के एक प्रमुख खंड को कष्टों का सामना करना पड़ता। हमें एक बड़े स्तर की योजना के साथ एक एकीकृत प्रयास की जरूरत थी जो सरकार केवल आर्थिक योजना प्रणाली द्वारा ही कर सकती थी। इसीलिए भारत ने योजना को चुना।।

**प्र.2, योजनाओं के लक्ष्य क्या होने चाहिए?**

**उत्तर :** कोई भी योजना बिना विशिष्ट और सामान्य लक्ष्यों के बनाना पूर्णतः अर्थहीन है। हर योजना में विशिष्टता के साथ कुछ लक्ष्य होना आवश्यक है। एक छात्र तक जब परीक्षा की तैयारी तक की। योजना बनाता है तो उसके भी कुछ विशिष्ट लक्ष्य होते हैं। जैसे कब तक एक विशेष विषय को समाप्त करना है, तो हम बिना विशिष्ट लक्ष्यों के राष्ट्रीय योजनाओं के बारे में कैसे सोच सकते हैं। निश्चित रूप से योजनाओं के लक्ष्य होना जरूरी हैं जिन्हें सामान्य और विशिष्ट लक्ष्यों में वर्गीकृत किया जा सके।

**प्र. 3. उच्च पैदावार वाली किस्म (HYV) बीज क्या होते हैं?**

**उत्तर :** वे बीज जो पानी, उर्वरक, कीटनाशकों और अन्य सीमाती प्रदान किए जाने के आश्वासन उपरांत अधिक उत्पादन दें, उन्हें उच्च पैदावार वाली किस्म (भ्ल्ट) के बीच कहा जाता है।

**प्र. 4. विक्रय अधिशेष क्या है?**

उत्तरःकिसानों द्वारा उत्पादन का बाजार में बेचा गया अंश विक्रय अधिशेष कहलाता है।

**प्र.5. कृषि क्षेत्रक में लागू किए गए भूमि सुधार की आवश्यकता और उनके प्रकारों की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर : (क) भारत में बिचौलियों की एक बड़ी संख्या थी जैसे जमींदार, महालवार, रैयत आदि जो वास्तविक किसान से किराया वसूल करते थे और उसका एक हिस्सा भू–राजस्व के रूप में सरकार के पास जमा कराते थे। वे किसानों के साथ दासों जैसा व्यवहार करते थे।

**भू–सूधारी की आवश्यकता**

(क) बिचौलियों के उन्मूलन का उद्देश्य वास्तविक जोतक और किसान के बीच सीधा संबंध स्थापित करना था।

(ख) किसानों के शोषण को रोकना

(ग) किसानों को अपने खेतों व लाभपामा कृषि में स्वहित भाव उत्पन्न करना

(घ) कृषि उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि।

**भू–सूधार के प्रकार**

**(क) जमींदारी प्रथा का उन्मूलन**– सरकार और किसान के बीच में सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए जमींदारी प्रथा का उन्मूलन कर दिया गया ताकि किसानों के शोषण को दूर किया जा सके। इन बिचौलियों ने किसानों पर भारी शुल्क लगाए। परंतु सिंचाई सुविधाओं, भंडारण सुविधाओं ऋण सुविधाओं, विपणन सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

**(ख) किरायेदारी सुधार**– ये निम्नलिखित से संबंधित थे

1. किराया विनियमन
2. कार्यकाल सुरक्षा
3. किरायेदारों के लिए स्वामित्व अधिकार

**(ग) अधिकतम भूमि सीमा अधिनियम**– इस अधिनियम के अंतर्गत किसी व्यक्ति की कृषि भूमि की अधिकतम सीमा निर्धारित कर दी गई। कृषि के पनगठन का संबंध

1. भूमि के पुनर्वितरण
2. भूमि चकबंदी
3. सहकारी खेती से है।

**प्र.6. हरित क्रांति क्या है? इसे क्यों लागू किया गया और इससे किसानों को क्या लाभ पहुँचा? संक्षिप्त में व्याख्या कीजिए।**

उत्तर : यह एक रणनीति थी जो अक्टूबर 1965 में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए शुरू की गई थी। इसे अलग–अलग नाम दिए गए जैसे–नई कृषि नीति, बीज–उर्वरक पानी, प्रौद्योगिकी कीटनाशकों उपयोग आदि। नई कृषि नीति अपनाने से पूर्व भारतीय कृषि की परिस्थितियाँ इस प्रकार थी

(क) कृषि कम और अनियमित वृद्धि दर्शा रही थी।

(ख) कृषि में चरम क्षेत्रीय असमानता तथा बढ़ती हुई अंतर्वर्गीय असमानता थी। हरित क्रांति की उत्पत्ति बना, जो एक जैव रासायनिक प्रौदयोगिकी थी, जिसके दवारा उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों का उपयोग करके प्रति उन्नतशील किस्म के बीजों द्वारा एकड़ उत्पादन को बढ़ाया जाना था।

(ग) कृषि को मानसून का जुआ कहा जाता था।

(घ) उन्नत बीजों, उर्वरकों सिचांई, कीटनाशकों अपर्याप्त उपलब्धता

(ड) कृषि पंजीकरण का अभाव

<u>**हरित क्रांति के लाभ**</u>

(क) आय में बढ़ोतरी–क्योंकि हरित क्रांति काफी वर्षों तक गेहँ और चावल तक सीमित था इसलिए इसका लाभ पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे गेहूँ और चावल उत्पादक क्षेत्रों को हआ। इन राज्यों में किसानों की आय तेजी से बढी। हरित क्रांति इन राज्यों से गरीबी दूर करने में सफल रही।

(ख) सामाजिक क्रांति पर प्रभाव– आर्थिक क्रांति के साथ एक सामाजिक क्रांति भी थी। इसने पुराने सामाजिक मान्यताओं और रीति–रिवाजों को नष्ट कर दिया और लोग प्रौद्योगिकी, बीज और उर्वरकों के परिवर्तन को स्वीकार करने के लिए तैयार हो गए। खेती की पारंपरिक विधियाँ खेती की आधुनिक विधियों में परिवर्तित हो गई।

(ग) रोजगार में वृद्धि– हरित क्रांति की वजह से जमीन के एक टुकड़े पर एक से अधिक फसल उगाने की संभावना के साथ काफी हद तक मौसमी बेरोजगारी की समस्या हल

हो गई क्योंकि इसमें कार्यशील हाथों की आवश्यकता पूरे वर्ष थी। इसके अतिरिक्त पैकेज आदानों के लिए बेहतर सिंचाई सुविधाओं की आवश्यकता थी। इससे भी रोजगार के अवसर बढें।

**प्र.6. योजना उद्देश्य के रूप में ''समानता के साथ संवृद्धिष''की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर : संवृद्धि और समानता दो संघर्षशील उद्देश्य हैं, अर्थात् एक को पाने के लिए दूसरे का त्याग करना होगा। कुछ अर्थशास्त्रियों के अनुसार, श्आय की समानता संवृद्धि में बाधक है क्योंकि इससे काम करने की प्रेरणा में कमी आती है। इसके अतिरिक्त आय की समानता से देश का उपभोग स्तर बढ़ जाता था तथा बचत स्तर कम हो जाता है। उपभोग अधिक होगा तो बचत कम होगी। बचत कम होने से निवेश के लिए धन की कमी होगी जिससे अर्थव्यवस्था की संवृद्धि दर में कमी आयेगी।

**प्र.8. ''क्या रोजगार सृजन की दृष्टि से योजना उद्देश्य के रूप में आधुनिकीकरण विरोधाभास पैदा करता है ? व्याख्या कीजिए।**

उत्तर : उद्देश्यों में विरोधाभास का अर्थ है कि दो उद्देश्यों को एक साथ उपलब्ध नहीं कर सकते। एक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमें दूसरे का बलिदान करना होगा।

परतु यह केवल अल्पकाल में होगा। जैसे–जैसे आधुनिकीकरण होगा पूँजीगत वस्तु उद्योगों का विकास होगा और वहाँ भिन्न–भिन्न प्रकार के रोजगार अवसर सृजित होंगे। परंतु जिस तरह की नौकरियों का सृजन होगा उनके अनुसार श्रम में कौशल होना आवश्यक है।

**प्र.9. भारत जैसे विकासशील देश के रूप में आत्मनिर्भरता का पालन करना क्यों आवश्यक था?**

उत्तर : स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर भारत गरीब, गतिहीन और पिछड़ा हआ था। खाद्यान्नों का भारी आयात किया जा रहा था। इसलिए आत्मनिर्भर होना अति आवश्यक था। आत्मनिर्भरता की विशेषताएँ इस प्रकार हैं

(क) खाद्यान्नों में आत्मनिर्भर होना।

(ख) विदेशी मदद और आयातों पर निर्भरता में कमी जो तभी संभव है जब घरेलू उत्पादन में वृद्धि हो।

(ग) निर्यातों में वृद्धि।

(घ) सकल घरेलू उत्पाद में उद्योगों के योगदान में वृद्धि।

**प्र.10. किसी अर्थव्यवस्था का क्षेत्रक गठन क्या होता है? क्या यह आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था के जी.डी.पी. में सेवा क्षेत्रक को सबसे अधिक योगदान करना चाहिए? टिप्पणी करें।**

उत्तर : एक अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद में तीनों क्षेत्रों के योगदान को अर्थव्यवस्था का क्षेत्रक गठन कहा जाता है। यदि किसी अर्थव्यवस्था के जी.डी.पी. में सेवा क्षेत्रक सबसे अधिक योगदान कर रहा है तो इसका अर्थ है कि हमारी अर्थव्यवस्था आर्थिक रूप से विकसित है।

**प्र.11. योजना अवधि के दौरान औद्योगिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्र को ही अग्रणी भूमिका क्यों सौंपी गई थी?**

उत्तर : सार्वजनिक क्षेत्र निम्नलिखित प्रकार से उद्योगों के विकास में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है

(क) एक मजबूत औदयोगिक आधार बनाने के लिए।

(ख) बनियादी ढाँचे के विकास के लिए।

(ग) पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए।

(घ) बचत जुटाने और विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए।

(ङ) आर्थिक शक्ति की एकाग्रता को रोकने के लिए।

**प्र.12. इस कथन का व्याख्या कररू हारतक्रात न सरकार का खाद्यान्ना क प्रापण द्वारा विशाल सुरक्षित भंडार बनाने के योग्य बनाया, ताकि वह कमी के समय उसका उपयोग कर सके।**

उत्तर : हरित क्रांति नई कृषि तकनीक के उपयोग से कृषि उत्पादन और उत्पादकता में होने वाली भारी वृद्धि को संदर्भित करता है। इसने एक दुर्लभतापूर्ण अर्थव्यवस्था को बहुतायत पूर्ण अर्थव्यवस्था में बदल दिया।

हरित क्रांति से उत्पादन तथा उत्पादकता में भारी परिवर्तन आया। हरित क्रांति ने लगातार उपस्थित खाद्यान्नों की कमी को दूर करने में मदद की। अधिक पैदावार वाली किस्मों का कार्यक्रम (HYP) केवल पाँच फसलों अर्थात् गेहूं, चावल, ज्वार, बाजरा, मक्का तक ही प्रतिबंधित रहा। वाणिज्यिक फसलों को नई कृषि तकनीक के दायरे से बाहर रखा गया। गेहूँ उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि देखने में आई।

गेहूं का उत्पादन जो तीसरी पंचवर्षीय योजना में 12.1 मिलियन टन था, वह 2006 में बढ़कर 79.8 मिलियन टन हो गया। इसी तरह चावल का उत्पादन 1968–69 में 38.1 मिलियन टन से बढ़कर 2005–06 में 93.4 मिलियन टन हो गया। मोटे अनाजों का उत्पादन में 1968–69 में 26.1 मिलियन टन से मात्र 33.9 मिलियन टन तक बढ़ा।

**प्र.13. सहायिकी किसानों को नई प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने को प्रोत्साहित तो करती है पर उसका सरकारी वित्त पर भारी बोझ पड़ता है। इस तथ्य को ध्यान में रखकर सहायिकी की उपयोगिता की चर्चा करें।**

उत्तर : अलग–अलग अर्थशास्त्रियों के सहायिकी के विषय में अलग–अलग विचार है। कुछ सहायिकी का पक्ष लेते हैं तो कुछ इसके उन्मूलन पक्षधर हैं। अपने पक्ष के लिए वे जो तर्क देते हैं वे नीचे दिए गए

सहायिकी के पक्ष में तर्क

(क) नई तकनीक अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए सहायिकी आवश्यक है।

(ख) अधिकांशतः किसान गरीब हैं। अतः वे सरकारी मदद के बिना नई तकनीक को वहन करने में सक्षम नहीं होंगे।

(ग) कृषि जोखिम भरा व्यवसाय है। अतः जो गरीब किसान इसका जोखिम उठाने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें सरकारी सहायता की आवश्यकता है।

सहायिका के विपक्ष तक

(क) सहायिकी का उद्देश्य पूरा हो चुका है, अतः इस चरणबद्ध रीति से हटा दिया जाना चाहिए।
(ख) सहायिकी का लाभ अमीर किसानों तथा उर्वरक कंपनियों को भी मिल रहा है जिसकी आवश्यकता नहीं है।
(ग) सहायिकी सरकारी वित्त पर भारी बोझ है जो अन्ततरू आम आदमी को ही उठाना पड़ता है।

**प्र.14. हरित क्रांति के बाद भी 1990 तक हमारी 65% जनसंख्या कृषि क्षेत्रक में ही क्यों लगी रही?**

उत्तर : हरित क्रांति के बाद भी 1990 तक हमारी 65% जनसंख्या कृषि क्षेत्रक में ही लगी रही। इसके कारण निम्नलिखित हैं
(क) हरित क्रांति पूरे देश में नहीं हुई। यह मुख्यतः पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सफल रही। अन्य राज्यों में कृषि पर निर्भर आबादी में गिरावट नहीं थी।
(ख) हरित क्रांति केवल कुछ फसलों तक ही सीमित थी। जिसमें मुख्य गेहूँ और चावल हैं। कुछ अर्थशास्त्री इसे गेहूँ क्रांति भी कहते हैं।
(ग) अन्य क्षेत्रों में वैकल्पिक नौकरियों का सृजन नहीं हुआ। इसने कृषि में प्रच्छन्न बेरोजगारी को जन्म दिया।

**प्र.15. यद्यपि उद्योगों के लिए सार्वजनिक क्षेत्रक बहुत आवश्यक रहा है, पर सार्वजनिक क्षेत्र के अनेक उपक्रम ऐसे हैं जो भारी हानि उठा रहे हैं और इस क्षेत्रक के अर्थव्यवस्था के संसाधनों की बर्बादी के साधन बने हए हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हए सार्वजनिक क्षेत्रक के उपक्रमों की उपयोगिता पर चर्चा करें।**

उत्तर : यह. भलीभाँति ज्ञात है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम लाभार्जन नहीं बल्कि समाज कल्याण के उद्देश्य से संचालित किए जाते हैं। एक संस्था जो लाभ के लिए नहीं बल्कि समाज कल्याण के लिए कार्यरत हैं, उस उपयोगिता को लाभ के आधार पर आँकना गलत है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम लाभार्जन न कर रहे हो परंतु ये उपयोगी हैं क्योंकि
(क) ये एक मजबूत औद्योगिक आधार का निर्माण करते हैं।
(ख) यह सामाजिक और आर्थिक ढाँचे के विकास में मदद करता है।
(ग) यह पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर केंद्रित है और क्षेत्रीय समानता को बढ़ावा देता है।
(घ) यह सत्ता को कुछ हाथों में एकाग्र होने से रोकता है।

**प्र.16. औदयोगिक नीति प्रस्ताव, 1956 में निजी क्षेत्रक का नियमन क्यों और कैसे किया गया था?**

उत्तर : औद्योगिक नीति प्रस्ताव ने उद्योगों को तीन वर्गों में बाँटा
(क) प्रथम श्रेणी में उन उद्योगों को शामिल किया गया जो पूर्णतः सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित थे तथा जिसमें निजी क्षेत्र को प्रवेश की अनुमति नहीं थी। इसमें 17 उद्योग शामिल थे।

(ख) दूसरी श्रेणी में वे उदयोग शामिल किए गए जिसमें निजी क्षेत्र सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका में परक की भूमिका निभा सकता है।
(ग) तीसरी श्रेणी में शेष सभी उदयोग शामिल थे जिसमें निजी क्षेत्र सहज प्रवेश कर सकता है।

**प्र.17. निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रधानमंत्री | (क) | अधिक अनुपात में उत्पादन देने वाले बीज |
| 2. सकल घरेलू उत्पाद | (ख) | आयात की जा सकने वाली मात्रा |
| 3. कोटा | (ग) | योजना आयोग के अध्यक्ष |
| 4. भूमि–सूधार | (घ) | किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष में उत्पादित की गई सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य। |
| 5. उच्च उत्पादकता वाले बीज | (ड) | कृषि क्षेत्र की उत्पादकता वृद्धि के लिए किए गए सुधार |
| 6. सहायिकी | (च) | उत्पादक कार्यों के लिए सरकार द्वारा दी गई मौद्रिक सहायता |

<u>उत्तर :</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रधानमंत्री | (ग) | योजना आयोग के अध्यक्ष |
| 2. सकल घरेलू उत्पाद | (घ) | किसी अर्थव्यवस्था में एक वर्ष में उत्पादित की गई सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य। |
| 3. कोटा | (ख) | आयात की जा सकने वाली मात्रा |
| 4. भूमि–सूधार | (क) | कृषि क्षेत्र की उत्पादकता वृद्धि के लिए किए गए सुधार |
| 5. उच्च उत्पादकता वाले बीज | (क) | अधिक अनुपात में उत्पादन देने वाले बीज |
| 6. सहायिकी | (च) | उत्पादक कार्यों के लिए सरकार द्वारा दी गई मौद्रिक सहायता |

अध्याय–3

## आर्थिक–सुधारों का दौर : 1991 से अब तक

स्वतंत्र भारत में समाजवादी तथा पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के गुणों को सम्मिलित करते हुए मिश्रित आर्थिक ढांचे को स्वीकार किया गया । भारतीय अर्थव्यवस्था की अक्षम प्रबंधन ने 1980 के दशक तक वित्तीय संकट उत्पन्न कर दिया। सरकारी नीतियों और प्रशासन के क्रियान्वयन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र तथा टैक्स (कर) सरकार के आय के स्रोत हैं। भारत में 1991 से भारत सरकार द्वारा कई आर्थिक सुधार किए गए।

### आर्थिक सुधार की आवश्यकता

1990–91 में भारत की आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय थी। 1991 के दौरान विदेशी ऋण के कारण भारत के सामने एक आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया तथा सरकार विदेशों से लिए गए उधार के पुनर्भुगतान की स्थिति में नहीं थी।

- विदेशी व्यापार खाते में घाटा बढ़ता जा रहा था।
- 1988 से 1991 तक इसके बढ़ने की दर इतनी अधिक थी कि 91 तक घाटा 10,644 करोड़ हो गया।
- इसी समय विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से गिरकर मात्र दो सप्ताह के आपात पर्याप्तता स्तर पर आ गया।
- 1990–91 में भारत सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से वित्तीय सुविधा के रुप में एक बहुत बड़ी राशि उधार ली।
- अल्पकालीन विदेशी ऋणों के भुगतान के लिए 47 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास गिरवी रखना पड़ा।
- भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने मुद्रास्फीति का संकट था जिसकी दर 12% हो गयी थी।
- मुद्रास्फीति के कारण कृषि उत्पादों के वितरण और बाजार मूल्यों (खरीद मूल्यों) में वृद्धि हुई। परिणामस्वरुप बजट के मौद्रिकृत घाटे में वृद्धि हुई। साथ–साथ आयात मूल्य में वृद्धि हुई तथा विदेशी विनिमय दर में कमी हुई ।
- परिणामस्वरुप भारत के सामने राजकोषीय तथा व्यापार घाटे की समस्या उत्पन्न हुई।
- इसलिए भारत के सामने केवल दो ही विकल्प बचे हुए थे –
    1) निर्यात में वृद्धि के साथ–साथ विदेशी उधार लेकर विदेशी विनिमय प्रवाह में वृद्धि कर भारतीय आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाए।
    2) राजकोषीय अनुशासन को स्थापित करें तथा उद्देश्यवरक संरचनात्मक समायोजन लाया जाए।

## <u>आर्थिक सुधार की मुख्य विशेषताएँ –</u>

अर्थव्यवस्था की समस्या के समाधान के लिए भारत सरकार ने बहुत सारे आर्थिक सुधार किए।

- सरकार की औद्योगिक नीति का उदारीकरण
- उद्योगों के निजीकरण द्वारा विदेशी निवेश को प्रोत्साहन।
- उदारीकरण के अंग के रुप में लाइसेंस को खत्म करना।
- आयात और निर्यात नीति को उदार बनाते हुए <u>आयात और निर्यात वस्तुओं पर आयात शुल्क में कमी जिससे</u> कि औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक कच्चे माल का तथा निर्यात जन्य वस्तुओं के उत्पादन के लिए कच्चे माल का आयात तुलनात्मक रुप से आसान होगा।
- डॉलर के मूल्य के रुप में घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन।
- देश के आर्थिक स्थिति में सुधार और संरचनात्मक समायोजन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा विश्व बैंक से बहुत अधिक विदेशी ऋण प्राप्त किया।
- राष्ट्र के बैंकिंग प्रणाली और कर संरचना में सुधार।
- सरकार द्वारा निवेश में कमी करते हुए बाजार अर्थव्यवस्था को स्थापित करना।

## <u>उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (LPG) –</u>

आर्थिक सुधार के नए मॉडल को LPG मॉडल भी कहा जाता है। इस मॉडल का प्राथमिक उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष तीव्रतर विकासशील अर्थव्यवस्था के रुप में स्थापित करना।

1. **<u>उदारीकरण –</u>** उदारीकरण से तात्पर्य सामाजिक राजनैतिक व आर्थिक नीतियों में लगाए गए सरकारी नियंत्रण में कमी से है। भारत में 24 जुलाई 1991 से वित्तीय सुधारों के साथ ही आर्थिक उदारीकरण की प्रक्रिया शुरु हुई।
2. **<u>निजीकरण –</u>** निजीकरण से तात्पर्य है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, व्यवसाय एवम् सेवाओं के स्वामित्व, प्रबंधन व नियंत्रण को निजी क्षेत्र को हस्तान्तरित करने से है।
3. **<u>वैश्वीकरण –</u>** वैश्वीकरण का अर्थ सामान्यतया देश की अर्थव्यवथा का विश्व की अर्थव्यवस्था के एकीकरण से है।

**भारत में LPG नीति के कुछ मुख्य बिन्दु निम्न है –**

1) विदेशी तकनीकी समझौता
2) एम.आर.टी.पी. एक्ट 1969
3) विदेशी निवेश
4) औद्योगिक लाइसेंस विनियमन
5) निजीकरण और विनिवेश का प्रारंभ
6) समुद्रपारीय व्यापार के अवसर
7) मुद्रास्फीति नियमन
8) कर सुधार
9) वित्तीय क्षेत्र सुधार
10) बैंकिंग सुधार
11) लाइसेंस और परमिट राज की समाप्ति ।

**मूल्यांकन** – उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण की अवधारणा एक–दूसरे से जुड़ी हुई है और इनके अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक व नकारात्मक दोनों प्रभाव दिखते हैं। कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वैश्वीकरण अर्थव्यवस्था के लिए नए अवसर उपलब्ध कराता है जिससे उनके बेहतर तकनीक और उत्पादन की क्षमता में वृद्धि के साथ नये बाजार के द्वार खुलते हैं जबकि दूसरे समूह का मानना है कि यह विकासशील देशों के घरेल उद्योगों को संरक्षण नहीं प्रदान करता है। भारतीय संदर्भ में देखने पर हम पाते हैं कि वैश्वीकरण ने जीवन निर्वहन सुविधाओं को बेहतर किया है तथा मनोरंजन, संचार, परिवहन इत्यादि क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों का विस्तार किया है।

| सकारात्मक प्रभाव | नकारात्मक प्रभाव |
|---|---|
| i) उच्च आर्थिक समृद्धि दर | i) कृषि की प्रभावहीनता |
| ii) विदेशी निवेश में वृद्धि | ii) रोजगारविहीन आर्थिक समृद्धि |
| iii) विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि | iii) आय के वितरण में असमानता |
| iv) नियंत्रित मुद्रास्फीति | iv) लाभोन्मुखी समाज |
| v) निर्यात संरचना में परिवर्तन | v) निजीकरण पर नकारात्मक प्रभाव |
| vi) निर्यात की दिशा में परिवर्तन | vi) संसाधनों का अतिशय दोहन |
| vii) उपभोक्ता की संप्रभुता स्थापित | vii) पर्यावरणीय अपक्षय |

## विमुद्रीकरण (8 नवंबर 2016)

भारत सरकार ने 8 नवम्बर 2016 को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये अहं घोषणा की कि तत्काल प्रभाव से 2 सर्वोच्च मूल्य वाली मौद्रिक करेंसी रुपया 1000 और रुपया 50 अब वैधानिक मुद्रा नहीं रहेगे। कुछ विशिष्ट उद्देश्यों और स्थानों को छोड़कर। इससे चलन में जारी 86% मुद्रा तत्काल अवैध हो गयी। कुछ निश्चित प्रतिबंधों और प्रावधानों के तहत पुरानी मुद्रा को बैंको में जमा कराकर बदलने का काम किया गया। यह अब तक का अंतिम और नवीनतम विमुद्रीकरण है।

## विमुद्रीकरण से तात्पर्य

विमुद्रीकरण एक प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत किसी मौद्रिक करेंसी की इकाई का वैधानिक दर्जा वापस ले लिया जाता है। दूसरे शब्दों में सरकार द्वारा वर्तमान की वैधानिक मुद्रा इकाई को चलन से बाहर करने के लिये अवैध घोषित कर देना विमुद्रीकरण कहलाता है।

सामान्यतः विमुद्रीकरण के बाद पुरानी मौद्रिक करेंसी की इकाईयों के स्थान पर नयी मौद्रिक करेंसी की इकाई को चलन में लाया जाता है।

भारत में सर्वप्रथम 1946 में भारतीय रिजर्व बैंक ने 1000 और 10000 की नोटों का विमुद्रीकरण किया था। 1954 में 3 नये मौद्रिक करेंसी की इकाईयां रुपये 1000 रुपये 5000 तथा रुपये 10,000 चलन में लायी गयी। इसके बाद 1978 में भारत सरकार ने गैर कानूनी लेने–देने और असामाजिक क्रिया–कलापों को रोकने के लिये इन नोटो का पुनः विमुद्रीकरण कर दिया गया।

## 2016 के विमुद्रीकरण के प्रमुख कारण

1. अर्थव्यवस्था में काले धन की मात्रा बहुत अधिक बढ़ गयी थी।
2. भारत में नकली नोटों का प्रवाह और चलन बढ़ गया था।
3. नकली नोटों तथा बड़ी नोटों का प्रयोग आतंकवाद और नक्सलवाद को पोषित करने में भी किया जा रहा था।
4. बड़ी नोटों की जमाखोरी के कारण राजकोषीय विस्तार कम हो गया था।
5. बैंक प्रणाली में तरलता की कमी थी।
6. भारत की औपचारिक अर्थव्यवस्था की तुलनामें अनौपचारिक अर्थव्यवस्था बढ़ रही थी।

7. समानान्तर अर्थव्यवस्था चल रही थी। उपर्युक्त कारण अर्थव्यवस्था के व्यवधान के रूप में देखे जा रहे थे। इन व्यवधानों से निजात पाने के लिये विमुद्रीकरण का रास्ता अपनाया गया।

## विमुद्रीकरण के संभावित लाभ

1. भ्रष्टाचार में कमी।
2. उच्च मूल्यों वाली नकली नोटों द्वारा गैर कानूनी क्रियाप–कलापों में कमी।
3. काले धन के संचय पर आघात।
4. बचत की मात्रा में वृद्धि।
5. व्याज दरों में गिरावट।
6. औपचारिक अर्थव्यवस्था का विस्तार।
7. असामाजिक गतिविधियों पर लगाम।

## विमुद्रीकरण की विशेषताएं

1. विमुद्रीकरण से कर प्रशासन और कर संरचना का विस्तार हुआ।
2. स्वैच्छिक आय घोषणा द्वारा सरकारी राजस्व में वृद्धि।
3. विमुद्रीकरण इस बात का संकेत था, कि सरकार द्वारा आने वाले समय में कर अपवंन को गंभीरता से लिया जायेगा।
4. वित्तीय प्रणाली में बचत और निवेश के औपचारिक सम्बन्ध को विस्तार मिला।
5. बैंकों को ऋण प्रदान करने के लिए तरलता का आधार विस्तृत हुआ इससे व्याज दरों में कमी आयी।
6. नकद लेन–देन अर्थव्यवस्था में कमी हुई और नकद रहित अर्थव्यवस्था की ओर भारतीय अर्थव्यवस्था अनुगमन हुआ।
7. डिजिटल लेन–देन और पालस्टिक मुद्रा को प्रोत्साहन मिला।

## विमुद्रीकरण के प्रभाव

1. नकद लेन–देन में कमी।
2. बैंक जमाओं में वृद्धि।
3. वित्तीय बचत में वृद्धि।
4. व्याज दरों में कमी।
5. अचल सम्पत्तियों की कीमतों में गिरावट।

6. नये उपयोग कर्ताओं के बीच डिजिटल स्थानान्तरण में वृद्धि।

7. आय–कर में वृद्धि।

8. सरकार के राजस्व में वृद्धि।

9. आयकर के कराधार में वृद्धि।

## वस्तु एवं सेवा–कर (Goods & Service Tax) (1 जुलाई 2017)

वस्तु एवं सेवाकर भारत के आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया में दूसरी पीढ़ी के सुधारों में अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार है। यह कर सुधार भारत के अप्रयक्ष कर सुधारों को सबसे अधिक विस्तृत करने वाला और पूर्णतः की ओर ले जाने वाला है। जी.एस.टी. पर विचार करने के लिए बनायी गयी राज्य वित्त मंत्रियों की सशक्त समिति ने 10 नवम्बर 2009 को दोहरे जी.एस.टी. कर प्रस्ताव दिया था। जो केन्द्र और राज्य दोनों को करारोपण की शक्ति प्रदान करता है। जी.एस.टी. लागू करने के लिये संविधान संशोधन किया गया क्योंकि वस्तुओं के उत्पादन पर कर लगाने का अधिकार केन्द्र सरकार के पास था और वस्तुओं के विक्रय पर कर लगाने का अधिकार राज्य सरकारों के पास था। सेवाओं पर भी कर लगाने का अधिकार केन्द्र सरकार के पास था। इसी तरह वस्तुओं और सेवाओं के आयात पर कर लगाने का अधिकार केन्द्र के ही पास था। इन्हीं विभिन्नताओं में एक रूपता लाने के लिये संविधान संशोधन किया गया।

## वस्तु एंव सेवाकर का अर्थ

वस्तु एवं सेवाकर एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है जो वस्तुओं और सेवाओं के बीच बिना भेद–भाव किये राष्ट्रीय स्तर पर उनके विनिर्माण उत्पादन, विक्रय तथा उपभोग पर लगाया जाता है। यह कर केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा लगाये जा रहे लगभग सभी अप्रत्यक्ष करों को प्रतिस्थापित कर देगा। यह बहु–बिंदु कर व्यवस्था एकल बिंदु कर व्यवस्था की ओर ले जायेगा। इसके अन्तर्गत हर व्यक्ति अपने उत्पाद पर कर अदा करने के लिये उत्तरदायी होगा और अपने आदतों पर अदा किये गये कर का आगत कर रसीद प्राप्त करने का हकदार होगा।

## वस्तु एवं सेवाकर के प्रकार

वस्तु और सेवाकर 3 प्रकार का है–

1. **राज्य स्तरीय वस्तु एवं सेवाकर**– यह ऐसा कर है जो राज्य सरकार के राजस्व विभाग को अदा किया जाता है।यह सामान्यतः संघीय वस्तु सेवा कर के समान होता है। यह कर वर्तमान राज्य स्तरीय वैठ (मूल्य वर्धित कर) आिवा विक्रीकर का स्थान लेगा।

**2. संघीय वस्तु एवं सेवाकर**– यह ऐसा कर है जो केन्द्र सरकार के राजस्व विभाग को अदा किया जाता है। यह लगभग राज्यस्तरीय वस्तु सेवा कर के बराबर होता है। यह उत्पाद शुल्क और सेवा कर जैसे केन्द्र सरकारक` करों का स्थान लिया। स्थानीय विक्री की दशा में जी.एस.टी. का 50% संघीय वस्तु सेवाकर के रूप में केन्द्र सरकार को हस्तांतरित किया जाता है।

**3. समन्वित वस्तु एवं सेवाकर**– यह कर अंतर्राज्यीय क्रय–विक्रय पर लगाया जाता है। इसका एक हिस्सा केन्द्र सरकार तथा शेष हिस्सा राज्य सरकार को हस्तान्तरिक किया जाता है।

## वस्तु एवं सेवाकर के उद्देश्य

1. बहुबिंदु कर प्रणाली को समाप्त करना।
2. वस्तुओं और सेवाओं की लागत वितरण और उत्पादन पर कर के प्रपाती प्रभाव को समाप्त करना।
3. बाजार में मूलतः वस्तुओं और सेवाओं की प्रतियोगिता को बढ़ावा देना।
4. सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में सकारात्मक योगदान।
5. विभिन्न अप्रत्यक्ष करों का एकीकरण।

**वस्तु एवं सेवाकरों की दरे**– भारत में इसे 5 दरों में विभाजित किया गया है।

1. सभी मूलभूत आवश्यकता बाकी वस्तुओं एवं सेवाओं के लिये शून्य प्रतिशत वस्तु एवं सेवाकर के दायरे पर रखा गया है। जैसे– खाद्यान्य, बेड, नमक, किताबे, आदि।
2. कुछ उच्च उपभोग वस्तुओं पर 5% की दर से वस्तु एवं सेवा कर लगाया जाताहै। जैसे– पनीर, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, चाय, कॉफी आदि।
3. उच्च जन उपभोग वस्तुओं पर 12% जैसे– मोबाइल, मिठाइयां दवायें आदि।
4. सभी तरह की सेवाओं पर 18% की दर से वस्तु एवं सेवाकर लगाया जाता है।
5. अन्य सभी बिलासी वस्तुओं पर 28% की दर से वस्तु एवं सेवाकर लगाया जाता है। पेट्रोल, गैस, कच्चे तेल, डीजल आदि को वस्तु एवं सेवा कर के दायरे से बाहर रखा गया है।

   सर्व प्रथम यह कर 1954 में फ्रांस में लगाया गया था। वर्तमान में लगभग 150 देशों में यह कर लागू है। भारत में यह कर 1 जुलाई, 2017 से 'एक देश' 'एक कर' के नारे के साथ लागू किया गया।

## प्रश्नावली

**1 अंक के प्रश्न** –

1. भारत के आर्थिक सुधार कब प्रारंभ किये गए ?
2. उदारीकरण से आप क्या समझते हैं ?
3. निजीकरण क्या है ?
4. भूमंडलीकरण को परिभाषित करें।

**3 और 4 अंक के प्रश्न** –

1. 1991 में अपनाए गए आर्थिक सुधारों की व्याख्या करें।
2. भारत के लिए आर्थिक सुधारों की क्या जरुरतें थीं?
3. आर्थिक सुधारों की प्रमुख विशेषताएँ क्या है ?
4. उदारीकरण, निजीकरण तथा भूमंडलीकरण की नीति किन्हीं तीन विशेषताओं को लिखिए।
5. उदारीकरण, निजीकरण तथा भूडंलीकरण की नीति के 3–4 सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों को लिखिए।

**6 अंक के प्रश्न** –

1. 1991 में भारत में सुधारों को क्यों प्रारम्भ किया गया ?
2. भारतीय अर्थव्यवस्था में 1991 के बाद सरकारी की बदली हुई भूमिका स्पष्ट करें।
3. निम्नलिखित के सन्दर्भ में आर्थिक सुधारों के अंतर्गत उठाये गए कदमों की व्याख्या करें –

   अ) उदारीकरण

   ब) निजीकरण

   स) भूमंडलीकरण
4. उदारीकरण, निजीकरण और भूमंडलीकरण के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों का मूल्यांकन करें।

**एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर –**

1. 1991 से
2. उदारीकरण का अर्थ है सरकार द्वारा लगाए गए प्रत्यक्ष या भौतिक नियंत्रणों से अर्थव्यवस्था की मुक्ति।
3. निजीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत निजी क्षेत्र द्वारा सार्वजनिक उद्यमों पर पूर्ण या आंशिक अधिकार करके उनका प्रबंध किया जाता है।
4. भूमंडलीकरण अर्थव्यवस्था को विश्व से जोड़ने वाले संपर्क सूत्रों को बढ़ने वाली एक प्रक्रिया है ताकि विश्व की आर्थिक व सामाजिक स्तर पर पारस्परिक निर्भरता बढ सके।

## पुनरावृत्ति के प्रश्न

## (आर्थिक सुधार 1991 से)

1. नयी आर्थिक नीति की घोषणा कब हुई ? 1

**संकेत** – जुलाई 1991

2. विश्व व्यापार संगठन के क्या उद्देश्य है ? 3

**संकेत**–

1. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सीमा शुल्क व गैर सीमा शुल्कों की कमी
2. जीवन स्तर में वृद्धि
3. व्यापार नीतियों, पर्यावरणीय नीतियों विकास की नीतियों के बीच लिंक स्थापित करना।
4. एकीकृत व टिकाऊ बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का विकास व व्यापार जनित झगड़ों का निवारण।

3. आर्थिक सुधारों के पीछे किन्हीं तीन कारणों को उल्लेख कीजिए ? 6

**संकेत**–

1. सार्वजनिक क्षेत्र का खराब प्रदर्शन
2. भुगतान संतुलन में घाटा
3. ऋणों का अत्यधिक बोझ
4. विदेशी विनिमय कोष में गिरावट

## NCERT पुस्तक के प्रश्नों के उत्तर

**प्र. 1. भारत में आर्थिक सुधार क्यों प्रारंभ किये गये?**

<u>उत्तर :</u> आर्थिक सुधारों के मुख्य कारण थे–

(क) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की अकुशलता व इनमें संसाधन प्रबंधन की अक्षमता।

(ख) विदेशी मुद्रा भंडार की अपर्याप्तता, जो 6 माह आयात हेतु रिजर्व की बजाय दो हफ्ते के आयात हेतु था।

(ग) खाड़ी युद्ध के कारण कीमतों के बढ़ने की दर दोहरे अंक में पहुँच गई, जिसने संकट को और बढ़ा दिया। मुद्रास्फीति की दर 12% प्रति वर्ष था।

(घ) घटिया प्रबंधन के कारण बहुत से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम घाटे में चल रहे थे। इस संकट का जवाब सरकार ने 1991 की नई आर्थिक नीति की उद्घोषणा करके दिया।

**प्र.2. विश्व व्यापार संगठन का सदस्य होना क्यों आवश्यक है? इसके कुल कितने सदस्य हैं?**

<u>उत्तर :</u> आई.एम.एफ. और विश्व बैंक से ऋण प्राप्ति के लिए और अन्य देशों के साथ मुफ्त व्यापार करने के लिए विश्व व्यापार संगठन का सदस्य होना आवश्यक है। विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बने बिना एक देश वैश्वीकत होते विश्व व्यापार का लाभ नहीं उठा सकता। वर्तमान में 164 सदस्य है। 164वाँ सदस्य 29 जुलाई 2016 को अफगानिस्तान बना।

**प्र.3. भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय क्षेत्र में नियंत्रक की भूमिका से स्वयं को सुविधाप्रदाता की भूमिका अदा करने में क्यों परिवर्तित किया?**

<u>उत्तर :</u> भारतीय रिजर्व बैंक नियंत्रक की भूमिका से स्वयं को सुविधाप्रदाता की भूमिका अदा करने का बड़ा परिवर्तन किया। पहले एक नियंत्रक के रूप में, आर.बी.आई. खुद ब्याज तय करता था तथा प्रबंधकीय निर्णयों को प्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित करता था। परंतु उदारीकरण के उपरांत इसने सुविधाप्रदाता की भूमिका निभाई जिसके अंतर्गत ब्याज दरों को बाजार बलों द्वारा निर्धारित होने के लिए स्वतंत्र कर दिया गया तथा प्रत्येक वाणिज्यिक बैंक को प्रबंधन निर्णयों की स्वतंत्रता दे दी गई। उन्हें बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाना आवश्यक था। उदारीकरण के साथ बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई। अतः बाजार से उत्तम प्राप्ति के लिए बैंकों को प्रबंधन निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना आवश्यक हो गया।

**प्र. 4. रुपयों के अवमूल्यन से आप क्या समझते हैं?**

<u>उत्तर :</u> नियंत्रण प्राधिकारी के निर्णय से जब विनिमय दर में गिरावट आती है जिससे एक मुद्रा का मूल्य अन्य मुद्रा की तुलना में कम हो जाता है तो उसे अवमूल्यन कहते हैं। इसके परिणामस्वरूप, आयात महँगे और निर्यात सस्ते हो जाते हैं। अतः निर्यात बढ़ जाते हैं। और आयात कम हो जाते हैं। इस तरह व्यापार का संतुलन ठीक हो जाता है।

**प्र. 5. इनमें भेद करें:**

क) द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार

ख) प्रशुल्क एवं अप्रशुल्क अवरोधक

| (क) | द्विपक्षीय व्यापार | बहुपक्षीय व्यापार |
|---|---|---|
| **आधार** | **द्विपक्षीय व्यापार** | **बहुपक्षीय व्यापार** |
| | एक व्यापार समझौते जिसमें दो देश शामिल होते है, उन्हें द्विपक्षीय व्यापार कहा जाता है | एक व्यापार समझौता जिसमें दो से अधिक देश शामिल होते है, उन्हें बहुपक्षीय व्यापार कहा जाता है। |
| **प्रचलन** | विश्व व्यापार संगठन के गठन से पूर्व देशों में द्विपक्षीय व्यापार का प्रचलन था। | विश्व व्यापार संगठन बहुपक्षीय व्यापार समझौतों का पक्षधर है। |

| (ख) | प्रशुल्क तथा अप्रशुल्क अवरोधक | |
|---|---|---|
| **आधार** | **प्रशुल्क अवरोधक** | **गैर–प्रशुल्क अवरोधक** |
| | ये आयात और निर्यात पर कर के रूप में अवरोधक है। | ये आयात पर लगाई गई मात्रात्मक प्रतिबंध या कोटा है जो भुगतान संतुलन के घाटे को कम करने के लिए लगाए जाते है। |
| **उदेश्य** | ये दो उदेश्यों की पूर्ति करत हैं– घरेलू उद्योग की रक्षा करते हैं तथा सरकारी राजस्व को बढाते है। | ये केवल घरेलू उद्योगों की रक्षा करते हैं। |

**प्र 6. प्रशुल्क क्यों लगाए जाते हैं?**

<u>उत्तर :</u> प्रशुल्क घरेलू वस्तुओं की तुलना में आयातित वस्तुओं को महँगा बनाने के लिए लगाए जाते हैं। इससे घरेलू वस्तुओं की माँग बढ़ जाती है तथा विदेशी वस्तुओं की माँग कम हो जाती है। यह घरेलू उदयोग की रक्षा के दृष्टिकोण से लगाए जाते हैं।

**प्र.7. परिमाणात्मक प्रतिबंधों का क्या अर्थ होता है?**

<u>उत्तर :</u> यह भुगतान संतुलन (बी.ओ.पी.) के घाटे को कम करने और घरेलू उद्योग की रक्षा के लिए आयात पर लगाई गई कुल मात्रा या कोटे के रूप में प्रतिबंध को दर्शाता है।

**प्र. 8. क्या आपके विचार से बाह्य प्रापण भारत के लिए अच्छा है? विकसित दशा में इसका विरोध क्यों हो रहा है?**

<u>उत्तर :</u> बाह्य प्रापण भारत के लिए अच्छा है क्योंकि

(क) यह कई भारतीयों को रोजगार प्रदान कर रहा है।

(ख) यह बहराष्ट्रीय कंपनियों के माध्यम से देश में विदेशी मुद्रा ला रहा है। विकसित देश इसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि

(क) इससे विकसित और विकासशील देशों के बीच आय की असमानता कम हो जाएगी।

(ख) यह उनके अपने देश में रोजगार के अवसर कम कर रहा है।

**प्र.9. भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ विशेष अनुकूल परिस्थितियाँ हैं जिनके कारण यह विश्व का बाह्‌य प्रापण केंद्र बन रहा है। अनुकूल परिस्थितियाँ क्या हैं?**

<u>उत्तर :</u> भारत एक विश्व बाह्य प्रापण केंद्र बन रहा है क्योंकि

(क) भारत में सस्ते दरों पर पर्याप्त कुशल जनशक्ति उपलब्ध है।

(ख) भारत में ऐसी सरकारी नीतियाँ हैं जो बाह्य प्रापण के पक्ष में हैं।

(ग) भारत विकसित देशों से दुनिया के एक अन्य भाग में स्थित है जिससे समय का अंतराल है।

**प्र.10. क्या भारत सरकार की नवरत्न नीति सार्वजनिक उपक्रमों के निष्पादन को सुधारने में सहायक रही है? कैसे?**

<u>उत्तर:</u> सरकार ने कुछ लाभ कमा रही सार्वजनिक उपक्रमों को विशेष स्वायत्ता देने का निर्णय किया। 1900 में श्नवरत्न नीजी अपनाई गई जिसके अंतर्गत 9 सर्वाधिक लाभ कमा रही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नवरत्न का दर्जा दिया गया तथा अन्य 97 लाभ कमाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को (लघुरत्न) कहा गया।

.

'नवरत्न और लघुरत्न' नाम के अलंकरण के बाद इन कंपनियों के निष्पादन में अवश्य ही सुधार आया है। उन्हें अधिक प्रचालन और प्रबंधकीय स्वायत्ती दी गई जिससे उनकी दक्षता और उसके द्वारा मुनाफे में वृद्धि हुई है।

**प्र.11. सुधार प्रक्रिया से कृषि क्षेत्रक दुष्प्रभावित हुआ लगता है। क्यों?**

<u>उत्तर</u> : **यह बिल्कुल सही कहा गया है कि सुधार प्रक्रिया से कृषि क्षेत्रक दुष्प्रभावित हुआ है।**

(क) सुधार अवधि के दौरान कृषि में सार्वजनिक निवेश विशेष रूप से सिंचाई, बिजली, सड़क, बाजार, लिकेज, अनुसंधान और विस्तार के क्षेत्र में कम हुआ है।

(ख) उर्वरक सहायिकी हटाने से उत्पादन की लागत बढ़ गई है जिसने छोटे और सीमांत किसानों को दुष्प्रभावित किया है।

(ग) इस क्षेत्र में बहुत जल्दी जल्दी निति परिवर्तन हुए हैं जिसमें भारतीय किसानों को दुष्प्रभावित किया है क्योंकि अब उन्हें अधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

(घ) कृषि में निर्यात उन्मुख रणनीति के कारण उत्पादन घरेलू बाजार के बजाय निर्यात बाजार के लिए हो रहा है। इससे खाद्यान्न फसलों के उत्पादन के बदले नकदी फसलों पर ध्यान केंद्रित करवाया। इससे खाद्यान्नों की कीमतों पर दबाव बढ़ गया।

**प्र.12. सुधार काल में औद्योगिक क्षेत्रक के निराशाजनक निष्पादन के क्या कारण रहे हैं?**

<u>उत्तर :</u> औद्योगिक क्षेत्रक का सुधार अवधि में निराशाजनक निष्पादन रहा है क्योंकि

(क) सस्ते आयात– यह इस तथ्य के कारण है कि विदेशों से आने वाले सस्ते आयातों ने भारतीय बाजार पर कब्जा कर लिया और घरेलू उत्पादकों को अधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा।

(ख) बुनियादी ढाँचे की कमी–निवेश में कमी के कारण आधारभूत विधाएँ, जैसे–बिजली आपूर्ति अपर्याप्त बनी रही।

(ग) अनुचित वैश्वीकरण– भारत जैसे विकासशील देशों की अब भी उच्च अप्रशुल्क अवरोधको के कारण विकसित देशों के बाजार तक पहँच नहीं है।

**प्र.13. सामाजिक न्याय और जन–कल्याण के परिपेक्ष्य में भारत के आर्थिक सुधारों पर चर्चा करें।**

<u>उत्तर :</u> जब हम आर्थिक सुधारों को सामाजिक न्याय और जन कल्याण के परिप्रेक्ष्य में चर्चा करते है तो आर्थिक सुधारों को हानिकारक पाते हैं। अपने दृष्टिकोण के लिए हम निम्नलिखित कारण दे सकते हैं

(क) हालाँकि सुधार अवधि में विकास दरों में वृद्धि हुई है परंतु यह एक व्यवसाय रहित वृद्धि रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ इस बात को अनदेखा करते हुए कि भारत श्रम प्रधान देश है, पूँजी प्रधान तकनीकों का प्रयोग करती हैं।

(ख) सुधारों ने निवेश की कमी के कारण कृषि को दुष्प्रभावित किया है तथा इस क्षेत्रक के वृद्धि दरों में सुधार अवधि में कमी आई है।

(ग) सुधारों ने दुर्लभ संसाधनों का गलत आबंटन किया है। एक भारत जैसा देश जहाँ एक व्यक्ति पाँचवाँ हिस्सा अपनी न्यूनतम जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं है, वह माल, कुत्ते के भोजन, चॉकलेट और आइसक्रीम पर निवेश कर रहा है।

(घ) भारत के छोटे उत्पादक विशाल अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा बनाए रखने में असफल रहे हैं। अतः उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा।

(ङ) जिन सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों का निजीकरण ले गया उसके कर्मचारियों के लिए रोजगार स्थितियाँ बदतर हो गई।

(च) सुधारों ने एक दोहरी अर्थव्यवस्था को जन्म दिया है जिसके अंतर्गत हम विश्व स्तर के अस्पताल और असहनीय सरकारी अस्पताल, विश्व स्तर के स्कूल और तम्ब में चलाए जा रहे स्कूल एक साथ देश मे देखे जा सकते हैं।

## अध्याय–4

## निर्धनता

- निर्धनता वह स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति जीवन की न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने में असमर्थ रहता है।

**निर्धनता के प्रकार–**

क) **सापेक्ष निर्धनता** – इसका अभिप्राय अन्य व्यक्तियों, क्षेत्रों या राष्ट्रों की तुलना में लोगों की गरीबी से होता है।

ख) **निरपेक्ष निर्धनता** – इसका अभिप्राय न्यूनतम जीवन निर्वाह आवश्यकताओं के पूरा न कर पाने से है या गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या से होता है।

**निर्धनता की श्रेणी–**

क) चिरकालिक निर्धन – वे व्यक्ति जो सदैव निर्धन होते हैं।

ख) अल्पकालिक निर्धन – वे व्यक्ति जो कभी निर्धनता रेखा के उपर कभी नीचे रहते हैं।

ग) गैर निर्धन – वे कभी निर्धन नहीं होते हैं।

**निर्धनता रेखा का निर्धारण –**

(क) न्यूनतम कैलोरी – शहरी क्षेत्र में 2100 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 2400 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन उपभोग करने वाले लोग गरीबी रेखा के उपर माने जाते हैं।

(क) न्यूनतम कैलोरी का मौद्रिक मूल्य – इसके अनुसार शहरी क्षेत्र में ₹1000 तथा ग्रामीण क्षेत्र में ₹816 प्रति व्यक्ति मासिक व्यय करने वाला गरीबी रेखा के उपर है।

**निर्धनता के कारण**

क) बेरोजगारी

ख) विकास की धीमी गति

ग) कीमतों में वृद्धि

घ) जनसंख्या वृद्धि

**निर्धनता निवारण हेतु उपाय एवं नीतियाँ –**

1. काम के बदले अनाज योजना
2. प्रधानमंत्री रोजगार योजना
3. मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम)
4. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना

## –: प्रश्नावली :–

**1 अंक वाले प्रश्न –**

1. गरीबी को परिभाषित करो।
2. निर्धनता रेखा को परिभाषित करें।
3. निर्धनता निवारण के लिए सरकार द्वारा चलाए गये दो कार्यक्रम लिखिए।
4. निरपेक्ष निर्धनता कैसे मापी जाती है ।
5. सबसे अधिक गरीब प्रदेश कौन–कौन से हैं ?

**3 या 4 अंक प्रश्न –**

1. निर्धनता से आप क्या समझते हैं ? निरपेक्ष एवं सापेक्ष निर्धनता में भेद करें।
2. सरकार द्वारा गरीबी निवारण के लिए अपनाए गये त्रि आयामी प्रहार को समझाइए।
3. किस प्रकार से जनसंख्या में वृद्धि निर्धनता को बढ़ाता है ?
4. टिप्पणी कीजिए –

   क) मनरेगा (MNREGA) ख) काम के बदले अनाज
5. दिखाइए किस प्रकार से आय की असमानता निर्धनता का एक प्रमुख कारण है?
6. निर्धनता के तीन प्रमुख कारण बताइए ?

**छः अंक प्रश्न –**

1. क्या बेरोजगारी एवं निर्धनता में कोई सम्बंध है? इसके समर्थन में तीन तर्क दीजिए ।
2. निर्धनता निवारण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम का अलोचनात्मक मूल्यांकन करें।

**एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर –**

1. वह स्थिति जिसमें एक व्यक्ति जीवन की आधारभूत आवश्यकता को पूरा करने में असमर्थ रहता है।
2. तेंदुलकर समिति के अनुसार भारत में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले प्रति व्यक्ति को

प्रतिमाह कम से कम 816 रु. तथा शहरी क्षेत्र में रहने वाले प्रति व्यक्ति कम से कम 1000 रु. उपभोग के लिए अवश्य प्राप्त होने चाहिए। इसे निर्धनता रेखा माना गया है ।

3. 1) मनरेगा

   2) काम के बदले अनाज योजना

4. इसका अभिप्राय निर्धनता रेखा के नीचे रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या से होता है।

5. पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार

## NCERT पुस्तक के प्रश्नों के उत्तर

**प्र.1. 'काम के बदले अनाज' कार्यक्रम का क्या अर्थ है?**

उत्तर : राष्ट्रीय कार्य के बदले अनाज कार्यक्रम को प्रचलित रूप से काम के बदले अनाज कहा जाता है जिसे 2004 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य देश के आठ राज्यों नामित–गुजरात, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और उत्तराखंड के सूखा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी रोजगार द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रदान करना है। खाद्य अनाज केंद्रीय सरकार द्वारा इन आठ राज्यों को उपलब्ध कराए जाते हैं। मजदूरी राज्य सरकार द्वारा आशिक रूप से नकद और खाद्य अनाजों के रूप में दी जा सकती है।

**प्र. 2. भारत में निर्धनता से मुक्ति पाने के लिए रोजगार सृजन करने वाले कार्यक्रम क्यों महत्त्वपूर्ण हैं?**

उत्तरः निर्धनता और बेरोजगारी में एक कारण प्रभाव संबंध है। यदि हम बेरोजगारी उन्मूलन कर दे गरीबी स्वतः दूर हो जायेगी। इसीलिए भारत सरकार ने गरीबी कम करने के लिए रोजगार सृजन कार्यक्रम शुरू किए हैं। अवश्य ही एक व्यक्ति आय के साधन या रोजगार के साधन की अनुपस्थिति में ही निर्धन होता है। यदि सरकार उसके लिए रोजगार का प्रबंध कर दे चाहे मजदूरी रोजगार चाहे स्वरोजगार के रूप में, तो वह निर्धनता के दुष्चक्र से बाहर आ सकता है।

**प्र.3. आय अर्जित करने वाली परिसंपत्तियों के सृजन से निर्धनता की समस्या का समाधान किस प्रकार हो सकता है?**

उत्तर : आय अर्जित करने वाली परिसंपत्तियाँ व्यक्ति को स्वरोजगार प्रदान करता है। जैसे ही एक व्यक्ति को स्वरोजगार उपलब्ध हो जाता है उसके पास अपने निर्वाह के लिए आधारभूत आय आ जाती है। अतः व्यक्ति निर्धनता से बाहर आ जायेगा। इसे एक उदाहरण की सहायता से ज्यादा अच्छी तरह समझा जा सकता है। मान लो एक व्यक्ति निर्धनता रेखा से नीचे जी रहा है। सरकार उसे एक गाड़ी खरीदने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण दे देती है। वह उससे बच्चों को स्कूल से घर और घर से स्कूल तक ले जा सकता है। अतः उसे स्वरोजगार मिल जायेगा और निर्धनता से बाहर आ जायेगा।

(क) संवृद्धि आधारित रणनीति
(ख) विशिष्ट निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रम
(ग) न्यूनतम आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना
परंतु इतने सारे कार्यक्रमों के बावजूद निर्धनों की संख्या जो 1973–74 में 321 मिलियन थी, वह 1999 00 में घटकर केवल 260 मिलियन रह गयी। 1990 के दशक में निर्धनता ग्रामीण क्षेत्रों में कम हुई तथा शहरी क्षेत्रों में बढ़ी जिसका सीधा अर्थ है कि निर्धनता उन्मूलन नहीं हआ बल्कि निर्धनता ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में स्थानांतरित हुई है। ऐसा निम्नलिखित कारणों से हुआ है।
(क) देश की राजनैतिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार
(ख) कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में पर्यवेक्षण का अभाव
(ग) लाभार्थी समूह में उनके लाभ के लिए कार्य कर लाभ कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता का अभाव।
(घ) शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए कोई कार्यक्रम न शुरू किया जाना।

**प्र.5. सरकार ने बुजुर्गों, निर्धनों और असहाय महिलाओं की सहायतार्थ कौन–से कार्यक्रम अपनाए हैं?**

**उत्तर** : सरकार ने बुजुर्गों, निर्धनों और असहाय महिलाओं की सहायतार्थ निम्नलिखित कार्यक्रम अपनाए हैं
(क) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एन.एस.ए.पी.)–इस कार्य के अंतर्गत गरीब घरों में बुजुर्ग, रोटी कमाने वाले की मृत्यु तथा प्रसूती देखभाल से प्रभावित लोगों को सामाजिक सहायता प्रदान की जाती है। यह कार्यक्रम 15 अगस्त 1995 को लागू किया गया। इस कार्यक्रम के तीन घटक हैं
1. राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (एन.ए.ओ.एस
2. राष्ट्रीय परिवार हितकारी योजना (एन.ए.बी.एस.)
3. राष्ट्रीय मातृत्व हितकारी योजना (एन.एम.बी.एस.)
2. अन्नपूर्णा– यह योजना अप्रैल, 2000 को शुरू की गई थी। यह 100ः केंद्रीय प्रयोजित योजना है। यह उन वरिष्ठ नागरिकों को कैलोरी आवश्यकता को खाद्य सुरक्षा प्रदान करके पूरा करती है जो राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन पाने के योग्य हैं परंतु उन्हें पेंशन मिल नहीं रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्य अनाज 2 रुपये प्रति किलो गेहूँ और 3 रुपये प्रति किलो ।

**प्र.6. मान लीजिए कि आप एक निर्धन परिवार से हैं और छोटी–सी दुकान खोलने के लिए सरकारी सहायता पाना चाहते हैं। आप किस योजना के अंतर्गत आवेदन देंगे और क्यों?**

**<u>उत्तर</u>** : हम किस योजना के अंतर्गत आवेदन देंगे वह इस पर निर्भर करता है कि हम ग्रामीण क्षेत्र के निवासी हैं या शहरी क्षेत्र के। यदि हम शहरी क्षेत्र के निवासी हैं तो हमें।

• स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना के अंतर्गत मदद मिल सकती है। यदि हम ग्रामीण क्षेत्र के निवासी हैं तो हमें

• स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना

• ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम ।

• प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत सहायता मिल सकती है।

प्र.10. मान लीजिए कि आप किसी गाँव के निवासी हैं। अपने गाँव से निर्धनता निवारण के कुछ सुझाव दीजिए।

उत्तर : मैं गाँवों से निर्धनता निवारण के लिए निम्नलिखित सुझाव दे सकताध्सकती हूँ

(क) मानव पूँजी निर्माण, विशेष रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य पर सही रीति व्यय करना।

(ख) विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जागरूकता उत्पन्न करना।

(ग) स्वरोजगार शुरू करने के लिए आसान ऋण उपलब्ध कराना।

(घ) जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण करना।

अध्याय–5

## भारत में मानव पूँजी निर्माण

- मानव पूंजी से अभिप्राय किसी देश में किसी समय विशेष पर पाए जाने वाले, ज्ञान, कौशल, योग्यता, शिक्षा, प्रेरणा तथा स्वास्थ्य के भण्डार से है।
- मानव पूँजी निर्माण – वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा दीर्घकाल में एक देश के लोगों की योग्यता, कौशल, शिक्षा तथा अनुभव में वृद्धि की जाती है।

**मानव पूँजी निर्माण के स्रोत –**

1. शिक्षा पर व्यय।
2. कौशल विकास पर व्यय।
3. नौकरी के साथ प्रशिक्षण
4. लोगों के स्थानांतरण पर व्यय।
5. सूचना पर व्यय।
6. स्वास्थ्य पर व्यय।

**भारत में मानव पूँजी निर्माण को समस्याएँ –**

1. भारी व तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या का दबाव।
2. अपर्याप्त संसाधन ।
3. प्रतिभा – पलायन की समस्या।
4. मानव संसाधन के उचित प्रबन्धन का अभाव।
5. स्तरीय तकनीकी व प्रबन्धन शिक्षा का अभाव।
6. स्वास्थ्य सेवाओं का अपर्याप्त विकास।

**देश की आर्थिक संवृद्धि में मानव पूँजी की भूमिका –**

1. कुशलता तथा उत्पादकता के स्तर को बढ़ाता है।
2. दृष्टिकोण तथा व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाता है।
3. अनुसंधान और तकनीकी सुधारों को बढ़ाता है।
4. जीवन प्रत्याशा को बढ़ाता है।
5. जीवन–स्तर को ऊँचा उठाता है।

**मानव विकास में शिक्षा की भूमिका –**

1) शिक्षा लोगों की उत्पादकता व सृजनात्मकता को बढ़ाती है।
2) शिक्षा से अच्छे नागरिकों का निर्माण होता है।
3) शिक्षा देश के संसाधनों के उचित प्रयोग में सहायक होती है।
4) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास में सहायक।

5) लोगों के व्यक्तित्व के विकास में सहायक

6) कौशल के विकास मे ंसहायक।

**<u>भारत में मानव पूँजी निर्माण –</u>**

1) मानव पूँजी निर्माण आर्थिक विकास का लक्ष्य और साधन दोनों है। भारत में मानव संसाधन विकास संविधान के नीति–निर्देशक तत्वों में शामिल किया गया है।

2) भारत के केन्द्र एवं राज्य स्तरों पर शिक्षा मन्त्रालय, NCERT (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद), UGC (विश्व विद्यालय अनुदान आयोग), AICTE (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद)।

3) भारत में केन्द्रीय एवं राज्य स्तरों पर स्वास्थ्य मंत्रालय तथा ICMR (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) स्वास्थ्य क्षेत्र का नियमन करते हैं।

4) पेयजल की उपलब्धता एवं सफाई सुविधाओं का प्रावधान स्वस्थ जीवन की बुनियादी आवश्यकता है। राज्य सरकारें और शहरी स्थानीय निकाय शहरी आबादी को ऐसी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन पेय जलापूर्ति विभाग को सौंपी गई है।

**<u>भारत में शिक्षा क्षेत्र का विकास</u>** –

शिक्षा देश के सामाजिक व आर्थिक विकास का एक प्रमुख कारक है। एक अच्छी शिक्षा प्रणाली न केवल कुशल व प्रशिक्षित व्यक्तियों का निर्माण करती है, बल्कि वह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को भी बढ़ावा देती है। भारत में शिक्षा क्षेत्र के विकास की निम्न प्रकार दर्शाया जा सकता है–

1. **<u>प्रारम्भिक शिक्षा –</u>**

i) प्राथमिक और मध्य स्कूल शिक्षा को मिलाकर प्रारम्भिक शिक्षा कहते हैं।

ii) वर्ष 1950–51 में प्राथमिक एवं मध्य स्कूलों की संख्या 2.23 लाख थी, जो 2010–11 में बढ़कर 12.96 लाख हो गई।

iii) अब प्रारम्भिक शिक्षा (कक्षा 1 से 8 तक) 6–14 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य कर दी गई है।

iv) प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न इस प्रकार है –

(A) मिड डे मील्स योजना (1995), जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (1991), सर्व शिक्षा अभियान (2000), मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (2009) आदि।

2. **<u>माध्यमिक शिक्षा</u> –**

i) वर्ष 1950–51 में देश में 7400 माध्यमिक स्कूल थे जिनमें विद्यार्थियों की संख्या 14.8 लाख थी। वर्ष 2009–10 में माध्यमिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 1.90 लाख हो गई तथा विद्यार्थियों की संख्या 441 लाख पहुँच गई।

ii) माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र के विस्तार के लिए निम्नलिखित संस्थाएँ कार्यरत है–

A) नवोदय तथा केन्द्रीय विद्यालय (NVS तथा KVS)

B) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और परिषद (NCERT)

C) माध्यमिक शिक्षा का व्यवसायीकरण

D) तकनीकी, मेडिकल तथा कृषि शिक्षा

3. **<u>उच्च शिक्षा</u> –**

i) उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय, कॉलेज, व्यावसायिक तथा तकनीकी शिक्षण संस्थानों को शामिल किया जाता है।

ii) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी सुधार हुआ है। लगभग 749 (31 मार्च, 2016 तक) विश्वविद्यालय देश में उच्च शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इनमें 46 केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, 345 राज्य विश्वविद्यालय, 123 मानित विश्वविद्यालय तथा 235 निजी विश्वविद्यालय है। देश में कॉलेजों की संख्या लगभग 37704 (2012–13) है।

iii) उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली मुख्य संरचनाएँ इस प्रकार है –

A) विश्व विद्यालय अनुदान आयोग (UGC)

B) इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU)

C) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE)

D) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

**<u>भारत में शिक्षा के विकास से सम्बन्धित समस्याएँ</u> –**

1) अनपढ़ व्यक्तियों की बड़ी संख्या।

2) अप्रर्याप्त व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा।

3) लिंग–भेद का प्रभाव।

4) ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँच का निम्न स्तर ।

5) शिक्षा के विकास पर सरकार द्वारा कम व्यय।

# –: प्रश्नावली :–

**<u>एक अंक वाले प्रश्न–</u>**

1) कौन सी पंचवर्षीय योजना में मानव पूँजी के महत्व को पहचाना गया :–

   1) दूसरी    2) आठवी

   3) सातवीं    4) तीसरी

2) भारत में कौन–सी संस्था स्वास्थ्य् क्षेत्र कर नियमन करती है :–

   1) UCG    2) AICTE

   3) ICMR    4) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

3) वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार, भारत में साक्षरता को दर लगभग कितनी है :–

   1) 56 प्रतिशत    2) 80 प्रतिशत

   3) 74 प्रतिशत    4) 65 प्रतिशत

4) भारत में निम्न मानव पूँजी निर्माण के कारण कौन–सा है :–

   1) प्रतिभा–पलायन    2) जनसंख्या को उच्च संवृद्धि

   3) अपर्याप्त संसाधन    4) उपरोक्त सभी

5) मानव पूँजी निर्माण से आप क्या समझते हैं ?

6) 'कार्य स्थल पर प्रशिक्षण' क्या है ?

7) हमें मानव पूँजी में निवेश की आवश्यकता क्यों है ?

**<u>3 / 4 अंक वाले प्रश्न –</u>**

1) मानव पूँजी निर्माण के तीन मुख्य स्रोत क्या है ?

2) मानव पूँजी निर्माण की अवधारणा को समझाइए।

3) मानव पूँजी और भौतिक पूँजी में भेद कीजिए।

4) क्या तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या मानव पूँजी निर्माण में बाधा है। अपने विचार व्यक्त कीजिए।

5) मानव पूँजी निर्माण के लिए शिक्षा का नियोजन कैसे आवश्यक है। समझाइए।

6) भारत में शिक्षा के मूलभूत उद्देश्य क्या है ?

7) मानव पूँजी निर्माण में स्वास्थ्य कैसे एक स्रोत है ?

8) शिक्षा में निवेश किस प्रकार आर्थिक संवृद्धि को प्रेरित करता है ?

9) कैसे स्थानान्तरण मानव पूँजी निर्माण को प्रोत्साहित करता है ?

10) मानव पूँजी और आर्थिक संवृद्धि के बीच संबंध बताइए।

**<u>6 अंक वाले प्रश्न –</u>**

1) मानव पूँजी निर्माण क्या है ? मानव पूँजी और भौतिक पूँजी के बीच भेद कीजिए।

2) किस प्रकार मानव पूँजी में निवेश आर्थिक संवृद्धि में योगदान देता है ? समझाइए।

3) मानव पूँजी निर्माण के स्रोत बताइए।

4) भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य को बढावा देने में सरकारी हस्तक्षेप की क्या आवश्यकता है ?

5) भारत में शिक्षा क्षेत्र के विस्तार का उल्लेख कीजिए।

6) ''कार्य स्थल पर प्रशिक्षण और सूचना पर व्यय'' किस प्रकार मानव पूँजी के स्रोत का कार्य करता है।

7) भारत में शिक्षा क्षेत्र की समस्याएँ बताइए।

8) स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर चर्चा कीजिए।

1) 'शिक्षा के स्तर में औसत वृद्धि के साथ विश्व भर में असमानताओं में कमी का सुझाव देखा गया है।' अपने विचार व्यक्त कीजिए।

2) किस प्रकार मानव पूँजी निर्माण 'सामाजिक–साथ' को बढ़ावा देता है ?

**<u>एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर–</u>**

1) C

2) C

3) C

4) D

5) मानव पूँजी निर्माण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा दीर्घ काल में देश के लोगों को योग्यता, कौशल, शिक्षा तथा अनुभव में वृद्धि की जाती है।

6) विभिन्न विभाग व धर्मे अपने कर्मचारियों के कार्य–स्थल पर प्रशिक्षण से व्यय करती है, जोकि मानव निर्माण एक स्रोत है।

7) क्योंकि इससे लोगों को योग्यताओं का विकास करता है। कुशल व निपुण व्यक्ति देश के विकास में अपना पूरा योगदान दे सकता है।

## NCERT पुस्तक के प्रश्नों के उत्तर

**प्र.1. भारत में शैक्षिक उपलब्धियों में क्षेत्रीय विषमताएँ क्यों दिखाई दे रही हैं?**

उत्तर : शैक्षिक उपलब्धियों में क्षेत्रीय विषमताएँ निम्न कारणों से हैं

(a) आय की असमानताएँ–सामान्यता उच्च आय वाले राज्यों में उच्च साक्षरता दर है भले ही यह आनुपातिक नहीं है।

(b) शिक्षा पर राज्य सरकार का व्यय–शिक्षा समवर्ती सूचि का विषय है अतः क्षेत्रीय असमानताएँ, विभिन्न राज्यों पर शिक्षा पर किये गए व्यय के विभिन्न स्तरों के कारण भी आ जाती है।

**प्र.2. मानव पूँजी निर्माण और मानव विकास के भेद को स्पष्ट करें।**

उत्तर : मानव पूँजी निर्माण और मानव विकास में भेद इस प्रकार हैं

**प्र.3. पूँजी निर्माण के निम्नलिखित स्रोतों पर चर्चा करें।**

(क) स्वास्थ्य आधारिक संरचना

(ख) प्रवसन पर व्यय

उत्तरः

**(क) स्वास्थ्य आधारिक संरचना निम्नलिखित प्रकारों से मानव पूँजी निर्माण में योगदान देता है**

1. एक बेहतर स्वास्थ्य आधारिक संरचना श्रम की उत्पादकता बढ़ाता है।
2. इससे उनकी दक्षता, नियमितता बढ़ जाती है और अनुपस्थिति कम हो जाती है।
3. यह जीवन की समग्र गुणवत्ता सुधारता है।
4. यह अर्थव्यवस्था में निर्भर जनसंख्या के अनुपात को कम करता है।

**(ख) प्रवसन पर व्यय निम्नलिखित प्रकार से मानव पूँजी निर्माण में योगदान देता है**

1. प्रवसन में परिवहन की लागत, प्रवसित स्थान पर उच्च निर्वाह लागत और एक अनजान क्षेत्र में रहने की मनोवैज्ञानिक लागत शामिल है।

- इसका लाभ उच्च आय के रूप में मिलता है।
- यदि लाभ, लागत से अधिक होता है तो व्यक्ति पलायन करने का निर्णय लेता है और इस तरह इससे व्यक्ति की समग्र उपयोगिता बढ़ जाती है।

**प्र.4. मानव संसाधनों के प्रभावी प्रयोग के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा पर व्यय संबंधी जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता का निरूपण करें।**

उत्तर : जब लोगों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी सही जानकारी होती है तो वे अधिक प्रभावी ढंग से मानव संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। एक बार उन्हें इन क्षेत्रों में निवेश करने से जीवन भर प्राप्त होने वाले लाभों का अहसास हो जाए तो वे इनकी अवहेलना नहीं करेंगे। इससे उनकी उत्पादकता, दक्षता और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा और इस तरह यह मानव पूँजी निर्माण में योगदान देगा।

# अध्याय – 5

## ग्रामीण विकास

- **ग्रामीण विकास** से अभिप्राय उस क्रमबद्ध योजना से है जिसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर तथा आर्थिक व सामाजिक कल्याण में वृद्धि की जाती है।
- **ग्रामीण विकास के मुख्य तत्व** :–
  1) भूमि के प्रति इकाई कृषि उत्पादकता को बढ़ाना
  2) कृषि विपणन प्रणाली को सुधारना ताकि किसान को उसके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।
  3) ज्यादा मूल्य वाली फसलों के उत्पाद को बढ़ावा देना।
  4) कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देना।
  5) उत्पादन की गतिविधियों का विविधीकरण ताकि फसल–खेती के अलावा रोजगार के वैकल्पिक साधनों को ढूंढा जा सके।
  6) ग्रामीण क्षेत्रों में साख को सुविधाएँ उपलब्ध कराना।
  7) ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि तथा गैर–कृषि रोजगारों द्वारा निर्धनता को कम करना।
  8) जैविक–खेती को बढ़ावा देना।
  9) ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना।




- **गैर–संस्थागत अथवा अनौपचारिक स्रोत** :– इसमें साहूकार, व्यापारी, कमीशन एजेंट, जमींदार, संबंधी तथा मित्रों को शामिल किया जाता है।

- **संस्थागत अथवा औपचारिक स्रोत :–**
  1) सहकारी साख समितियाँ
  2) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया व अन्य व्यापारिक बैंक।
  3) क्षेत्रीय–ग्रामीण बैंक।
  4) कृषि तथा ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक (NABARD)
  5) स्वयं सहायता समूह।
- **कृषि विपणन** में उन सभी क्रियाओं को शामिल किया जाता है जो फसल के संग्रहण, प्रसंस्करण, वर्गीकरण, पैकेजिंग, भण्डारण, परिवहन तथा बिक्री से सम्बन्धित है।
- **कृषि विपणन के दोष :–**
  1) अपर्याप्त भण्डार ग्रह
  2) परिवहन व संचार के कम साधन
  3) अनियमित मण्डियों में गड़बड़ियाँ
  4) बिचौलियों की बहुलता
  5) फसल के उचित वर्गीकरण का अभाव
  6) पर्याप्त संस्थागत वित्त का अभाव
  7) पर्याप्त विपणन सुविधाओं का अभाव
- **विपणन प्रणाली को सुधारने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम :–**
  1) नियमित मण्डियों की स्थापना
  2) कृषि उत्पादों के संग्रहण के लिए भण्डार गृह की सुविधाओं का प्रावधान।
  3) मानक बाट और नाप–तौल की अनिर्वायता।
  4) रियायती यातायात की व्यवस्था।
  5) कृषि व संबद्ध वस्तुओं की श्रेणी विभाजन एंव मानकीकरण की व्यवस्था (केन्द्रीय श्रेणी नियंत्रण प्रयोगशाला महाराष्ट्र के नागपुर में है)
  6) भण्डार क्षमता को बढाने के उद्देश्य से सार्वजनिक में भारतीय खाद्य निगम (FCI), केंद्रीय गोदाम निगम (CWC) आदि की स्थापना।
  7) न्यूनतम समर्थन कीमत नीति
  8) विपणन सूचना का प्रसार

- **<u>विविधीकरण</u>** :— कृषि क्षेत्र में बढ़ती हुई श्रम शक्ति के एक बड़े हिस्से के अन्य और कृषि क्षेत्रों में वैक्लपिक रोजगार में अवसर ढूंढ़ने की प्रक्रिया को विविधिकरण कहते हैं। इसके दो पहलू है :—

  1) **<u>फसलों के उत्पादन का विविधीकरण</u>**:— इसके अन्तर्गत एक फसल की बजाए बहु—फसल के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाता है। इसके दो लाभ है :—

     1) मानसून की कमी के कारण होने वाले खेतों के जाखिम को कम करती है।

     2) यह खेतों के व्यापारीकरण को बढा़वा देती है।

  2) **<u>उत्पादन गतिविधियों अथवा रोजगार का विविधिकरण</u>** :— इसमें श्रम शक्ति को कृषि क्षेत्र से हटाकर गैर—कृषि कार्यों जैसे—पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी आदि में लगाया जाता है।

- **<u>ग्रामीण जनसंख्या के लिए रोजगार के गैर—कृषि क्षेत्र :—</u>**

  1) पशुपालन

  2) मछली पालन

  3) मुर्गी पालन

  4) मधुमक्खी पालन

  5) बागवानी

  6) कुटीर और लघु उद्योग

- **<u>जैविक कृषि</u>** :— जैविक कृषि खेती की वह पद्धति है जिसमें खेतों के लिए जैविक खाद (मुख्यतः पशु खाद और हरी खाद) का प्रयोग किया जाता है। इसके अन्तर्गत रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को हतोत्साहित करते हुए जैविक खाद के उपयोग पर बल दिया जाता है। यह खेत करने की वह पद्धति है जो पर्यावरण के सन्तुलन को पुनः स्थापित करके उसका संरक्षण एंव संवर्धन करती है।

- **<u>जैविक कृषि के लाभ :—</u>**

  1) जैविक खादों के प्रयोग से मृदा का जैविक स्तर बढ़ता है और मृदा काफी उपजाऊ बनी रहती है।

2) जैविक खाद पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक खनिज पदार्थ प्रदान करती है, जो मृदा में मौजूद सूक्ष्म जीवों द्वारा पौधों को मिलाते हैं। जिससे पौधे स्वस्थ बनते हैं और उत्पादन बढ़ता है।

3) रसायनिक खादों के मुकाबले जैविक खाद सस्ते और टिकाऊ होते हैं।

4) जैविक खादों के प्रयोग से हमें पौष्टिक व स्वास्थ्य वर्धक भोजन प्राप्त होता है।

5) जैविक खाद पर्यावरण मिश्र होते हैं। इनमें रासायनिक प्रदूषण नही फैलता।

6) छोटे और सीमान्त किसानों के लिए सस्ती प्रक्रिया है।

7) यह पद्धति धारणीय कृषि को बढावा देती है।

8) जैविक खेती श्रम प्रधान तकनीक पर आधारित है।

## प्रश्नावली

**1. अंक वाले प्रश्न**

1) ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र को साख सुविधा उपलब्ध कराने वाली सर्वोच्च संस्था कौन सी है।

1) NABARD　　2) SBI

3) RBI　　3) National Co-operative Bank of India

2) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान कहाँ स्थित है :–

1) हरियाणा　　2) दिल्ली

3) हैदराबाद　　4) मुम्बई

3) इनमें से कौन–सा कृषि विपणन से सम्बन्धित नही है :–

1) भण्डारा　　2) संग्रहण

3) प्रसंस्करण　　4) रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग

4) राष्ट्रीय बागवानी मिशन की शुरूआत कब हुई :–

1) 2001–02　　2) 2010–11

3) 2005–06　　4) 2014–15

5) ग्रामीण विकास से क्या अभिप्राय है ?

6) कृषि विपणन क्या है ?

7) NABARD की स्थापना कब हुई ?

8) जैविक कृषि से आप क्या समझते हैं ?

**3/4 अंक वाले प्रश्न –**

1) नाबार्ड पर संक्षिप्त नोट लिखिए।

2) भारतीय किसानों को साख की आवश्यकता क्यों पड़ती है ?

3) ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों (SHEI) के महत्व का उल्लेख कीजिए।

4) ग्रामीण बाजार का विकसित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए तीन कदमों का उल्लेख कीजिए।

5) जैविक कृषि के क्या लाभ है ?

6) ग्रामीण जनसंख्या के रोजगार के तीन गैर–कृषि क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए।

7) सहकारी साख समितियों के तीन उद्देश्य बताइए।

8) कृषि विपणन के तीन दोष बताइए।

9) निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट लिखिए :–

   1) न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)

   2) बफर स्टॉक

   3) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS)

10) सतत् जीविका हेतु कृषि विविधिकरण क्यों आवश्यक है ?

**6 अंक वाले प्रश्न –**

1) ग्रामीण विकास क्या है ? ग्रामीण विकास के मुख्य मुद्दे क्या है ?

2) ग्रामीण साख के स्रोत क्या है ?

3) भारत में कृषि विपणन प्रणाली को सुधारने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख कीजिए।

4) कृषि विविधिकरण से आप क्या समझते है ? यह क्यों आवश्यक है ?

5) जैविक कृषि से आप क्या समझते है ? हमें जैविक कृषि को क्यों अपनाना चाहिए ?

6. कृषि विपणन के उपलब्ध वैकल्पिक माध्यम कौन से है ? कुछ उदाहरण दीजिए।

**<u>एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर</u>**

1) A

2) C

3) D

4) C

5) ग्रामीण विकास से अभिप्राय उस क्रमबद्ध योजना से है जिसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर तथा आर्थिक व सामाजिक कल्याण में वृद्धि की जाती है।

6) कृषि विपणन में उन सभी क्रियाओं को शामिल किया जाता है जो फसल के संग्रहण, प्रसंस्करण, वर्गीकरण, पैकेजिंग भण्डारण, परिवहन तथा बिक्री से सम्बन्धित है।

7) 1982

8) जैविक कृषि के अन्तर्गत खेती के लिए जैविक खाद (मुख्यतः पशु खाद और हरी खाद) का प्रयोग किया जाता है। खेती की इस पद्धति में रसायनिक उर्वरकों के प्रयोग से हतोत्साहित किया जाता है।

# अध्याय – 6

## रोजगार – संवृद्धि, अनौपचारीकरण एवं अन्य मुद्दे

1) **कार्य :–** हमारे व्यक्तिगत तथा सामाजिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

2) **श्रमिक :–** वह व्यक्ति जो अपनी आजीविका अर्जित करने के लिये किसी उत्पादक क्रियाओं में लगा है।

3) **उत्पादक क्रियाऐं :–** वे क्रियाऐं हैं जिन्हें वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए किया जाता है और जिससे आय का सृजन होता है।

4) **श्रम बल** :– श्रम बल से अभिप्राय श्रमिकों की उस संख्या से है। जो वास्तव में कार्य कर रहे हैं और कार्य करने के इच्छुक हैं।

5) **कार्यबल :–** कार्यबल से अभिप्राय वास्तव में कार्य करने वाले व्यक्तियों की संख्या से है। इसमें इन व्यक्तियों को शामिल नही किया जाता जो कार्य करने के इच्छुक तो हैं परन्तु बेरोजगार हैं।

6) **सहभागिता की दर :–** इसका अर्थ है उत्पादन क्रिया में वास्तव में भाग लेने वाली जनसंख्या का प्रतिशत।

सहभागिता दर :– $\frac{\text{कुल कार्यबल}}{\text{कुल जनसंख्या}} \times 100$

श्रमिकों के प्रकार

- स्वनियोजित
- भाड़े के मजदूर
  - अनियमित मजदूरी
  - नियमित मजदूर

7) **श्रम आपूर्ति :–** इससे अभिप्राय विभिन्न मजदूरी दरों के अनुरूप श्रम की आपूर्ति से है। इसे मनुष्य दिनों के रूप में मापा जाता है। एक मनुष्य दिन से अभिप्राय 8 घंटे का काम है।

8) देश की जनसंख्या के पाँच में से दो व्यक्ति विभिन्न आर्थिक क्रियाओं में लगे हैं। मुख्यतः ग्रामीण पुरूष देश के श्रमबल का सबसे बड़ा वर्ग है।

9) भारत में अधिकांश श्रमिक स्वनियोजक हैं। अनियमित दिहाड़ी मजदूर तथा नियमित वेतनभोगी कर्मचारी मिलकर भी भारत की समस्त श्रमशक्ति के अनुपात के आधे से भी कम रह जाते हैं।

10) भारत में कुल श्रम बल का लगभग पाँच में से तीन श्रमिक कृषि और संबंद्ध कार्यों से ही अपनी आजीविका का प्राप्त करता है।

11) **<u>रोजगार रहित संवृद्धि</u>** इससे अभिप्राय उस स्थिति से है जिसमें सकल घरेलू उत्पाद की संवृद्धि दर में तो वृद्धि होती है परन्तु रोजगार में उसी अनुपात में वृद्धि नही होती।

12) **<u>श्रम बल का अनियमतिकरण :–</u>** इससे अभिप्राय उस स्थिति से है जिसमें समय के साथ कुल श्रमबल में भाड़े पर लिए गए आकस्मिक श्रमिकों के प्रतिशत में बढ़ने की प्रवृत्ति पाई जाती है।

13) **<u>श्रमबल का अनौपचारीकरण :–</u>** इसका अभिप्राय उस स्थिति से है जब लोगों में अर्थव्यवस्था के औपचारिक क्षेत्र के स्थान पर अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर अधिक पाने की प्रवृति पाई जाती है।

14) **<u>बेरोजगारी :–</u>** बेरोजगारी से अभिप्राय उस स्थिति से है जिसमें योग्य एंव इच्छित व्यक्ति को प्रचलित मजदूरी पर कार्य नहीं मिलता है।




15) **<u>बेरोजगारी के कारण :–</u>**

1. धीमी आर्थिक विकास दर
2. जनसंख्या में तीव्र वृद्धि
3. दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली
4. अल्प विकसित कृषि क्षेत्र

5. धीमा औद्यागिक क्षेत्र का विकास
6. लघु एंव कुटीर उद्योगों का अभाव अपर्याप्तता
7. दोषपूर्ण रोजगार नियोजन
8. धीमी पूँजी निर्माण दर

16) **<u>बेरोजगारी की समस्या को हल करने के उपाय :–</u>**

1. सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि
2. जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण
3. कृषि क्षेत्र का विकास
4. लघु व कुटीर उद्योगों का विकास
5. आधारिक संरचना में सुधार
6. विशेष रोजगार कार्यक्रम
7. तीव्र औद्योगीकरण

17) **<u>गरीबी व बेरोजगारी उन्मूलन विशेष कार्यक्रम :–</u>**

1. महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम। (मनरेगा)
2. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना।
3. प्रधानमंत्री रोजगार योजना
4. स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना।

## –: प्रश्नावली :–

**<u>एक अंक वाले प्रश्न –</u>**

1. श्रमिक कौन है ?
2. सकल घरेलू उत्पाद को परिभाषित करो ?
3. कार्य बल क्या है ?
4. सहभागिता दर से आप क्या समझते हैं ?
5. रोजगार रहित संवृद्धि दर किसे कहते हैं ?
6. रोजगार का अनियमितीकरण क्या है ?

7. प्रद्दन्न बेरोजगारी क्या होती है ?
8. अनियमित मजदूरों को परिभाषित करो ?
9. स्वनियोजित श्रमिक कौन हैं ?
10. कार्यबल के अनौपचारिकरण से आप क्या समझते हैं ?

**तीन चार अंक वाले प्रश्न –**

1. भारत में कार्यबल के विभिन्न क्षेत्रों में वितरण के प्रारूप का अन्वेषण कीजिए ?
2. श्रमबल और कार्यबल के बीच अन्तर स्पष्ट करो ?
3. बेरोजगारी के दोषपूर्ण प्रभाव बताइए ?
4. बेरोजगारी को नियंत्रित करने के कुछ सामान्य उपाय बताओ ?
5. महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम पर टिप्पणी लिखो ?
6. महिलाओं का सशक्तिकरण उनके रोजगार से संबंधित है। टिप्पणी लिखो ।

**अंक वाले प्रश्न –**

1. बेरोजगारी के विभिन्न प्रकार कौन से हैं ?
2. बेरोजगारी के प्रमुख कारणों की व्याख्या कीजिए ?
3. श्रम के पेशेवर ढाँचे की व्याख्या कीजिए ?
4. संगठित क्षेत्र क्या है ? संगठित क्षेत्र में रोजगार के कम होने के कारण लिखिए ?

**एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर –**

1. श्रमिक वह व्यक्ति है, जो अपनी आजीविका अर्जित करने के लिए किसी उत्पादक रोजगार में लगा है।
2. एक अर्थव्यवस्था में एक लेखा वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं तथा सेवाओं का मौद्रिक मूल्य सकल घरेलू उत्पाद कहलाता है ।
3. आर्थिक क्रियाओं से जुड़े व्यक्ति श्रमिक कहलाते हैं।
4. सहभागिता की दर को उत्पादन क्रिया में वास्तव में भाग लेने वाली जनसंख्या प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

5. रोजगार रहित संवृद्धि से अभिप्राय उस स्थिति से है जिसमें सकल घरेलू उत्पाद की संवृद्धि दर में तो समग्र वृद्धि होती है, परन्तु रोजगार के अवसरों में उसी अनुपात वृद्धि होती है, परन्तु रोजगार के अवसरों में उसी अनुपात में वृद्धि नही होती।

6. रोजगार के अनियमतिकरण से अभिप्राय उस स्थिति से है जिसमें समय के साथ कुल श्रमबल में भाड़े पर लिए गए आकस्मिक श्रमिकों के प्रतिशत में बढ़ने की प्रवृति पाई जाती है।

7. प्रछन्न बेरोजगारी वह स्थिति है जहाँ श्रमिक कार्य करते हुए नजर आते हैं परन्तु उनकी सीमांत उत्पादकता शून्य ऋणात्मक होती है।

8. वे व्यक्ति जिन्हें उनके नियोजक, नियमित रूप से कार्य में नहीं लगाते तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा के लाभ प्राप्त नहीं होते अनियमित मजदूर कहलाते हैं।

9. वह व्यक्ति है जो अपने ही व्यापार में कार्य करता है तथा स्वनियोजन पुरस्कार के रूप में उन्हें लाभ प्राप्त है, स्वनियोजित श्रमिक कहलाता है।

10. अनौपचारिकरण से अभिप्राय उस स्थिति है जब लोगों में अर्थव्यवस्था के औपचारिक क्षेत्र के स्थान पर अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर अधिक पाने की प्रवृति पाई जाती है।

# अध्याय – 7

## आधारिक संरचना

आधारिक संरचना से अभिप्राय उस सहायक संरचना से है जिसके द्वारा कृषि, उद्योग व वाणिज्य आदि मुख्य उत्पादन क्षेत्रकों की विभिन्न प्रकार की सेवाएँ प्रदान की जाती हैं, जिनका वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।




आर्थिक और सामाजिक आधारिक संरचना दोनों एक साथ अर्थव्यवस्था के सम्पूर्ण विकास में सहायता करती है। दोनों एक दूसरे के पूरक व सहायक है।

- **<u>आधारिक संरचना का महत्व</u>** :–
  1. अर्थव्यवस्था की कार्यप्रणाली में सहायता करता है।
  2. कृषि का विकास
  3. बेहतर जीवन की गुणवत्ता
  4. रोजगार प्रदान करता है।
  5. बाह्य प्रापण में सहायता करता है।

- **<u>भारत में आधारिक संरचना की स्थिति</u>** :–
  1. जनगणना 2001 के अनुसार ग्रामीण परिवारों में केवल 56% के पास ही बिजली उपलब्ध थी।
  2. नल के पानी की उपलब्धता केवल 24% ग्रामीण परिवारों तक ही सीमित है और शेष परिवार खुले स्रोतों से पानी का उपयोग करते हैं।
  3. भारत अपनी GDP का केवल 5% आधारिक संरचना पर निवेश करता है जो कि चीन व इन्डोनेशिया से कहीं नीचे है।

## ऊर्जा

यह अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर्थिक विकास व ऊर्जा की माँग के बीच धनात्मक सहसंबंध है।

- **ऊर्जा का स्रोत**
    1. व्यवसायिक ऊर्जा – ऊर्जा के उन स्रोतों से होता है जिनकी एक कीमत होती है और उपयोगकर्ताओं को उनके लिए कीमत चुकानी पड़ती है।
    2. गैर व्यवसायिक ऊर्जा – ऊर्जा के वे सभी स्रोत सम्मिलित है जिनकी सामान्यता कोई कीमत नहीं होती।
    3. परम्परागत स्रोत – इन स्रोतों का उपयोग मनुष्य लम्बे समय से कर रहा है। ऊर्जा के ये साधन सीमित है।
    4. गैर परम्परागत स्रोत – इनका उपयोग हाल ही में शुरू हुआ है। ये स्रोत असीमित है।

- **व्यवसायिक ऊर्जा के उपभोग का क्षेत्रवार ढाँचा**
    1. व्यवसायिक ऊर्जा के कुल उपभोग का सबसे बड़ा हिस्सा 45% औद्योगिक क्षेत्र का है। लेकिन औद्योगिक क्षेत्र की हिस्सेदारी में गिरावट आई है यह 1950–51 में 62.6% से घटकर 2012–13 में 45% रह गई है।
    2. परिवार क्षेत्र (22%) व कृषि क्षेत्र (18%) में विद्युत के उपभोग में निरंतर वृद्धि हो रही है।
    3. व्यवसायिक ऊर्जा उपभोग भारत में कुल ऊर्जा उपभोग का लगभग 65% है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा 55% कोयले का, 31% तेल का, 11% प्राकतिक गैस और 3% पनबिजली का सम्मिलित है।

## शक्ति

शक्ति, आधारिक संरचना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है।

शक्ति सृजन के स्रोत

| तापीय शक्ति | पन–बिजली | परमाणु शक्ति |
|---|---|---|
| 71.28% | 25.99% | 2.73% |

- **<u>ऊर्जा क्षेत्र के समक्ष चुनौतियाँ</u>** :–
  1. विद्युत उत्पादन की अपर्याप्तता,
  2. निम्न संयंत्र लोड फैक्टर
  3. जनता के सहयोग का अभाव
  4. बिजली बोर्डों को हानियाँ
  5. परमाणु शक्ति के विकास की धीमी प्रगति
  6. कच्चे माल की कमी
  7. निजी क्षेत्र की कम भूमिका
- **<u>विद्युत संकट से निपटने हेतु सुझाव</u>** :–
  1. प्लाट लोड फैक्टर में सुधार
  2. उत्पादन क्षमता में वृद्धि
  3. संचारण व वितरण की क्षति पर नियंत्रण
  4. विद्युत उत्पादन में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश तथा निजीकरण को प्रोत्साहन।
  5. नवीकरण स्रोतों का प्रयोग।
- **<u>स्वास्थ्य आधारित संरचनाओं की स्थिति</u>** :–
  1. संघ सरकार, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण की केन्द्रीय समिति के द्वारा विस्तृत नीतियों व योजनाओं को बनाती है।
  2. ग्राम स्तर पर सरकार द्वारा कई किस्म के अस्पताल स्थापित किए गए है।
  3. स्वास्थ्य आधारित संरचनाओं के विस्तार के फलस्वरूप ही जानलेवा बीमारियों जैसे चेचक, कुष्ट रोगों का लगभग उन्मूलन सम्भव हो सका है।
- **<u>निजी क्षेत्र की भूमिका</u>** :–
  1. भारत में 70% से अधिक अस्पताल निजी क्षेत्र द्वारा संचालित है।
  2. लगभग 60% डिस्पेंसरी निजी क्षेत्र द्वारा संम्मीलित होती है।

स्वास्थ्य देखरेख प्रदान करने में सरकार की भूमिका फिर भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गरीब व्यक्ति निजी स्वास्थ्य सेवाओं में भारी खर्चे के कारण केवल सरकारी अस्पतालों पर ही निर्भर रह सकते हैं।

- **<u>सामुदायिक और गैर लाभकारी संस्थाएँ</u>**

एक अच्छी स्वास्थ्य देखरेख व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण पहलू सामुदायिक भागीदारी होती है उदाहरण के लिए :–

1) अहमदाबाद में SEWA

2) नीलगिरी में ACCORD

- **<u>भारत में चिकित्सा पर्यटन</u>**

भारत में स्वास्थ्य सेवाएँ अन्य देशों में समान स्वास्थ्य सेवाओं की लागत की तुलना में सस्ती है। परन्तु भारत को अधिक विदेशियों को आकर्षित करने के लिए अपनी स्वास्थ्य आधारित संरचना को बेहतर करने की आवश्यकता है।

- **<u>स्वास्थ्य व स्वास्थ्य आधारित संरचनाओं के संकेतक</u>**

1. स्वास्थ्य क्षेत्र पर व्यय G.D.P. का केवल 4.8% है।
2. भारत में दुनिया की जनसंख्या का लगभग 17% है परन्तु यह विश्व वैश्विक भार के भयावह 20% को सहन करता है।
3. प्रत्येक वर्ष लगभग लाख बच्चे पानी से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के कारण मर जाते हैं।

- **<u>ग्रामीण – शहरी विभाजन</u>**

1. भारत की जनसंख्या का 70% ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है परन्तु अस्पतालों का केवल 20% और कुल दवाखानों का 50% ग्रामीण क्षेत्र में है।
2. ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र X - Ray या खून कर जाँच की सुविधा भी प्रदान नहीं करते जोकि आधारभूत स्वास्थ्य देखरेख का अंग है।
3. भारत में नगरीय और ग्रामीण स्वास्थ्य देखरेख में बड़ा विभाजन है।

- **<u>महिला स्वास्थ्य</u>**

1. लिंगानुपात 1991 में 945 से गिरकर 2001 में 927 हो गया। यह देश में बढ़ते कन्या भ्रूण हत्या की घटनाओं को दर्शाता है।
2. 15 से 49 आयुवर्ग के बीच की विवाहित महिलाओं में से 50% से अधिक को एनीमिया है।

निजी–सार्वजनिक साझेदारी दवाओं व चिकित्सा दोनों में प्रभावपूर्ण ढ़ग से विश्वसनीयता, गुणवता और पहुँच सुनिश्चित कर सकती है.।

## प्रश्नावली

**<u>एक अंक वाले प्रश्न –</u>**

1. आधारिक संरचना का अर्थ बताइए।
2. ऊर्जा के परंपरागत स्रोत किसे कहते हैं।
3. ऊर्जा के व्यवसायिक स्रोत का उदाहरण बताइए।
4. विद्युत सृजन में सबसे बड़ा हिस्सा किसका होता है :–
   1) तापीय विद्युत
   2) जल विद्युत
   3) परमाणु विद्युत
   4) सभी की समान हिस्सेदारी
5. ऊर्जा के गैर परंपरागत स्रोत के दो नाम बताइए।
6. प्लांट लोड फैक्टर की परिभाषा दें।
7. ऊर्जा का व्यवासायिक स्रोत है :–
   1) ईंधन लकडी
   2) कृषि अपशिष्ट उत्पाद
   3) कोयला
   4) गोबर

**<u>3/4 अंक प्रश्न –</u>**

1. आर्थिक व सामाजिक आधारित संरचना में भेद स्पष्ट कीजिए।
2. ऊर्जा के व्यवसायिक व गैर–व्यवसायिक स्रोतों में भेद कीजिए।
3. भारत में 'चिकित्सा पर्यटन' पर टिप्पणी लिखिए।
4. स्वास्थ्य देखरेख में गैर–लाभकारी संस्थाओं के योगदान की व्याख्या कीजिए।
5. ऊर्जा के परम्परागत व गैर परम्परागत स्रोतों में अन्तर बताएँ।

6. भारत में स्वास्थ्य संरचना की दो कमियाँ बताइए।
7. एक अर्थव्यवस्था में किस तरह आधारिक संरचना सहायक होती है।
8. जनसंख्या व वितरण हानियों से आप क्या समझते हैं ? इनको कैसे कम किया जा सकता है ?

**6 अंक वाले प्रश्न**

1. उन चुनौतियों को समझाइए जिनका भारत के विद्युत क्षेत्र को सामना करना पड़ता है ?
2. आधारिक संरचना के महत्व की व्याख्या कीजिए ?
3. भारत में निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य आधारिक संरचना की स्थिति को स्पष्ट कीजिए ?
4. ''भारत में स्वास्थ्य देखरेख शहरी–ग्रामीण तथा धनी–निर्धन में असमानता से ग्रसित है।'' व्याख्या किजिए ?
5. भारत में विद्युत संकट से निपटने के विभिन्न उपायों की आवश्यकता पर चर्चा कीजिए।

**एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर** :–

1. आधारिक संरचना से अभिप्राय उन मूलभूत सेवाओं व सुविधाओं से है जो एक देश की आर्थिक प्रणाली को कुशलतापूर्वक कार्य करनें में सहायता करती है।
2. ऊर्जा में परम्परागत स्रोतों में वाणिज्यिक तथा गैर–वाणिज्यिक दोनों प्रकार के स्रोत शामिल हैं जैसे प्राकृतिक गैस, कोयला, पैट्रोल आदि।
3. कोयला
4. (1) तापीय शक्ति
5. बायो गैस और सौर ऊर्जा
6. संयंत्र की परिचालन कुशलता (क्षमता) को दर्शाता है।
7. (3)

## NCERT पुस्तक के प्रश्नों के उत्तर

**प्र. 1 आधारिक संरचना को विभाजित करने वाले दो वर्गों की व्याख्या कीजिए। दोनों एक दूसरे पर कैसे निर्भर हैं?**

__उत्तर__ : आधारिक संरचना को दो श्रेणियों में बाँटा जाता है–सामाजिक और आर्थिक। उर्जा, परिवहन और संचार आर्थिक श्रेणी में आते हैं जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास सामाजिक आधारिक सरंचना की श्रेणी में आते हैं। ये दोनों संरचनाएँ एक दूसरे पर अन्योन्याश्रित हैं।

क) सामाजिक संरचना की आर्थिक संरचना पर निर्भरता– शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र भी परिवहन संचार और उर्जा का प्रयोग करते हैं तथा इनके बिना विकसित नहीं हो सकते। आवास के लिए भी परिवहन की आवश्यकता पडती है ताकि माल एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सके तथा संचार की भी समन्वय के लिए आवश्यकता पडती है। किसी न किसी रूप में उर्जा की भी घरों के निर्माण में आवश्यकता पडती है।

ख) आर्थिक संरचनस की सामाजिक संरचना पर निर्भरता–शिक्षित और स्वस्थ लोग ही परिवहन सेवाएँ, संचार सुविधाएँ और उर्जा का उत्पादन करते हैं। जिस अर्थव्यवस्था में एक सृदृढ़ आर्थिक संरचना उपलब्ध नहीं है वहाँ पर हम एक सृदृढ़ सामाजिक संरचना होने की आशा नहीं कर सकते। संचार एवं परिवहन स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं के उपयोग को प्रभावित करते हैं।

**प्र. 2 आधारित संरचना उत्पादन का संवर्द्धन कैसे करती हैं?**

__उत्तर__ : आधारिक संरचना वे आधारभूत सेवाएँ प्रदान करता है जिसकी आवश्यकता सभी क्षेत्रकों को होती है।

क) सरंचनात्मक ढाँचा वह समर्थन प्रणाली है जिस पर आधुनिक औद्योगिक अर्थव्यवस्था की कार्यकुशलता निर्भर करती है।

ख) आधुनिक कृषि भी काफी हद तक तीव्र एवं बड़े पैमाने पर बीज, कीटनाशक, उर्वरक के उत्पादन और परिवहन के लिए आधुनिक रेल एवं उर्जा पर निर्भर है।

ग) आधुनिक समय में, कृषि एवं उदयोग बीमा और बैंकिग सुविधाओं पर भी निर्भर है।

आधारिक संरचना–उत्पादन लागत कम होती है–उत्पादकता व उत्पादन का–उत्पादन वृद्धि संवर्द्धन

**प्र. 3 किसी देश के आर्थिक विकास में आधारिक संरचना योगदान देती है। क्या आप सहमत हैं? कारण बताइए।**

<u>उत्तर</u> : हाँ, मैं सहमत हूँ कि सरंचनात्मक ढाँचा एक अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास में अधिकतम योगदान देता है। यदि सरंचनात्मक ढाँचे के विकास पर सही रूप से ध्यान नही दिया गया तो यह आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न कर सकता है। आर्थिक विकास में दो आयाम शामिल हैं–
ख) जीवन की गुणवत्ता में सुधार और
क) वास्तविक उत्पादन में वृद्धि।

**क) वास्तविक उत्पादन पर आधारित संरचना का प्रभाव**– एक आधुनिक अर्थव्यवस्था की कार्य कुशलता आधारित सरंचना पर निर्भर करती है। आधुनिक कृषि भी काफी हद तक अपने आदानों की आपूर्ति एवं मशीनों के लिए आधारिक सरंचना पर निर्भर है। यह संचार, परिवहन एवं उर्जा का अनेक रूपों में प्रयोग करती है। आधुनिक समय में कृषि और उद्योग बीमा और बैंकिग सेवाओं पर भी निर्भर है। आधारिक सरंचना हमें शिक्षित लोग प्रदान करती है जिनकी उत्पादकता निरक्षर एवं अकुशल लोगों से ज्यादा होती है। यह हमें स्वस्थ जनशक्ति भी प्रदान करता है जिनकी उत्पादकता उनके अस्वस्थ समक्षकों की तुलना में कहीं आर्थिक होती है।

**ख) जीवन की गुणवत्ता पर आधारिक संरचना का प्रभाव**–जल आपूर्ति, सफाई, आवास आदि में सुधार का अस्वस्थता पर जो विशेष तौर पर संक्रामक रोगों से होती है, भारी प्रभाव पडता है जब बीमारी होती है तो उसकी गंभीरता भी आधारिक संरचना की उपलब्धता से कम हो जाती है। एक शिक्षित व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। परिवहन, संवाद, बैकिंग, बीमा, उर्जा सबकी उपलब्धता जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाती है।

**प्र. 4 भारत में ग्रामीण आधारिक संरचना की क्या स्थिति है?**

<u>उत्तर</u> : भारत में ग्रामीण आधारिक संरचना की स्थिति बहुत दयनीय है।
**<u>क) ग्रामीण सड़के:</u>** अभी बहुत सारे गाँव पक्की सड़कों से वचिंत है तथा जहाँ पक्की सडकें पहुँच चुकी है वहाँ भी समय पर मरम्मत न होने से सड़के टूटी–फूटी व गढ्ढे से युक्त होती है।

(ख) जल– केवल 24: ग्रामीण परिवारों में लोगों को नल का पानी उपलब्ध है। लगभग 76: लोग कुआँ, टैंक, तालाब, झरना, नदी, नहर आदि जैसे पानी के खुले स्रोतों का प्रयोग करते हैं।

(ग) सफाई– ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 20: लोगों को सफाई की सुविधा उपलब्ध थी।

(घ) स्वास्थ्य– भारत की 70: जनसंख्या गाँवों में रहती है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में भारत के केवल 20: अस्पताल स्थित हैं। ग्रामीण भारत में कल दवाखानों के लगभग आधे दवाखाने हैं। लगभग 7 लाख बेड में से केवल 11: ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ग्रामीण इलाकों में उचित चिकित्सा से वंचित लोगों के प्रतिशत में 1986 में 15 से 2003 में 24 की वृद्धि हुई है।

**<u>प्र. 5. ऊर्जा का महत्त्व क्या है?</u>** ऊर्जा के व्यावसायिक और गैर–व्यावसायिक स्रोतों में अंतर कीजिए।

**<u>उत्तर</u>** : किसी राष्ट्र की विकास प्रक्रिया में ऊर्जा का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। (क) यह उद्योगों के लिए आवश्यक है। हम ऐसे एक भी उद्योग को उदाहरण नहीं हूँढ सकते जहाँ ऊर्जा का प्रयोग न होता हो। (ख) यह कृषि तथा संबंधित क्षेत्रकों में बड़े पैमाने पर प्रयोग होता है। जैसे–उर्वरक, बीज, कीटनाशकों, मशीनरी के उत्पादन एवं परिवहन।

(ग) घरों में भी खाना पकाने, रोशनी करने तथा गर्म करने की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ऊर्जा का उपयोग होता है।

ऊर्जा के व्यावसायिक तथा गैर–व्यावसायिक स्रोतों में अंतर

**<u>प्र.6. संचारण और वितरण हानि से आप क्या समझते हैं?</u>** उन्हें कैसे कम किया जा सकता है?

**<u>उत्तर :</u>** ऊर्जा के उत्पादन स्थान तथा उपयोग स्थान के बीच में अंतर होता है। विद्युत का उत्पादन स्थान से उपयोग स्थान पर स्थानांतरित होता है। इस प्रक्रिया में बहुत–सी विद्युत बर्बाद हो जाती है। विद्युत चोरी भी एक समस्या है जिसे नियंत्रित नहीं किया गया है। इन्हें संचारण और वितरण हानि कहा जाता है। भारत में 23% बिजली जो उत्पादित की जाती है, वह संचारण और वितरण में बर्बाद हो जाती है। इसे निम्नलिखित विधियों से रोका जा सकता है।

(क) कंडक्टर्स का उचित आकार

(ख) उचित लोड प्रबंधन

(ग) मीटर पूर्ति

(घ) वितरण कार्य का निजीकरण

(ङ) ऊर्जा अंकेक्षण का आयोजन

**<u>प्र.7. ऊर्जा के विभिन्न गैर–व्यावसायिक स्रोत क्या हैं?</u>**

**<u>उत्तर</u>**

(क) गोबर के उपले

(ख) कृषि अवशिष्ट

(ग) जलाऊ लकड़ी।

**<u>प्र.8. पिछले वर्षों के दौरान ऊर्जा के उपभोग प्रतिमानों में कैसे परिवर्तन आया है?</u>**

**<u>उत्तर :</u>** ऊर्जा के उपभोग प्रतिमान यह दर्शाते हैं कि ऊर्जा का कितना प्रतिशत किस क्षेत्रक दवारा प्रयोग किया जा रहा है। घरेलू, कृषि, उद्योग आदि। ऊर्जा के उपभोग प्रतिमान समय प्रति समय परिवर्तित होते रहते हैं। (क) ऊर्जा के व्यावसायिक स्रोत– वर्तमान समय में भारत में ऊर्जा के कुल उपभोग का 65% व्यावसायिक ऊर्जा से पूरा होता है। इसमें सर्वाधिक अंश कोयला की है जो 55% है। उसके बाद तेल (31%) प्राकृतिक गैस (11%) और, जल ऊर्जा (3%) शामिल हैं। (ख) ऊर्जा के गैर–व्यावसायिक स्रोत– इसमें जलाऊ लकड़ी, गाय का गोबर, कृषि का कूड़ा–कचरा आदि स्त्रोत शामिल हैं, जिसका कुल ऊर्जा उपयोग में 30% से अधिक हिस्सा है। (ग) व्यावसायिक ऊर्जा के उपयोग की क्षेत्रकवार पद्धति–1953–54 में परिवहन क्षेत्रक व्यावसायिक ऊर्जा का सबसे बड़ा उपभोक्ता था। लेकिन परिवहन क्षेत्रक के अंश में लगातार गिरावट आई है। 1953–54 से 1996–97 के दौरान परिवारों के हिस्से में 10% से 12: की, कृषि में 1% से 9% की, उद्योग में 40% से 42% की तथा अन्य में 5% से 15% की वृद्धि आई है जबकि परिवहन का हिस्सा 44% से कम होकर 22% रह गया।

**प्र.9. भारत में विद्युत क्षेत्रक किन समस्याओं का सामना कर रहा है?**

**<u>उत्तर</u>** : भारत में विद्युत क्षेत्रक के समक्ष कई प्रकार की वस्तुओं, सेवाओं समस्याएँ हैं उनके उत्पादन और इलेक्ट्रॉनिक

(क) भारत की वर्तमान बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि वस्तुओं की सात प्रतिशत की प्रतिवर्ष आर्थिक क्षमता अभिवृद्धि के लिए माँग में वृद्धि पर्याप्त नहीं है। 2000–2012 के बीच में बिजली की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए भारत को 1 लाख मेगावाट बिजली उत्पादन करने की नई क्षमता की आवश्यकता होगी।

(ख) राज्य विद्युत बोर्ड जो विद्युत वितरण करते हैं उनकी हानि 500 करोड़ से ज्यादा है जिसका मुख्य कारण संप्रेक्षण तथा वितरण हानि है। अनेक क्षेत्रों में बिजली की चोरी होती है जिससे राज्य विद्युत निगमों को ओर भी नुकसान होता है।

(ग) बिजली के क्षेत्र में निजी क्षेत्रक की भूमिका बहुत कम है। विदेशी निवेश का भी यही हाल है।

**प्र.10. हमारे देश की जनता के स्वास्थ्य की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?**

**<u>उत्तर</u>** : हमारे देश की जनता के स्वास्थ्य की कुछ अजीब विशेषताएँ हैं जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं

(क) भारत में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लैंगिक असमानता के कारण स्त्रियों के स्वास्थ्य की बहुतायत अवहेलना की गई है।

(ख) भारत में स्वास्थ्य सेवाएँ शहरी क्षेत्रों में केंद्रित हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों की बहुत अनदेखा किया गया है।

(ग) अधिकतर स्वास्थ्य सेवाएँ निजी क्षेत्रक द्वारा प्रदान की जा रही हैं जो निर्धनों के लिए दयनीय नहीं है। अतः 50: से अधिक लोगों तक एक अच्छी स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच रही है।

(घ) भारत में विभिन्न स्वास्थ्य सूचकों के अनुसार स्वास्थ्य स्थिति का स्तर अति निम्न है

जो शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, जीवने प्रत्याशा आदि से प्रत्यक्ष है। भारत में शिशु मृत्यु दर 66 प्रति 1000 शिशु है, केवल 43: बच्चे पूर्णतः प्रतिरक्षित हैं, सकल घरेलू उत्पाद का केवल 1.4: स्वास्थ्य आधारित संरचना पर खर्च किया जा रहा है जो अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है।

**प्र.11. सार्वजनिक स्वास्थ्य का अर्थ बतलाइए। राज्य दवारा रोगों पर नियंत्रण के लिए उठाए गए प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बताइए।**

उत्तर : एक समाज के समग्र स्वास्थ्य स्तर को सार्वजनिक स्वास्थ्य की संज्ञा दी जाती है। विशेषज्ञों का यह मानना है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की एक बड़ी भूमिका हो सकती है। राज्य द्वारा रोगों पर नियंत्रण के लिए उठाए गए प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम इस प्रकार हैं

(क) संचार साधनों के द्वारा एड्स, कैंसर, क्षयरोग जैसी बीमारियों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना— एक समाज में स्वास्थ्य स्तर में सुधार के लिए लोगों में स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूकता उत्पन्न करना बहत आवश्यक है। उन्हें स्वच्छ जल के महत्त्व, स्वच्छता सुविधाओं के महत्त्व, सामान्य बीमारियों के लक्षणों, दवाओं की उपलब्धता और बीमारी के मूल कारणों का ज्ञान होना अति आवश्यक है।

(ख) पल्स पोलियो अभियान का आयोजन— पल्स पोलियो को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार लंबे समय से पल्स पोलियो अभियान का आयोजन कर रही है।

(ग) स्वच्छ जल एवं स्वच्छता सुविधाओं का प्रावधान— यदि हम स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली श्हम सभी को सुधारना चाहते। हैं तो स्वच्छ जल तथा स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने की अति आवश्यकता है। इस दिशा में सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। हालाँकि वे संतोषजनक से बहत कम हैं।

(घ) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र—सरकार ने जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए सभी गाँवों में एक प्राथमिक
स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया है।

(ङ) निजी—सार्वजनिक भागीदारी— सरकार ने निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में भागीदारी नीति को अपनाया है। यह औषधियों और स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता, गुणवत्ता और वहनता सुनिश्चित करेगा।

**प्र.12. भारतीय चिकित्सा की छह प्रणालियों में भेद कीजिए।**

**उत्तर** : भारतीय चिकित्सा प्रणाली को उनके अंग्रेजी नामों के आधार पर आयूश (AYUSH) के नाम से जाना जाता है जिसका अर्थ है

1. आयुर्वेद (A
2. योग (Y
3. यूनानी (U
4. प्राकृतिक चिकित्सा (N
5. सिद्ध (S
6. होम्योपैथी (H

**प्र.13. हम स्वास्थ्य सुविधा कार्यक्रमों की प्रभावशीलता कैसे बढ़ा सकते हैं?**

**उत्तर** : हम, स्वास्थ्य सुविधा कार्यक्रमों की प्रभावशीलता निम्नलिखित विधियों से बढ़ा सकते हैं।

(क) स्वास्थ्य सेवाओं का शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकेंद्रीकरण– भारत में शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के बीच एक गहरी खाई है। यदि हम इस बढ़ती खाई को अनदेखा करते रहे, तो हमें अपनी अर्थव्यवस्था की मानव पूँजी को खोने का जोखिम उठाना होगा तथा दीर्घकाल में इसके दुष्प्रभावों का सामना करना होगा।

(ख) सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाएँ सर्व को सुनिश्चित करने के लिए बेहतर प्रयास– सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय बढ़ाना चाहिए ताकि स्वास्थ्य सेवाएँ अमीर, गरीब सभी को समान रूप से उपलब्ध हो सकें। सर्व को प्राथमिक सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए सरकार को सेवाओं की पहुँच तथा वहनता पर विशेष ध्यान देना होगा।

(ग) सामाजिक आयुर्विज्ञान पर ध्यान– हमें सामाजिक आयुर्विज्ञान जैसे स्वच्छ जल, सामान्य बीमारियों के प्रति जागरूकता आदि पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# अध्याय – 8

## सतत या धारणीय आर्थिक विकास

भावी की पीढ़ी की आवश्यकताओं से समझौता किए बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकता की पूर्ति धारणीय विकास कहलाती है। इस प्रकार उसका मुख्य सिद्धान्त है कि निश्चित संसाधनों का इस प्रकार उपयोग करना चाहिए जिससे पृथ्वी पर भावी पीढ़ी की आवश्यकता में सभी संसाधन उपलब्ध रहें।

- **अर्थ –**

  धारणीय विकास की अवधारणा मुख्यतः तीन आधारों पर निर्भर करती है जो कि आर्थिक पर्यावरणीय तथा सामाजिक या पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था और समानता है। कुछ लेखकों ने चौथे आधार के रूप में संस्कृति को भी स्वीकार किया है।

- **संसाधनों पर आर्थिक विकास का प्रभाव –**
  1. आर्थिक विकास प्राकृतिक संसाधनों के निस्तर पतन का कारण है।
  2. प्राकृतिक संसाधनों का अतिशय दोहन।
  3. निस्तर तीव्र आर्थिक विकास संसाधनों की कमी उत्पन्न कर रहा है तथा उनकी गैर धारणीय बना रहा है।
  4. उन्नत तकनीक द्वारा संसाधनों की उपलब्धता में वृद्धि।
  5. संसाधनों का प्रतिस्थापन उत्पन्न करते हैं।

- **पर्यावरण का आर्थिक विकास प्रभाव –**
  1. आर्थिक विकास और तीव्र वृद्धि ध्वनि प्रदूषण तथा वायु की गुणवत्ता में कमी आती है।
  2. यह पर्यावरण संकट उत्पन्न कर सकती है तथा धारणीय विकास में कमी आयेगी।
  3. वनों का निम्नीकरण के वर्षा में कमी
  4. मत्यस्य संसाधनों का अधिक दोहन
  5. सभी सड़कें, होटल, माल इत्यादि निर्माण से जैव विविधता की हानि।

- **वैश्विक उष्णता –**

  ग्रीन हाउस गैस, जानवरों के अपशिष्ट से निकलने वाली गैस, वनों का विनाश कारण पृथ्वी के औसत तापमान में हाने वाली वृद्धि ही वैश्विक उष्णता है।

  वैश्विक उष्णता के प्राथमिक स्रोत कार्बनडाइ ऑक्साइड जैसी ग्रीन हाउस गैसें,

तीव्र उत्सर्जन, जीवाश्म ईंधन का उपयोग और मीथेन का उत्पादन, कृषि तथा अन्य मानवीय गतिविधियाँ हैं।

वैश्विक तापमान में वृद्धि के परिणाम स्वरूप पृथ्वी के ध्रुवों पर बर्फ पिघल रही है। समुद्रस्तर में वृद्धि के कारण तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का प्रभाव, भीषण आंधी और कटिबन्धीय तूफान के प्रभाव में वृद्धि के साथ अन्य मौसमी घटनाएं बढ़ीं है।

## प्रश्नावली

- **<u>1 अंक के प्रश्न</u>**
  1. निर्वहनीय विकास का क्या अर्थ है ?
  2. भू–तापन से आप क्या समझतें हैं ?
- **<u>3 और 4 अंको वाले प्रश्न</u>**
  1. स्थानीय दशाओं को अपने ध्यान में रखते हुए निर्वहीन विकास की किन्हीं चार रणनीतियों का वर्णन करें।
  2. भारत में पर्यावरणीय ह्रास के प्रमुख कारक क्या हैं ?
  3. दो–दो उदाहरण दीजिये –
     1) पर्यावरणीय संसाधनों के अधि–उपयोग
     2) पर्यावरणीय संसाधनों के दुरूपयोग
- **<u>6 अंक वाले प्रश्न</u>**
  1. निर्वहनीय विकास की परिभाषा में अंतरपीढ़ी–समता की प्राथमिकता की व्याख्या करें।
  2. पर्यावरणीय संसाधनों की आपूर्ति – मांग उत्क्रमणता की व्याख्या करे।
  3. भारत में विकास के किन्हीं दो गम्भीर प्रतिकूल पर्यावरणीय दुष्परिणामों को रेखांकित कीजिये।
  4. भारत में निर्वहनीय विकास को प्राप्त करने के लिए उठाए गए कदमों की रूपरेखा खींचिए।
- **<u>एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर</u>**
  1. भविष्य की पीढ़ी की आवश्यकताओं से समझौता किए बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकता की पूर्ति को धारणीय विकास कहते हैं।
  2. पृथ्वी के औसत तापमान में लगातार होने वाली वृद्धि को भू–तापन कहते हैं।

## NCERT पुस्तक के प्रश्नों के उत्तर

**प्र.1. निम्न को नवीकरणीय और गैर–नवीकरणीय संसाधनों में वर्गीकृत करें**

(क) वृक्ष
(ख) मछली
(ग) पेट्रोलियम
(घ) कोयला
(ङ) लौह अयस्क
(च) जल

<u>उत्तर</u> : नवीकरणीय ससांधन–वृक्ष, मछली गैर–नवीकरणीय ससांधन–पेट्रोलियम, कोयला, लौह–अयरेक जल

**प्र. 2 आजकल विश्व के सामने ''....................''और.........................की दो मुख्य पर्यावरणीय समस्याएँ हैं।**

<u>उत्तर</u> : वैश्विक ऊष्णता और ओजोन अपक्षय।

**प्र.3. निम्न कारक भारत में कैसे पर्यावरण संकट में योगदान करते हैं? सरकार के समक्ष वे कौन–सी समस्याएँ पैदा करते हैं**

(क) बढती जनसख्या
(ख) वायु–प्रदूषण
(ग) जल–प्रदूषण
(घ) संपन्न उपभोग मानक
(ड) निरक्षरता
(च) औद्योगीकरण
(छ) शहरीकरण
(ज) वन क्षेत्र में कमी?
(झ) अवैध वन कटाई
(त्र) वैश्विक ऊष्णता

<u>उत्तर</u> :

**(क) बढ़ती जनसंख्या**– बढ़ती जनसंख्या से प्राकृतिक संसाधनों की माँग बढ़ जाती है। जबकि प्राकृतिक संसाधनों की पूर्ति स्थिर है। इससे अतिरेक माँग उत्पन्न होती है जो प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव डालती है। इन संसाधनों का अत्यधिक उपभोग किया जाता है और उपभोग धारण क्षमता की सीमा से बाहर चला जाता है जिससे पर्यावरणीय हानि होती है। इससे सरकार के समक्ष सर्व की आवश्यकताएँ पूरी करने में असमर्थता की समस्या आती है।

**(ख) वायु–प्रदूषण**–इससे कई प्रकार की बीमारियाँ जैसे दमा, फेफड़ों का कैंसर, क्षय रोग होती हैं। इससे
सरकार के लिए स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक व्यय की समस्या उत्पन्न होती है।

**(ग) जल–प्रदूषण**– इससे हैजा, मलेरिया, अतिसार, दस्त जैसी कई बीमारियाँ होती हैं। इससे भी सरकार के लिए स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक व्यय की समस्या उत्पन्न होती है।

**(घ) संपन्न उपभोग मानक**– इससे प्राकृतिक संसाधनों की माँगें बढ़ जाती हैं। जबकि

प्राकृतिक संसाधनों की पूर्ति स्थिर है। इससे अतिरेक माँग उत्पन्न होती है। जो प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव डालती है। इन संसाधनों का अत्यधिक उपभोग किया जाता है और उपभोग धारण क्षमता की सीमा से बाहर चला जाता है। जिससे पर्यावरणीय हानि होती है। इससे समस्या ये उत्पन्न होती है कि अमीर वर्ग तो कुत्तों के खाने, सौंदर्य प्रसाधन और विलासिताओं पर व्यय करते हैं और गरीब वर्ग को अपने बच्चों और परिवार की आधारभूत आवश्यकताओं के लिए भी धन नहीं मिलता।

**(ङ) निरक्षरता**– ज्ञान के अभाव के कारण लोग ऐसे संसाधनों का प्रयोग करते रहते हैं जैसे–उपले, लकड़ी आदि। इससे संसाधनों का दुरुपयोग होता है। यह दुरुपयोग पर्यावरण को हानि पहुँचाता है। सरकार को लोगों के स्वास्थ्य पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। जागरूकता के अभाव में स्वच्छता पर ध्यान नही देते। कूडा–कचरा का उचित प्रबंध निरक्षर लोग ठीक से नहीं करते।

**(च) औद्योगीकरण**– इससे वायु–प्रदूषण, जल–प्रदूषण में और ध्वनि प्रदूषण होता है। इससे काफी बीमारियाँ फैलती है। जहरीली गैसें हवाओं में तथा जहरीले रसायन नदियों, तालाब व भूजल में मिल जाले हैं। इससे पशु–पक्षी, पेड़–पौध जीव जंतु सभी बुरी तरह से प्रभावित होते हैं।

(छ) **शहरीकरण** : इनसे संसाधनों का अति उपयोग होता है और यह उपयोग धारण क्षमता की सीमा को पार कर देता है जिससे पर्यावरण का अपक्षय होता है। इससे भी आय की असमानताओं के कारण अमीर वर्ग कुत्तों के खाने, सौंदर्य प्रसाधन पर खर्च करता है और गरीब वर्ग परिवार की आधारभूत आवश्यकताओं के लिए भी धन नहीं जुटा पाता।

**(ज) वन–क्षेत्र में कमी**–इससे पर्यावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है। कार्बन डाइऑक्साइड में वृद्धि से वैश्विक उष्णता हो रही है। अतः सरकार को स्वास्थ्य के साथ–साथ ऐसे तकनीकी अनुसंधान पर भी व्यय करना पड़ रहा है जिससे एक पर्यावरण अनुकूल वैकल्पिक तकनीक की खोज की जा सके।

**(झ) अवैध वन कटाई**– इससे जैविक विविधता प्रभावित हो रही है, मृदा क्षरण, वायु प्रदूषण में वृद्धि हो रही है जिससे खाद्य श्रृंखला पर भी प्रभाव पड़ रहा है।

**(ट) वैश्विक ऊष्णता**– वैश्विक उष्णता के कारण पूरे विश्व में तापमान बढ़ रहा है। यदि समुद्र के जल का तापमान मात्र $2^0C$ से भी बढ़ गया तो संपूर्ण पृथ्वी जलमयी हो जाएगी।

**प्र.4. पर्यावरण के क्या कार्य होते हैं?**

<u>उत्तर</u> : पर्यावरण के महत्त्वपूर्ण कार्य निम्नलिखित हैं

(क) यह जीवन के लिए संसाधन प्रदान करता है। नवीकरणीय तथा गैर–नवीकरणीय दोनों पर्यावरण दवारा ही प्रदान किये जाते हैं।।

(ख) यह अवशेष को समाहित करता है।

(ग) यह जनहित और जैविक विविधता प्रदान करके जीवन का पोषण करता है।

(घ) यह सौंदर्य विलयक सेवाएँ भी प्रदान करता है।

**प्र.5 भारत में भू–क्षय के लिए उत्तरदायी दो कारकों की पहचान करें।**

<u>उत्तर</u> : भारत में भू–क्षय के लिए उत्तरदायी छह कारक इस प्रकार हैं

(क) वन विनाश के फलस्वरूप वनस्पति की हानि,

(ख) अधारणीय जलाऊ लकड़ी और चारे का निष्कर्षणय

**प्र.6. समझायें कि नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभावों की अवसर लागत उच्च क्यों होती है?**

<u>उत्तर</u> : नकारात्मक पर्यावरण प्रभाव का सबसे नकारात्मक अवसर लागत पर्यावरण अपक्षय की गुणवत्ता की स्वास्थ्य लागत है। वायु तथा जल गुणवत्ता (भारत में 70% जल स्रोत प्रदूषित है) में गिरावट के कारण वायु संक्रामक तथा जल संक्रामक बीमारियाँ बढ़ती जा रही हैं। फलस्वरूप, स्वास्थ्य पर सरकारी व्यय बढ़ता जा रहा है। वैश्विक पर्यावरण मुद्दों जैसे वैश्विक ऊष्णता और ओजोन क्षय ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है, जिसके कारण सरकार को और अधिक धन व्यय करना पड़ा।

**प्र.7. भारत में धारणीय विकास की प्राप्ति के लिए उपयुक्त उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत करें।**

<u>उत्तर</u> : धारणीय विकास की प्राप्ति के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा सकते हैं

**(क) ऊर्जा के गैर–पारंपरिक स्रोतों का उपयोग**– भारत अपनी विद्युत आवश्यकताओं के लिए थर्मल और हाइड्रो पॉवर संयंत्रों पर बहुत अधिक निर्भर है। इन दोनों का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वाय शक्ति और सौर ऊर्जा गैर–पारंपरिक स्रोतों के अच्छे उदाहरण हैं। तकनीक के अभाव में इनका विस्तृत रूप से अभी तक विकास नहीं हो पाया है।

**(ख) अधिक स्वच्छ ईंधनों का उपयोग**– शहरी क्षेत्रों में ईंधन के रूप में उच्च दाब प्राकृतिक गैस (CNG) के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दिल्ली में जन–परिवहन में उच्च दाब प्राकृतिक गैस के उपयोग से प्रदूषण कम हुआ है और वायु स्वच्छ हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में बायोगैस और गोबर गैस को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे वायु प्रदूषण कम हुआ है।

**(ग) लघु जलीय प्लांटों की स्थापना**– पहाड़ी इलाकों में लगभग सभी जगह झरने मिलते हैं। इन झरनों पर लघु जलीय प्लांटों की स्थापना हो सकती है। ये पर्यावरण के अनुकूल होते हैं।

**(घ) पारंपरिक ज्ञान व व्यवहार**– पारंपरिक रूप से भारत की कृषि व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा व्यवस्था, आवास, परिवहन सभी क्रियाकलाप पर्यावरण के लिए हितकर रहे हैं। परंतु आजकल हम अपनी पारंपरिक प्रणालियों से दूर हो गए हैं, जिससे हमारे पर्यावरण और हमारी ग्रामीण विरासत को भारी मात्रा में हानि पहुँची है।

**च) अधारणीय उपभोग तथा उत्पादन प्रवृत्तियों में परिवर्तन**–धारणीय विकास प्राप्त करने के लिए हमें उपभोग प्रवृत्ति (संसाधनों के अति उपयोग और दुरुपयोग की अवहेलना) तथा उत्पादन प्रवृति (पर्यावरण अनुकूल तकनीकों का प्रयोग) में परिवर्तन करने की आवश्यकता है।

**प्र. 8. भारत में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता है—इस कथन के समर्थन में तर्क दें।**

<u>उत्तर</u> : क्षेत्र के मामले में भारत विश्व का सातवाँ सबसे बड़ा देश है जिसका कुल क्षेत्रफल 32,87 263 वर्ग किलोमीटर (32.87 करोड़ वर्ग हेक्टेयर) है। यह विश्व के कुल क्षेत्र का 2. 42: हिस्सा है। निरपेक्ष संदर्भ में यह भारत वास्तव में एक बड़ा देश है। हालाँकि भूमि—आदमी अनपात विशाल जनसंख्या के कारण अनुकूल नहीं है।

दक्षिण के पठार की काली मिट्टी विशिष्ट रूप से कपास की खेती के लिए उपयुक्त है। अरब सागर से बंगाल की खाड़ी तक गंगा मैदान है जो कि विश्व के अत्यधिक उर्वरक क्षेत्रों में से एक है और विश्व में सबसे गहने खेती और जनसंख्या वाला क्षेत्र है।

भारत 4 ईंधन खनिजों, 11 धात्विक, 52 गैर—धात्विक, 22 लघु खनिजों और कुल 89 खनिजों का उत्पादन करता है। भारत में उच्च गुणवत्ता लौह अयस्क बहतायत मात्रा में है। देश के कुल लौह अयस्क भंडार में 14,630 मिलियन टन हेमेटाइट और 10,619 मिलियन टन मैगनेटाइट है। हेमेटाइट लौह अयस्क मुख्यतः छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, गोआ और कर्नाटक में पाया जाता है। कोयला सबसे अधिक मात्रा में उपलब्ध खजिन संसाधन है। कोयला उत्पादन के क्षेत्र में भारत का चीन और अमेरिका के बाद विश्व में तीसरा स्थान है।

**प्र.9. क्या पर्यावरण संकट एक नवीन परिघटना है? यदि हाँ, तो क्यों?**

<u>उत्तर</u> : हाँ, पर्यावरण संकट एक नवीन घटना है। यह पूर्ति—माँग के उत्क्रमण से उत्पन्न हुई है। हाल के वर्षों में जनसंख्या में बहुत वृद्धि हुई है इससे संसाधन की माँग बढ़ गई है जबकि संसाधनों की आपूर्ति स्थिर है। इससे अतिरेक माँग उत्पन्न हुई है। यह प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव डाल रही है। इन संसाधनों का उपयोग बढ़ रहा है और यह धारण क्षमता की सीमा से बाहर होता जा रहा है। इसने पर्यावरण संकट को जन्म दिया है।

**प्र.10. पर्यावरण की चार मुख्य क्रियाओं का वर्णन कीजिए। महत्त्वपूर्ण मुद्दों की व्याख्या कीजिए। पर्यावरणीय हानि की भरपाई की अवसर लागतें भी होती हैं। व्याख्या कीजिए।**

<u>उत्तर</u> : भारत में पर्यावरण संबंधी महत्त्वपूर्ण मुद्दे निम्नलिखित हैं

(क) जल संक्रमण— भारत में औद्योगिक अवशिष्ट के कारण पेय जल संक्रामक होता जा रहा है। इससे जल संक्रामक बीमारियाँ फैल रही हैं।

(ख) वायु—प्रदूषण— शहरीकरण के कारण, भारतीय सड़कों पर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मोटर वाहनों की संख्या 1951 के 3 लाख से बढ़कर 2003 में 67 करोड़ हो गई। भारत विश्व में दसवाँ सर्वाधिक औद्योगिक देश है परंतु यह पर्यावरण पर अनचाहे एवं अप्रत्याशित प्रभावों की अवसर लागत पर हुआ है।

(ग) वनों की कटाई— भारत का वन आवरण बढ़ती जनसंख्या के कारण लगातार कम हो रहा है। इससे वायु प्रदूषण तथा उससे जुड़ी समस्याएँ भी बढ़ रही हैं। भारत में प्रतिव्यक्ति वन भूमि 0.08 हेक्टेयर है जबकि आवश्यकता 0.47 हेक्टेयर की है।

(घ) भू–क्षय– भू–क्षय वन विनाश के फलस्वरूप वनस्पति की हानि, वन भूमि का अतिक्रमण, वनों में आग और अत्यधिक चराई, भू–संरक्षण हेतु समुचित उपायों को न अपनाया जाना, अनुचित फसल चक्र, कृषि–रसायन का अनुचित प्रयोग, सिंचाई व्यवस्था का नियोजन तथा अविवेकपूर्ण प्रबंधन, संसाधनों की निर्बाध उपलब्धता तथा कृषि पर निर्भर लागतों की दरिद्रता के कारण हो रहा है।

**प्र.11 पर्यावरणीय ससाधनों का पूर्ति–मार्ग के उत्क्रमण की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** : अर्थ– पर्यावरण अपने कार्य बिना किसी रुकावट या बाधा के तब तक कर सकता है जब तक संसाधनों की माँग उनकी पूर्ति से कम हो। जब माँग, पूर्ति से अधिक हो जाती है तो पर्यावरण अपने कार्य सुरीति करने में असक्षम हो जाता है इससे पर्यावरण संकट जन्म लेता है। इसे पूर्ति–माँग के उत्क्रमण की संज्ञा दी जाती है। दूसरे शब्दों में, जब संसाधनों की उत्पादन तथा उपभोग माँग संसाधनों के पुनर्जनन दर से अधिक हो जाती है तो इससे पर्यावरण की अवशोषी क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ता है, इसे पूर्ति संसाधनों की पूर्ति माँग का उत्क्रमण कहा जाता है। इसके निम्नलिखित कारण हैं

(क) विकासशील देशों की बढ़ती जनसंख्या

(ख) विकसित देशों के संपन्न उपभोग तथा उत्पादन स्तर

(ग) नवीकरणीय और गैर–नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की गहन और व्यापक निकासी।

**प्र.12. वर्तमान पर्यावरण संकट का वर्णन करें।**

**उत्तर** : भारत के पर्यावरण को दो तरफ से खतरा है। एक तो निर्धनता के कारण पर्यावरण का अपक्षय और दूसरा खतरा साधन संपन्नता और तेजी से बढ़ते हुए औद्योगिक क्षेत्रक के प्रदूषण से है।

भारत की अत्यधिक गंभीर पर्यावरण समस्याओं में वायु प्रदूषण, दूषित जल, मृदा क्षरण, वन्य कटाव और वन्य जीवन की विलुप्ति है।

**(क) जल–प्रदूषण**– भारत में ताजे जल के सर्वाधिक स्रोत अत्यधिक प्रदूषित होते जा रहे हैं। इनकी सफाई में सरकार को भारी व्यय करना पड़ रहा है। 120 करोड़ की जनसंख्या के लिए स्वच्छ जल का प्रबंधन सरकार के लिए एक बड़ी समस्या है। जल जीवों की विविधता भी विलुप्त होती दिखाई दे रही है।

**(ख) भूमि अपक्षय**–भारत में भूमि का अपक्षय विभिन्न मात्रा और रूपों में हुआ है, जो कि मुख्य रूप से अस्थिर प्रयोग और अनुपयुक्त (प्रबंधन) कार्य प्रणाली का परिणाम है।

**(ग) ठोस अवशिष्ठ प्रबंधन**–विश्व की 17% जनसंख्या और विश्व पशुधन की 20% जनसंख्या भारत की मात्र 2.5% क्षेत्रफल में रहती है। जनसंख्या और पशुधन का अधिक घनत्व और वानिकी, कृषि, चराई, मानव बस्तियाँ और उद्योगों के प्रतिस्पर्धी उपयोगों से देश के निश्चित भूमि संसाधनों पर भारी दबाव पड़ता है।

**प्र.13. भारत में विकास के दो गंभीर नकारात्मक पर्यावरण प्रभावों को उजागर करें। भारत की पर्यावरण समस्याओं में एक विरोधाभास है–एक तो यह निर्धनताजनित है और दूसरे जीवन–स्तर में संपन्नता का कारण भी है। क्या यह सत्य है?**

__उत्तर__ : भारत विश्व का दसवाँ सर्वाधिक औद्योगिक देश है परंतु यह पर्यावरण की कीमत पर हुआ है। भारत में विकास के दो गंभीर पर्यावरण प्रभाव वायु प्रदूषण तथा जल संक्रमण है।
यह कहना सही है कि भारत की पर्यावरण समस्याओं में एक विरोधाभास है। एक ओर यह निर्धनताजनित है क्योंकि निर्धन क्षेत्र भोजन पकाने के लिए, एल.पी.जी. खरीदने में सक्षम नहीं है। अतः वे गाय के गोबर के उपले और जलाऊ लकड़ी को ईंधन के रूप में प्रयोग करते हैं, यह संसाधनों का दुरुपयोग है। जबकि दूसरी ओर अमीर वर्ग निकटतम स्थान पर जाने के लिए कारों का प्रयोग करते हैं, हर कमरे में वातानुकूलिर का प्रयोग करते हैं, हीटर, माइक्रोवेव और अनेक बिजली उपकरणों का प्रयोग करते हैं जिससे संसाधनों का अति उपयोग हो रहा है तथा परिणामस्वरूप पर्यावरण दूषित हो रहा है।

**प्र.14 धारणीय विकास क्या है?**

__उत्तर__ : धारणीय विकास की कई परिभाषाएँ दी गई हैं परंतु सर्वाधिक उद्धृत परिभाषा आवर कॉमन फ्यूचर (Our common future) जिसे ब्रुटलैंड रिपोर्ट के नाम से भी जाना जाता है, ने दी है। ष ऐसी विकास जो वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं को भावी पीढ़ियों की आवश्यकताओं की पूर्ति क्षमता का समझौता किए बिना पूरा करे।

**प्र.15. अपने आस–पास के क्षेत्र को ध्यान में रखते हए धारणीय विकास की चार रणनीतियाँ सुझाइए।**

__उत्तर__ : अपने आस–पास के क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए धारणीय विकास की निम्नलिखित रणनितियाँ है

ग्रामीण क्षेत्र के निवासी होने पर

- ग्रामीण क्षेत्रों में जलाऊ लकड़ी, उपलों या अन्य जैव पदार्थ के स्थान पर रसोई गैस और गोबर गैस का उपयोग
- जहाँ पर खुला स्थान है उन गाँवों में वायु मिलों की स्थापना की जा सकती है।
- हमें कृषि, स्वास्थ्य, आवास और परिवहन में ऐसा पारंपरिक ज्ञान और व्यवहार का प्रयोग करना चाहिए जो पर्यावरण के अनुकूल हो।
- रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर जैविक कीटनाशकों का प्रयोग किया जाना चाहिए।
- रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर हमें जैविक कंपोस्ट खाद का प्रयोग करना चाहिए।शहरी क्षेत्र के निवासी होने पर
- फोटोवोल्टिक सेल दवारा सौर ऊर्जा का प्रयोग किया जाना चाहिए।
- वाहनों में पेट्रोल या डीजल की जगह उच्च दाब प्राकृतिक गैस (CNG) का प्रयोग किया जाना चाहिए।
- हमें अपनी आवश्यकताओं को कम करना चाहिए।

**प्र.16. धारणीय विकास की परिभाषा में वर्तमान और भावी पीढ़ियों के बीच समता के विचार की व्याख्या करें।**

<u>**उत्तर**</u> : यह बहुत सुंदर कहा गया है कि यह पर्यावरण हमें पूर्वजों से विरासत में नहीं मिला बल्कि इसे हमने भावी पीढ़ियों से उधार लिया है। जो चीज उधार ली जाती है उसे समान या बेहतर स्थिति में वापिस करना होता है। यहाँ पर वर्तमान और भावी पीढ़ियों के बीच समता का विचार महत्त्वपूर्ण हो जाता है। हमें पिछली पीढ़ी को उपलब्ध संसाधनों और भावी पीढ़ी को उपलब्ध संसाधनों के बीच समता बनाने की आवश्यकता है। हम अपनी भावी पीढ़ी के भविष्य को दाव पर लगाकर अपने वर्तमान का आनंद नहीं ले सकते।

# अध्याय – 9

# भारत, पाकिस्तान तथा चीन का विकास अनुभवः एक तुलनात्मक अध्ययन

**स्मरणीय बिन्दु :**

- भारत, पाकिस्तान और चीन का विकास पथ :
- तीनों देशों ने लगभग एक ही समय में विकास पथ की ओर बढ़ना शुरू किया। भारत और पाकिस्तान सन् 1947 में स्वतंत्रता हुए जबकि चीन गणराज्य की स्थापना सन् 1949 में हुई।
- तीनों देशों ने एक ही प्रकार से अपनी विकास नीतियाँ तैयार करना शुरू किया था। भारत ने सन् 1951 में अपनी प्रथम पंचवर्षीय योजना की घोषणा की, पाकिस्तान ने सन् 1956 में तथा चीन ने 1953 में अपनी प्रथम पंचवर्षीय योजना की घोषणा की ।
- भारत और पाकिस्तान ने समान नीतियाँ अपनाई जैसे वृहत् सार्वजनिक क्षेत्रक का सृजन और सामाजिक विकास पर सार्वजनिक व्यय।
- भारत और पाकिस्तान दोनों ने मिश्रित अर्थव्यवस्था के प्रारूप को अपनाया जबकि चीन ने आर्थिक संवृद्धि के निर्देशित अर्थव्यवस्था प्रारूप को अपनाया।
- 1980 तक सभी तीनों देशों में संवृद्धि दर और प्रति व्यक्ति आय लगभग समान थी।

  आर्थिक सुधार चीन में 1978 में पाकिस्तान में 1988 में और भारत में 1991 में लाभ किये गये।

**विकास रणनीतियां :**

**चीन में** –

- एकदलीय शासन के अंतर्गत चीनी गणराज्य की स्थापना के बाद अर्थव्यवस्था के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रकों, उद्यमों तथा भूमि, जिनका स्वामित्व संचालन व्यक्तियों द्वारा किया जाता था, को सरकारी नियंत्रण में लाया गया है।
- सन् 1958 में **द ग्रेट लीप फॉरवड** नामक अभियान शुरू किया गया जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर देश का औद्योगीकरण करना था। इस अभियान के अंतर्गत लोगों को अपने लोगों को अपने घरों के पिछवाड़े में उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

- सन् 1965 में, माओत्से तुंग ने 'महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति' का आरम्भ किया। इसके अन्तर्गत छात्रों और विशेषज्ञों को ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने और अध्ययन करने के लिए भेजा गया।
- ग्रामीण क्षेत्रों में कम्यून प्रकृति से खेती प्रारंभ की गई। इसके अन्तर्गत लोग सामूहिक रूप से खेती करते थे।
- सुधार प्रक्रिया में 'दोहरी कीमत निर्धारण पद्धति' लागू की गई। इसका अर्थ है कि कीमत का निर्धारण दो तरीके से किया जाता था। किसानों और औद्योगिक इकाइयों से यह अपेक्षा की जाती थी कि वे सरकार द्वारा निर्धारित मात्राएं खरीदेंगें और बेचेंगें और शेष वस्तुएं बाजार कीमतों पर खरीदी बेची जाती थी।
- विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 'विशेष आर्थिक क्षेत्र' स्थापित किए गये। ऐसे भौगोलिक क्षेत्र जिनमें विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के ध्येय से देश के सामान्य आर्थिक कानूनों को पूर्णतः लागू नहीं किया जाता विशेष आर्थिक क्षेत्र कहलाते हैं।

<u>**पाकिस्तान में**</u>

- पाकिस्तान ने सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के सह–अस्तित्व वाली मिश्रित अर्थव्यवस्था प्रणाली को अपनाया।
- पाकिस्तान ने उपभोक्ता वस्तुओं के विनिर्माण के लिए प्रशुल्क संरक्षण तथा प्रतिस्पर्धी आयातों पर प्रत्यक्ष आयात नियंत्रण की नीतियां अपनाई।
- हरितक्रान्ति के आगमन ने और चुनिंदा क्षेत्रों की आधारिक संरचना में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि से खाद्यानों के उत्पादन में वृद्धि की ।
- सन् 1970 के दशक में पूंजीगत वस्तुओं के उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया गया।
- 1988 में संरचनात्मक आर्थिक सुधार लागू किये गए। मुख्य जोर निजी क्षेत्रक को प्रोत्साहन देना था।

## तुलनात्मक अध्ययन भारत, पाकिस्तान और चीन

### 1. जनांकिकीय संकेतक :

- पाकिस्तान की जनसंख्या बहुत कम है और वह भारत या चीन की जनसंख्या का लगभग दसवां भाग है।
- यद्यपि इन तीनों देशों में चीन सबसे बड़ा राष्ट्र है तथापि इसका जनसंख्या घनत्व सबसे कम है।
- पाकिस्तान में जनसंख्या वृद्धि सबसे अधिक है इसके बाद भारत और चीन का स्थान है। चीन में जनसंख्या की निम्न वृद्धि दर का कारण 1970 के दशक में अंत में लागू की गई केवल एक संतान नीति है। परंतु इसके कारण लिंगानुपात (अर्थात प्रति 1000 पुरूषों पर महिलाओं का अनुपात) में गिरावट आई ।
- तीनों देशों में लिंगानुपात महिलाओं के पक्ष में कम है। इसका मुख्य कारण तीनों देशों में पुत्र प्राप्ति की प्रबल इच्छा है।
- चीन में प्रजनन दर बहुत कम है जबकि पाकिस्तान में बहुत अधिक है।
- नगरीकरण चीन और पाकिस्तान दोनों में अधिक है जबकि भारत में नगरीकरण (अर्थात् शहरी क्षेत्रों में जनसंख्या का प्रतिशत) 28 प्रतिशत है

### 2. सकल देशी उत्पाद (GDP) और क्षेत्रक :

- 2013 में अनुमानित चीन का सकल देशीय उत्पादन 9.24 ट्रिलीयन डॉलर था जबकि भारत और पाकिस्तान का क्रमशः 1.877 ट्रिलियन अमेरिकन डालर तथा 232.3 विलियम अमेरिकी डालर होने का अनुमान था।
- विकास प्रक्रिया के इस पथ पर इतनें वर्षों में चीन की औसत वार्षिक वृद्धि लगभग 9.5% भारत की लगभग 5.8% तथा पाकिस्तान की लगभग 4.1% रही है।
- वर्ष 2011 में चीन में लगभग 37 प्रतिशत कार्यबल कृषि में लगा हुआ था जिसका सकल देशीय उत्पाद में योगदान 9 प्रतिशत के लगभग था। भारत और पाकिस्तान मे जीडीपी में कृषि का योगदान क्रमशः 14% व 25% लगभग थौ परन्तु पाकिस्तान में इस क्षेत्रक में 43 प्रतिशत लोग कार्यरत हैं जबकि भारत में 49 प्रतिशत लोग इस क्षेत्रक (अर्थात कृषि) में संलग्न है।
- चीन में सकल देशीय उत्पाद में सर्वाधिक योगदान विनिर्माण क्षेत्र का है।

जबकि भारत और पाकिस्तान में सकल देशीय उत्पाद में सर्वाधिक योगदान (50 प्रतिशत से अधिक ) सेवा क्षेत्रक का है।

- यद्यपि चीन ने परम्परागत नीति को अपनाया जिसमें क्रमशः कृषि से विनिर्माण तथा उसके बाद सेवा क्षेत्र की ओर अवसर होने की प्रवृति थी। परन्तु भारत और पाकिस्तान सीधे कृषि क्षेत्रांक से सेवा क्षेत्रांक की ओर चले गए।,
- 1980 के दशक में भारत, चीन और पाकिस्तान में सेवा क्षेत्रांक में क्रमशः 17, 12, और 27 प्रतिशत कार्यबल लगा हुआ था। वर्ष 2011 में यह बढ़कर क्रमशः 31,37 और 35 प्रतिशत लगभग हो गया है।
- चीन की आर्थिक संवृद्धि का मुख्य आधार विनिर्माण क्षेत्रांक है जबकि भारत और पाकिस्तान की संवृद्धि का मुख्य आधार सेवा क्षेत्रांक है।

3. <u>मानव विकास संकेतक</u>

- मानव विकास के अधिकांश क्षेत्रों में चीन ने भारत और पाकिस्तान की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह बात अनेक संकेतकों के विषय में सही है, जैसे प्रति व्यक्ति जी. डी. पी. निर्धनता रेखा से नीचे की जनसंख्या का प्रतिशत तथा स्वास्थ्य संकेतक जैसे मृत्युदर, स्वच्छता, साक्षरता तक पहुंच , जीवन प्रत्याशा अथवा कुपोषण।
- पाकिस्तान गरीबी रेखा से नीचे के लोगों का अनुपात कम करने में भारत से आगे है। स्वच्छता और उत्तम जल स्रोत तक पहुंच के मामलों में इसका निष्पादन भारत से बेहतर है।
- इसके विपरीत भारत में शिक्षा में निवेश का रिकार्ड व प्रदर्शन पाकिस्तान से बेहतर है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में भी भारत पाकिस्तान से आगे है।
- भारत और पाकिस्तान उत्तम जल स्रोत उपलब्ध कराने में चीन से आगे है।

<u>निष्कर्ष</u>

**भारत** : लोकतांत्रिक संस्थाओं सहित भारत का निष्पादन साधारण रहा है। यह बात अग्रलिखित तथ्यों से स्पष्ट है :

1) अधिकांश जनसंख्या आज भी कृषि पर निर्भर है।
2) अनेक भागों में आधारिक संरचना का अभाव है।
3) आज लगभग 22% जनसंख्या निर्धनता रेखा से नीचे है जिसे ऊपर उठाने की आवश्यकता है।

**पाकिस्तान** : पाकिस्तान का निष्पादन बहुत खराब रहा है। पाकिस्तान की संवृद्धि कमी और निर्धरता में पुनः वृद्धि के कारण अग्रलिखित हैः

1) राजनीतिक अस्थिरता
2) कृषि क्षेत्रांक का अस्थिर निष्पादन
3) प्रेषणों और विदेशी अनुदानों पर अत्यधिक निर्भरता।
4) एक तरफ विदेशी ऋणों पर बढ़ती निर्भरता तो दूसरी ओर पुराने ऋणों को चुकाने में बढ़ती कठिनाई।

**चीन** : चीन का निष्पादन सर्वोतम रहा है। यह बात अग्रलिखित तथ्यों से स्पष्ट है।

1) निर्धनता निवारण के साथ– साथ संवृद्धि दर को बढ़ाने में सफलता।
2) अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता को खोये बिना, बाजार व्यवस्था का प्रयोग अतिरिक्त सामाजिक आर्थिक सुअवसरों के लिए किया है।
3) सामुदायित्व भू–स्वामित्व को कायम रखते हुए और लोगों को भूमि पर कृषि की अनुमति देकर चीन ने ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित कर दी है।
4) सामाजिक आधारिक संरचना उपलब्ध कराने में सरकारी हस्तक्षेप द्वारा मानव विकास संकेतकों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

## NCERT पुस्तक के प्रश्नों के उत्तर

**प्र.1. वे विभिन्न साधन कौन–से हैं जिनकी सहायता से देश अपनी घरेलू व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने का प्रयत्न कर रहे हैं?**

<u>उत्तर :</u> निम्नलिखित साधनों के द्वारा देश अपनी घरेलू व्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयत्न कर रहे

(क) राष्ट्र विभिन्न प्रकार का क्षेत्रीय एवं आर्थिक समूहों जैसे आसियान, सार्क, जी–8, जी–20 ब्रिक्स आदि बना रहे हैं।

(ख) राष्ट्र आर्थिक सुधार लागू कर रहे हैं और इस तरह अन्य देशों के लिए अपने देश की अर्थव्यवस्था को खोल रहे हैं।

(ग) विभिन्न राष्ट्र इस बात के लिए काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं कि वे अपने पड़ोसी राष्ट्रों दवारा अपनाई गई विकासात्मक प्रक्रियाओं को समझने की कोशिश करें। इससे उन्हें अपने पड़ोसी देशों की शक्तियों एवं कमजोरियों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी।

**प्र.2. वे समान विकासात्मक नीतियाँ कौन–सी हैं जिनका भारत और पाकिस्तान ने अपने–अपने विकासात्मक पथ के लिए पालन किया है?**

<u>उत्तर :</u> भारत और पाकिस्तान की विकासात्मक पथ की समानताओं को सारांश रूप में नीचे दिया गया है

(क) दोनों ने अपनी विकास की ओर यात्रा 1947 में एक साथ मिलती–जुलती समस्याओं जैसे विभाजन की समस्याएँ और शरणार्थियों को पनर्वासित करने की समस्या आदि के साथ शुरू किया। भारत ने अपनी प्रथम पंचवर्षीय योजना 1951 में उद्घोषित की जबकि पाकिस्तान ने 1956 में अपनी मध्यकालिक योजना की उदघोषणा की।

(ख) दोनों ने विकास के लिए मिश्रित अर्थव्यवस्था प्रणाली को अपनाया। दोनों अर्थव्यवस्थाओं में सार्वजनिक और निजि का सह–अस्तित्व रहा।

(ग) पाकिस्तान ने 1988 में भारत में आर्थिक सुधार प्रारंभ किये।

(घ) दोनों ही देशों सुधार स्वेच्छा से नही अपितु परिस्थितिजन्य दबाव के कारण किया।

**प्र.3. 1958 में प्रारंभ की गई चीन के ग्रेट लीप फॉरवर्ड अभियान की व्याख्या कीजिए।**

<u>उत्तर :</u> 1958 में चीन द्वारा श्ग्रेट लीप फॉरवर्ड नामक अभियान शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर देश का ।औद्योगिकीकरण करना था।

(क) 'ग्रेट लीप फॉरवर्ड का उद्देश्य कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था को तीव्र औद्योगिकरण के द्वारा एक आधुनिक अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करना था।

(ख) इस कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को अपने घर के पास उद्योग शुरू करने की प्रेरणा दी गई।

(ग) इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कम्यून पद्धति शुरू की गई। कम्यून पद्धति के अनुसार, लोग सामूहिक रूप से खेती करते थे। 1958 में 26000 कम्यून थे जिसमें समस्त कृषक शामिल थे।

(घ) जी.एल.एफ अभियान में काफी समस्याएँ आई जब भयंकर सूखे ने चीन में तबाही मचा दी जिसमें लगभग 30 मिलियन लोग मारे गए।

**प्र.4. चीन की तीव्र औद्योगिक संवृद्धि 1978 में उसके सुधारों के आधार पर हुई थी, क्या आप इस कथन से सहमत हैं? स्पष्ट कीजिए।**

<u>उत्तर :</u> हाँ, हम इस कथन से सहमत हैं कि चीन की तीव्र औद्योगिक संवृद्धि 1978 में उसके सुधारों के आधार पर हुई थी।

(क) चीन में सुधार चरणों में लागू किए गए। सबसे पहले कृषि, विदेशी व्यापार और निवेश क्षेत्रकों में सुधार किए गए। कृषि क्षेत्रक में कम्यून भूमि को छोटे–छोटे भूखंडों में बाँट दिया गया जिन्हें अलग अलग परिवारों में आबंटित किया गया।

(ख) फिर इन सुधारों को औद्योगिक क्षेत्रक तक फैलाया गया। निजी फर्मों को विनिर्माण इकाइयाँ लगाने की अनुमति दे दी गई। स्थानीय लोगों और सहकारिताओं को भी उत्पादन की अनुमति दे दी गई। इस अवस्था में सार्वजनिक क्षेत्रक अथवा राज्य के उद्यमों को प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा।

(ग) विदेशी निवेशकों को आकार्षित करने के 2005 में विशेष आर्थिक क्षेत्र कर स्थापना की।

**प्र.5. पाकिस्तान द्वारा अपने आर्थिक विकास के लिए किए गए विकासात्मक पहलों का उल्लेख कीजिए।**

<u>उत्तर :</u> पाकिस्तान द्वारा अपने आर्थिक विकास के लिए किए गए विकासात्मक पहलों को नीचे सारांश रूप में दिया गया है।

(क) पाकिस्तान में सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रकों के सह–अस्तित्व वाली मिश्रित अर्थव्यवस्था मॉडल का अनुसरण किया गया।

(ख) 1950 और 1960 के दशकों के अंत में पाकिस्तान के अनेक प्रकार की नियंत्रित नीतियों का प्रारूप लागू किया गया। उक्त नीति में उपभोक्ता वस्तुओं के विनिर्माण के लिए प्रशुल्क संरक्षण करना तथा प्रतिस्पर्धी आयातों पर प्रत्यक्ष आयात नियंत्रण शामिल था।

(ग) हरित क्रांति के आने से यंत्रीकरण का युग शुरू हुआ और चुनिंदा क्षेत्रों की आधारिक संरचना में सरकारी निवेश में वृद्धि हुई, जिसके फलस्वरूप खाद्यान्नों के उत्पादन में भी अंत तक वृद्धि हुई।

(घ) 1970 के दशक में पूँजीगत वस्तुओं के उदयोगों का राष्ट्रीयकरण हआ। 1970 और 1980 के दशकों के अंत में अराष्ट्रीयकरण पर जोर दिया गया है तथा निजी क्षेत्रक को प्रोत्साहित किया जा रहा था। इस अवधि के दौरान पाकिस्तान को पश्चिमी राष्ट्रों से भी वित्तीय सहायता प्राप्त हुई और मध्य पूर्व देशों को जाने वाले प्रवासियों से निरंतर पैसा मिला।

(घ) 1988 में देश में सुधार शुरू किए गए।

**प्र.6. चीन, पाकिस्तान और भारत के मुख्य जनांकिकीय संकेतकों का उल्लेख कीजिए।**

<u>उत्तर :</u> चीन द्वारा एक संतान नीति 1979 से अपनाए जाने के फलस्वरूप जनसंख्या वृद्धि दर 1979 के 1.33ः से 2005 में 0.64ः तक कम हो गया है।

**प्र. 7. मानव विकास के विभिन्न संकेतकों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर :** मानव विकास के विभिन्न संकेतक इस प्रकार हैं

(क) मानव विकास सूचकांक—इसका मूल्य जितना कम हो प्रदर्शन उतना बेहतर माना जाता है तथा इसके विपरीत।

(ख) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा—इसका उच्च मान बेहतर प्रदर्शन दर्शाता है तथा इसके विपरीत।

(ग) मातृ मृत्यु दर—एक निम्न स्तर बेहतर प्रदर्शन दर्शाता है तथा इसके विपरीत।

(घ) उत्तम जल तक धारणीय पहुँच वाली जनसंख्या (:)—एक उच्च स्तर बेहतर प्रदर्शन दर्शाता है तथा इसके विपरीत। (5 (झ) उत्तम स्वच्छता तक धारणीय पहँच वाली जनसंख्या (:)—एक उच्च स्तर बेहतर प्रदर्शन दर्शाता है

तथा इसके विपरीत। (अ) नगरों में रहने वाली जनसंख्या—इसका उच्च स्तर बेहतर प्रदर्शन दर्शाता है। छ (ट) निर्भरता अनुपात—इसका निम्न स्तर बेहतर प्रदर्शन दर्शाता है तथा इसके विपरीत।

**प्र.8. स्वतंत्रता संकेतक की परिभाषा दीजिए। स्वतंत्रता संकेतकों के कुछ उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर :** यह सामाजिक और आर्थिक निर्णय लेने में जनसंख्यिकीय भागीदारी का एक सूचक है। इसके उदाहरण इस प्रकार हैं

(क) सामाजिक व राजनैतिक निर्णय प्रक्रिया में लोकतांत्रिक भागेदारी।

(ख) नागरिकों के अधिकारों की संवैधानिक संरक्षण की सीमा।

(ग) न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए संवैधानिक संरक्षण की सीमा या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को संरक्षण देने के लिए संवैधानिक सीमा।

**प्र.9. उन विभिन्न कारकों का मूल्यांकन कीजिए जिनके आधार पर चीन में आर्थिक विकास में तीन वृद्धि (तीव्र आर्थिक विकास हुआ) हुई।**

**उत्तरः (क) जी.एल.एफ. अभियान**—1958 में एक ग्रेट लीप फॉरवर्ड अभियान शुरू किया गया जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर देश का औद्योगिकीकरण करना था। इसके अंतर्गत लोगों को अपने घर के पास उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया गया। 1958 में 26,000 कम्यून थे जिनमें प्रायः समस्त कृषक शामिल

**(ख) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति**—1965 में माओ ने महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति का आरंभ किया (1966—1976) छात्रों और विशेषज्ञों को ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने और अध्ययन करने के लिए भेजा गया।

**(ग) 1978 के आर्थिक सुधार**—संप्रति चीन में जो तेज औदयोगिक संवृद्धि हो रही है, उसकी जड़े 1978 में लागू किए गए सुधारों में खोजी जा सकती है।

**प्र. 10. भारत, चीन और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्थाओं से संबधिंत वि�षताओं को तीन शीर्षक के अंतर्गत समूहित कीजिये।**

<u>उत्तर :</u>

| | |
|---|---|
| एक संतान का नियम | निम्न प्रजानन दर |
| नगरीकरण का उच्च स्तर | मिश्रित अर्थव्यवस्था |
| अति उच्च प्रजनन दर | भारी जनसंख्या |

जनसंख्या का अत्यधिक घनृत्व विनिर्माण क्षेत्रक के कारण संवृद्धि
सेवा क्षेत्रक के कारण संवृद्धि

**1. चीन**

| | |
|---|---|
| एक संतान का नियम | निम्न प्रजनन दा |
| नगरीकरण का उच्च स्तर | भारी जनसंख्या |

विनिर्माण क्षेत्रक के कारण संवृद्धि

**2. पाकिस्तान**

| | |
|---|---|
| नगरीकरण का उच्च स्तर | मिश्रित अर्थव्यवस्था |
| अति उच्च प्रजनन दर | भारी जनसंख्या |
| जनसंख्या का अत्यधिक घनत्व | सेवा क्षेत्र के कारण संवृद्धि |

**3. भारत**

| | |
|---|---|
| मिश्रित अर्थव्यवस्था | भारी जनसंख्या |
| जनंसख्या का अत्यधिक घनत्व | सेवा क्षेत्र के कारण संवृद्धि |

**प्र. 11 पाकिस्तान में धीमी संवृद्धि तथा पुनः निर्धनता के कारण बताइए।**

<u>उत्तर :</u> पाकिस्तान में धीमी संवृद्धि तथा निर्धनता के पुनः निर्धनता के निम्नलिखित कारण बताइए

(क) कृषि संवृद्धि और खाद्य पूर्ति, तकनीकी परिवर्तन संस्थागत प्रक्रिया पर आधारित न होकर अच्छी फसल पर आधारित था। जब फसल अच्छी नहीं होती थी तो आर्थिक संकेतक नकारात्मक प्रवृत्तियाँ दर्शाते थे।

(ख) पाकिस्तान में अधिकांश विदेशी मुद्रा मध्य पूर्व में काम करने वाले पाकिस्तानी श्रमिकों की आय प्रेषण तथा अति अस्थिर कृषि उत्पादों के निर्यातों से प्राप्त होती है। (ग) विदेशी ऋणों पर निर्भर रहने की प्रवृत्ति बढ़ रही थी, तो दूसरी ओर पुराने ऋणों को चुकाने में कठिनाई बढ़ती जा रही थी।

(ग) पाकिस्तान में अधिकांश विदेशी मुद्रा मध्य पूर्व में काम करने वाले पाकिस्तानी श्रमिकों की आय प्रेषण तथा अति अस्थिर कृषि उत्पादों के निर्यातों से प्राप्त होती है। (ग) विदेशी ऋणों पर निर्भर रहने की प्रवृत्ति बढ़ रही थी, तो दूसरी ओर पुराने ऋणों को चुकाने में कठिनाई बढ़ती जा रही थी।

**प्र. 12 पिछले दो दशकों में चीन और भारत में देखी गई संवृद्धि दरों की प्रवृत्तियों पर टिप्पणी दीजिए।**

<u>उत्तर :</u> पिछले दो दशकों में चीन और भारत की संवृद्धि दरें नीचे दी गई है। 1980–2003 में सकल घरेलू उत्पाद की संवृद्धि दर

| देश | 1980—90 | 1990—03 |
|---|---|---|
| चीन | 10.3 | 9.7 |
| भारत | 5.7 | 5.8 |

(क) चीन का सकल घरेलू उत्पाद US $ ट्रिलियन के साथ विश्व में दूसरे स्थान पर है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद $ 3.3 ट्रीलियन था।
(ख) चीन की संवृद्धि दर 10.3% की दर पर दोहरे अंकों में थी जबकि भारत के लिए यह ऑकड़े 5.7% थी।

# परिशिष्ट

# अभ्यास प्रश्न पत्र–I

**कक्षा 12**

**विषय : अर्थशास्त्र**

**समय : 3 घंटा** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. सभी प्रश्न के अंक दिए गए हैं।

**खंड अ**

**1 अंक**

1. दोहरी गणना से आप क्या समझते हैं?
2. हस्तातरण भुगतान को परिभाषित काटे।
3. वस्तु विनिमय क्या है।
4. मुद्रा पूर्ति के दो घटक कौन हैं
5. LRR से आप क्या समझते हैं?

**अथवा**

रेपो दर वसे क्या तात्पर्य है?

6. प्रत्यक्ष कर क्या है? एक उदाहरण भी दें।
7. उधार पूंजीगत प्राप्तियां क्यां है?
8. निवेश गुणक क्या है?

**अथवा**

निवेश गुणांक का सूत्र बताइये

9. सीमांत बचत प्रवृत्ति क्या है?
10. सीमांत बचत प्रवृत्ति क्या है?

**3 अंक**

11. भारतीय रिजर्व बैंक ने CRR में 0.25% की मी किया। क्या यह कदम मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करेगा।

**अथवा**

बैंक अपनी कुल जमाओ का कुछ प्रतिशत ही रिजर्व के रूप में क्यों रखता है।

12. पूर्ण रोजगार की स्थिति में समग्र मांग अधिक हो तो क्या होगा चर्चा करें।

**4 अंक**

13. राष्ट्रीय आय की गणना में निम्न के साथ क्या व्यवहार करेगे–

अ–भारतीय कंपनी के शेयर के विदेशी द्वारा निवेश से प्राप्त डिविटेंट

ब–भारतीय बैंक की कनाडा में स्थित शाखा द्वारा प्राप्त लाभ

14. निम्न आंकड़ों की सहायता से साधन लागत पेर निवल मूल्य वृद्धि ज्ञान कीजिये

| | |
|---|---|
| • मूल्यह्रास। | 12 |
| • बिक्री | 200 |
| • एक्साइज डयूटी | 20 |
| • आरम्भिक स्टॉक | 15 |
| • मध्यवर्ती उपभोग | 48 |
| • अन्तिम स्टॉक | 10 |
| • कच्चे माल की खरीद | 30 |

15. सरकारी बजट के उद्देश्य के रूप में आय की असमानताओं में कमी की व्याख्या कीजिये।

**अथवा**

सरकारी बजट के किसी एक उद्देश्य की व्याख्या कीजिये।

**6 अंक**

16. विदेशी विनिमय दर के संतुलन का निर्धारण रेखाचित्र की सहायता से समझाइये।

**अथवा**

राष्ट्रीय आय में वृद्धि का विदेशी विनिमय दर पर पड़ने वाले प्रभाव की व्याख्या कीजिये।

17. अवस्फीति अन्तराल की अवधारणा को समझआते हुए इसे कम करने में खुले बाजार की क्रियाओं की भूमिका भी स्पष्ट करें।

**खण्ड ब**

**(1) एक अंक**

18. कृषि के व्यापारीकरण से क्या तात्पर्य है?

19. नई आर्थिक नीति का शुरू की गई?

20. उदारीकरण से आप क्या समझते हैं?

21. भारत में निरपेक्ष गरीबी का मापन कैसे किया जाता है?

22. हमें मानव पूंजी में निवेश की आवश्यकता क्यों है?

23. ग्रामीण विकास से आप क्या समझते हैं?

24. नौकरीरहित संवृद्धि को परिभाषित करें।

25. कम्यून प्रणाली क्या है?

26. ग्रेट लीप फॉरवर्ड से आप क्या समझते हैं?

27. पाकिस्तान में आर्थिक सुधारों की शुरुआत कब हुई?

**3 अंक**

28. ब्रिटिश शासन में धन के बहिर्गमन से क्या तात्पर्य है?

**अथवा**

स्तंत्रता के समय भारतय अर्थव्यवस्था की तीन मुख्य विशेषता ये बताइये।

29. चीन के तीव्र उद्योगीकरण में आर्थिक सुधार के सहयोग की व्याख्या करें।

**4 अंक**

30. मानव पूंजी निर्माण के लिए शैक्षिक नियोजन की आवश्यकता की व्याख्या करें।

31. कार्यबल की व्यावसायिक संरचना की व्याख्या कीजिये।

32. हमारी स्वास्थ्य प्रणाली की दो मुख्य कमियों की चर्चा कीजिये।

**अथवा**

भारत में मेडिकल पर्यटन पर टिप्पणी कीजिए।

**6 अंक**

33. भारत में पोषणीय विकास प्राप्ति के मुख्य चरणों को स्पष्ट करें।

अथवा

पर्यावरणीय संसाधनों के पूर्ति–मांग असंयोजन (विलोमता) की व्याख्या कीजिये।

34. क्या ब्रिटिश शासन द्वारा भारत में कुछ सकारात्मक योगदान भी किये गए, चर्चा कीजिए।

# अभ्यास प्रश्न पत्र–II

**कक्षा 12**

**विषय : अर्थशास्त्र**

**समय : 3 घंटा** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. सभी प्रश्न के अंक दिए गए हैं।

**खंड अ**

**1 अंक**

1. मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद से आप क्या समझते हैं?
2. पूंजीगत हानि को परिभाषित करें।
3. मुद्रा पूर्ति क्या है?
4. प्राथमिक जमा को परिभाषित करें।
5. एसएलआर से आप क्या समझते हैं?

**अथवा**

रिवर्स रेपो रेट का क्या अर्थ है?

6. अप्रत्यक्ष कर क्या है? एक उदाहरण दीजिए।
7. क्यों कर पूंजीगत प्राप्ति नहीं है?
8. आय के संतुलन स्तर से आप क्या समझते हैं?

अथवा

सीमांत उपयोग प्रवृत्ति को परिभाषित करें।

9. सीमांत बचत प्रवृत्ति का अधिकतम मूल्य क्या हो सकता है।
10. उपभोग फलन का समीकरण लिखिए।

**3 अंक**

11. रिजर्व बैंक के अंतिम ऋणदाता कार्य की व्याख्या करे।

रिजर्व बैंक के मुद्रा निर्मत कार्य की व्याख्या करें।

12. समय मांग क्या है? इसके घटक कौन–कौन हैं।

**4 अंक**

13. राष्ट्रीय आय की गणना में निम्न के साथ क्या व्यवहार किया जाएगा?

अ. शेयर की विक्री से प्राप्त आय

ब. सेकंड हैण्ड वस्तुओं की विक्री से प्राप्त आय।

14. निम्न आंकड़ों की सहायता से साधन लागत पर निवल मूल्य वृद्धि ज्ञात कीजिये

| | |
|---|---|
| ● निर्यात | 100 |
| ● अंतिम स्टॉक | 20 |
| ● आरंभिक स्टॉक | 50 |
| ● सब्सिडी | 40 |
| ● बिक्री | 800 |
| ● मूल्यह्रास | 30 |
| ● मध्यवर्ती उपभोग | 500 |

15. सरकारी बजट आय की असमानता को कैसे प्रभावित करता है, समझाइये।

**अथवा**

सरकारी बजट के किसी एक उद्देश्य की व्याख्या कीजिये।

**6 अंक**

16. विदेशी विनिमय के मूल्य में कमी का निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव की व्याख्या कीजिये

**अथवा**

घरेलू मुद्रा के मूल्य में कमी का निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव की व्याख्या कीजिये।

17. अल्प मांग क्या है, इसे ठीक करने में बैंक दर की भूमिका की व्याख्या करें।

**खण्ड ब**

**एक अंक**

18. निर्यात अधिक्य का क्या अर्थ है?
19. स्वतंत्रता के समय साक्षरता दर क्या थी?
20. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं?
21. बाजार अतिरेक क्या है?

22. मानव पूंजी निर्माण से आप क्या समझते है?

23. ऑपरेशन फ्लड क्या है?

24. आर्थिक क्रिया को परिभाषित करें।

25. चीन की दोहरी कीमत प्रणाली क्या है?

26. विशेष आर्थिक क्षेत्रा का क्या अर्थ है?

27. चीन में आर्थिक सुधार कब आरंभ हुए?

**3 अंक**

28. जैविक कृषि के क्या लाभ हैं?

**अथवा**

घोषणीय जीविका के लिए कृषि विविधता आवश्यक है क्यों?

29. अर्थव्यवस्था के लिए आधारभूत ढांचे के महत्व की चर्चा कीजिये।

**4 अंक**

30. स्वतंत्राता के समय भारतीय उद्‌योग की अवसथा स्पष्ट कीजिए।

31. लघु उद्योग की समस्याओं की व्याख्या कीजिये।

32. भारत, पाकिस्तान और चीन के मुख्य जनांकिकीय संकेतकों का उल्लेख कीजिये।

**अथवा**

भारत में निजीकरण पर टिप्पणी कीजिये।

**6 अंक**

33. भारत में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में निजि क्षेत्र की भूमिका पर चर्चा कीजिये।

**अथवा**

भारतीय ऊर्जा क्षेत्र के सम्मुख कौन कौन चुनौती है, चर्चा कीजिये।

34. भारत में गरीबी निवारण कार्यक्रमों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।

# Notes

Notes

Notes

# Notes